ओड़िशा संस्करण
www.epaper.azadsipahi.in
26 जून, 2024
आषाढ़, कृष्ण पक्ष, पंचमी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00
रांची
बुधवार, वर्ष 09, अंक 246
कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही

सेना में आदिवासी रेजीमेंट का हो गठन : चंपाई सोरेन





आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 67,400 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 94,000 रु./प्रति किलो |

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 26 जून, 2024
www.azadsipahi.in


# अर्जुन मुंडा के सामने सियासी मैदान में वापसी का चैलेंज

## ■ जमीन से कट जाने की कीमत चुका रहा है भाजपा का यह कद्दावर आदिवासी नेता

## ■ 'जाइंट किलर' आज खुद के बुने जाल में फंस कर बुरी तरह छटपटाने को मजबूर है

आजाद सिपाही विशेष

**राजनीति बेहद अनिश्चितता का पर्याय है। यहां कब किसका सितारा बुलंद होगा और कब कौन हाशिये पर चला जायेगा, कहा नहीं जा सकता। तीन बार झारखंड के मुख्यमंत्री रहे अर्जुन मुंडा इसके सबसे अच्छे उदाहरण हैं। वह झारखंड की सियासत में एक धूम्रकेतु की तरह उभरे और देखते-देखते सत्ता शीर्ष तक जा पहुंचे, लेकिन 2024 में खूंटी संसदीय सीट से चुनाव हारने के बाद अब उनका सियासी भविष्य पूरी तरह अनिश्चितता के भंवर में फंसा हुआ दिखाई देने लगा है। इससे पहले 2014 के विधानसभा चुनाव में खरसावां से पराजित होने के बाद वह न केवल झारखंड की राजनीति से, बल्कि भाजपा के भीतर भी हाशिये पर धकेल दिये गये थे, लेकिन 2019 में भाजपा ने एक बार उन पर फिर भरोसा जताया और उन्हें खूंटी से प्रत्याशी बनाया। मुंडा जीते भी और फिर नरेंद्र मोदी सरकार में मंत्री बने। झारखंड भाजपा में बड़ा आदिवासी चेहरा होने के कारण पार्टी में उनका कद बढ़ता रहा, लेकिन कभी सियासी जोड़-तोड़ में माहिर माने जानेवाले अर्जुन मुंडा अपने ही घर में बेगाने होते गये। जमीन से पूरी तरह कट जाने और अपनों को नजरअंदाज करने की कीमत उन्हें 2024 में चुकानी पड़ी। अर्जुन मुंडा आज जिस दोराहे पर खड़े हैं, उसके लिए कोई दूसरा जिम्मेदार नहीं है। झामुमो के रास्ते भाजपा में आने और सबसे कम उम्र में मुख्यमंत्री बनने का रिकॉर्ड अपने नाम करनेवाले अर्जुन मुंडा कभी कांग्रेस के विजय सिंह सोय को पराजित कर 'जाइंट किलर' बने थे, लेकिन आज यह कद्दावर नेता अपने ही बुने जाल में फंस कर बुरी तरह छटपटाने को मजबूर है। अर्जुन मुंडा के उत्थान और फिसलन की कहानी बेहद रोमांचक है और इस पर गहन शोध हो सकता है कि कैसे एक लोकप्रिय राजनीतिक शख्सियत देखते-देखते अनिश्चितता के अंधकार में खोने लगा है। अर्जुन मुंडा के इसी उत्थान और फिसलन की कहानी के साथ उनकी सियासी वापसी के रास्ते में क्या है चुनौती, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

हाल में संपन्न लोकसभा चुनाव में झारखंड में जिस एक सीट के परिणाम ने किसी को चौंकने के लिए मजबूर नहीं किया, वह था खूंटी। 2019 के संसदीय चुनाव में खूंटी सीट से अर्जुन मुंडा की जीत महज 1445 वोटों से हुई थी, लेकिन इस बार चुनाव से पहले ही उनकी संभावनाएं सवालिया घेरे में थीं। हुआ भी ऐसा ही, जब अर्जुन मुंडा करीब डेढ़ लाख वोटों के अंतर से कांग्रेस के कालीचरण मुंडा से पराजित हो गये। इसके साथ ही कभी भाजपा के इस सबसे बड़े आदिवासी चेहरे के राजनीतिक भविष्य के बारे में चर्चाएं शुरू हो गयी हैं। अर्जुन मुंडा अब क्या करेंगे, कैसे अपनी वापसी करेंगे और भाजपा उनका कैसे इस्तेमाल करेगी, ये तमाम सवाल झारखंड की फिजाओं में तैर रहे हैं। यह स्वाभाविक भी है, क्योंकि तीन बार मुख्यमंत्री और दो बार सांसद और केंद्र में मंत्री का पद संभाल चुका चुका कोई नेता इतनी जल्दी राजनीतिक बियाबान में खो जायेगा, यह सहज स्वाभाविक नहीं है।

### अर्जुन मुंडा की पृष्ठभूमि

देश भर में सबसे कम उम्र में किसी राज्य का मुख्यमंत्री बननेवाले और कभी झारखंड में भाजपा के सबसे दमदार नेता के रूप में ख्याति हासिल करनेवाले अर्जुन मुंडा राज्य की राजनीति में आज कहीं गुम से हो गये हैं। अपने राजनीतिक कौशल और समझ की बदौलत तीन बार मुख्यमंत्री का पद संभालनेवाले अर्जुन मुंडा खूंटी से चुनाव हारने के बाद से ही सीन से गायब हैं। वह न तो भाजपा में नजर आ रहे हैं और न ही झारखंड की राजनीति में उनकी कोई भूमिका दिख रही है।

### इस तरह फलक पर चमक उठे अर्जुन मुंडा

2019 में नरेंद्र मोदी सरकार में पहली बार शामिल होनेवाले अर्जुन मुंडा वर्ष 2003, 2005 और 2010 में झारखंड के मुख्यमंत्री रह चुके हैं। वर्ष 2014 में वह खरसावां विधानसभा सीट से चुनाव हार गये थे। झामुमो के प्रत्याशी दशरथ गगराई ने उन्हें हराया था। पांच वर्ष के वनवास के बाद उन्हें भाजपा ने वरिष्ठ सांसद कड़िया मुंडा की जगह खूंटी संसदीय क्षेत्र से चुनाव मैदान में उतारा। अर्जुन मुंडा के मैदान में उतरते ही यह हॉट सीट बन गयी। सबकी निगाहें इस सीट पर टिक गयी। महज 1445 वोटों से अर्जुन मुंडा कांग्रेस के कालीचरण मुंडा को हरा कर सांसद बने। झारखंड में सबसे कम अंतर से जीतने वाले सांसद अर्जुन मुंडा ही रहे।



### 27 साल में विधायक और 35 साल में बने मुख्यमंत्री

अर्जुन मुंडा 27 साल की उम्र में पहली बार विधायक बने। वर्ष 1995 में उन्होंने खरसावां विधानसभा सीट से झारखंड मुक्ति मोर्चा से चुनाव लड़ा और कांग्रेस के दबंग नेताओं में शुमार रहे विजय सिंह सोय को हरा कर पहली बार विधायक बने। वर्ष 2000 में अर्जुन मुंडा भाजपा में शामिल हो गये। 35 साल की उम्र में 2003 में झारखंड के दूसरे मुख्यमंत्री बने। बतौर भाजपा प्रत्याशी, 2000 और 2005 के चुनावों में भी उन्होंने खरसावां से जीत हासिल की। वर्ष 2000 में अलग झारखंड राज्य का गठन होने के बाद अर्जुन मुंडा बाबूलाल मरांडी की कैबिनेट में समाज कल्याण मंत्री बनाये गये। वर्ष 2003 में समरेश सिंह, लालचंद महतो, मधु सिंह सरीखे नेताओं के विरोध के कारण बाबूलाल मरांडी को मुख्यमंत्री के पद से हटना पड़ा और राज्य की कमान 18 मार्च 2003 को अर्जुन मुंडा को पहली बार सौंपी गयी। इसके बाद 12 मार्च 2005 को दोबारा उन्होंने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली, लेकिन निर्दलीयों से समर्थन नहीं जुटा पाने के कारण उन्हें 14 मार्च 2006 को त्यागपत्र देना पड़ा। वर्ष 2009 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने उन्हें जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र से उम्मीदवार बनाया। उन्होंने लगभग दो लाख मतों के अंतर से जीत हासिल की। 11 सितंबर 2010 को वह तीसरी बार झारखंड के मुख्यमंत्री बने। उस समय तक अर्जुन मुंडा झारखंड में ही नहीं, पूरे देश में बड़े आदिवासी नेता के रूप में चर्चित हो गये थे। सियासी मैदान में उन्हें जोड़-तोड़ का माहिर खिलाड़ी कहा जाता था और झारखंड में भाजपा के विस्तार में उन्होंने अहम भूमिका निभायी।

### ऐसे गिरने लगा अर्जुन मुंडा का ग्राफ

इसके बाद आया 2014, जब अर्जुन मुंडा खरसावां विधानसभा सीट से चुनाव हार गये और इसके साथ ही वह राजनीति के हाशिये पर धकेल दिये गये। यह अर्जुन मुंडा ही थे, जिनकी बदौलत भाजपा ने 2014 में 37 सीटों पर जीत हासिल की, जबकि उसकी सहयोगी आजसू को पांच सीटें मिली थीं। भाजपा ने सरकार बनायी और भाजपा ने बड़ा सियासी प्रयोग रघुवर दास को सीएम बना कर किया। उस अवधि में अर्जुन मुंडा किसी अछूत की तरह अलग-थलग रहे। तब कहा जाने लगा था कि अर्जुन मुंडा की पारी खत्म हो गयी है। लेकिन 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने उन्हें खूंटी संसदीय सीट से मैदान में उतारा। अर्जुन मुंडा ने पार्टी आलाकमान के भरोसे को कायम रखा और पार्टी के एक खेमे के असहयोग के बावजूद चुनाव जीतने में सफल रहे। यह तथ्य सार्वजनिक है कि अर्जुन मुंडा के रास्ते में भाजपा के कई बड़े नेता लगातार रोड़े अटकाते रहे। यहां तक कि चुनाव में पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं को खूंटी जाने से भी मना कर दिया गया था। इसके बावजूद अर्जुन मुंडा ने जीत हासिल की और बाद में केंद्रीय कैबिनेट में शामिल हुए।

### सलाहकारों ने दूर कर दिया अपनों से

अर्जुन मुंडा के सियासी करियर का ग्राफ उनके तीसरी बार मुख्यमंत्री बनने के साथ ही गिरने लगा था। कभी बेहद लोकप्रिय और आम लोगों से रिश्ता बनाने में माहिर अर्जुन मुंडा को ऐसे लोगों ने घेर लिया, जो न तो आम लोगों की भावनाएं समझते थे और न ही उस वर्ग से आते थे, जिसका प्रतिनिधित्व अर्जुन मुंडा करते थे। इसका परिणाम यह हुआ कि अर्जुन मुंडा धीरे-धीरे लोगों से कटने लगे। जो अर्जुन मुंडा मुख्यमंत्री रहते किसी भी परिचित के घर अचानक पहुंच जाया करते थे, जब कभी भी फोन घुमा कर हाल चाल लेते थे, धीरे-धीरे लोगों से दूर होते गये। सफेद लक-दक कपड़ों, सोने के मोटे-मोटे चेन और लग्जरी गाड़ियों वाले सहयोगियों ने सहज-सरल अर्जुन मुंडा को गोल्फ कल्चर में फंसा दिया। पद से हटने के बाद भी अर्जुन मुंडा ने उस दौर को वापस लाने की कोशिश की, लेकिन तब तक देर हो चुकी थी।

फिर 2019 में पहले सांसद और फिर मंत्री बनने के बाद अर्जुन मुंडा का वह दौर वापस नहीं आ सका। उनके साथ वैसे लोग थे, जिन्हें न तो आम लोगों से कोई मतलब था और न ही पार्टी कार्यकर्ताओं से। इन लोगों से घिर कर अर्जुन मुंडा भी जमीन से कटते गये और नतीजा आज सामने है।

भाजपा के लिए बड़ा चेहरा रहे अर्जुन मुंडा कभी एक समुदाय या जातीय समूह के नेता नहीं रहे। उनकी लोकप्रियता और जनाधार के पीछे उनकी यही समझदारी है। मुख्यमंत्री के रूप में उन्होंने झारखंड में हमेशा भाजपा के किले को न केवल सुरक्षित रखा, बल्कि झारखंड को विकास के रास्ते पर आगे ले जाने में अपनी कुशलता का परिचय भी दिया। लेकिन इसे विडंबना ही कहा जा सकता है कि उसी अर्जुन मुंडा धीरे-धीरे अपनी जमीन से कटते गये।

अर्जुन मुंडा के बारे में कहा जाता है कि वह हमेशा दूर की राजनीति करते हैं। वह मानते हैं कि एक दिन उनका भी समय आयेगा और तब वह एक बार फिर झारखंड की राजनीति में सक्रिय भूमिका निभायेंगे। वह उस समय के इंतजार में हैं, क्योंकि जल्दबाजी में वह कोई कदम नहीं उठाते। दूसरी बार चुनावी पराजय के बाद उनके सामने खुद को झारखंड की राजनीति में वापस लाने का चैलेंज है। अर्जुन मुंडा को सबसे पहले अपनी राजनीतिक जमीन तलाशनी होगी। कोई भी नेता तभी किसी ऊंचाई को छू सकता है, जब उसके पास अपनी राजनीतिक जमीन हो। उस जमीन को उर्वर बनाने के लिए उसे लोगों के बीच रहना होगा। कार्यकर्ताओं के सुख दुख में साथ निभाना होगा। उम्मीद की जानी चाहिए कि अर्जुन मुंडा इतनी जल्दी हार नहीं मानेंगे और अपनी खोयी जमीन को वापस पाने के लिए अथक परिश्रम करेंगे।

---

# हम रामलला को बारिश में भीगते नहीं देख सकते क्योंकि उनका तीर-धनुष हमारे पास है : सुप्रियो

- पहली ही बारिश में राममंदिर की छत से टपक रहा पानी
- भाजपा का भ्रष्टाचार हुआ उजागर, रामपथ का निर्माण और रेलवे स्टेशन की बाउंड्री ढह गयी
- भाजपा के लिए भ्रष्टाचार ईश्वर से भी अधिक प्राथमिकता वाली चीज है

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जेएमएम महासचिव और राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि हम रामलला को बारिश में भीगते नहीं देख सकते, क्योंकि उनका तीर-धनुष हमारे पास है। सुप्रियो ने प्रेस वार्ता कर कहा कि पहली ही बारिश में अयोध्या में बने राम मंदिर की छत से पानी चूना शुरू हो गया। इस बात की पुष्टि किसी बाहर के आदमी ने नहीं, बल्कि मंदिर के महंत सत्येंद्र दास ने की। उन्होंने कहा कि मंदिर की छत से पानी टपक रहा है और गर्भगृह से इसकी निकासी की जगह नहीं है। सुप्रियो ने याद दिलाया कि शंकराचार्य पहले ही आधा बने मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा करने से मना कर चुके थे। इस बहाने सुप्रियो ने पीएम नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा, पीएम खुद को अवतार बता चुके हैं। उनका मानना है कि वे राम को कहीं भी ले जा सकते हैं। लेकिन उनकी जल्दबाजी की कथा और परिणाम सबके सामने है। सुप्रियो ने कहा, केवल गर्भगृह नहीं, जिस रामपथ का निर्माण किया गया वो भी पहली बारिश में ढह गया। कहा वो रेलवे स्टेशन जहां बड़ी संख्या में रामभक्त यात्री जाते हैं, उसकी चहारदीवारी भी गिर गयी। कहा, ये है भारतीय जनता पार्टी के भ्रष्टाचार का नायाब उदाहरण। कहा, बीजेपी ने ईश्वर को भी नहीं छोड़ा। इनके लिए भ्रष्टाचार ईश्वर से भी अधिक प्राथमिकता वाली चीज है।



**निर्माण में सक्रिय रही गुजरात लॉबी :** सुप्रियो ने कहा, बीजेपी के लोग राम के नाम पर वोट मांगते हैं। लेकिन राम मंदिर के निर्माण के मामले में जमीन खरीद में लूट हुई। ये सभी बातें भी जनता के सामने आयी हैं। जेएमएम नेता ने कहा, लोगों की आस्था के साथ खिलवाड़ किया गया। कहा ये भी याद रखिये कि अभी बारिश का मौसम पूरी तरह से नहीं आया है। अभी पूरा मानसून बाकी है। जब मानसून आयेगा तो क्या स्थिति होगी, क्या भयावह रूप होगा, इसकी कल्पना सब लोग करें। कहा, ये यानी बीजेपी के लोग भ्रष्टाचार पर बहुत भाषण देते हैं। लेकिन अभी तक बीजेपी के एक भी नेता ने ये स्वीकार नहीं किया कि राम मंदिर का निर्माण घटिया तरीके से हुआ है। इसमें पैसे खाये गये। आरोप लगाया कि गुजरात लॉबी ने वहां काम किया। बाकी निर्माण का भी यही हाल है। ये है भारतीय जनता पार्टी की सच्चाई।

### आस्था में भ्रष्टाचार की मिलावट

सुप्रियो ने कहा, अयोध्या फैजाबाद के लोगों ने इस संदेश को चुनाव के दौरान पहले ही बता दिया था। जेएमएम नेता ने कहा, बीजेपी की लूट का असर भी इसी तरह से पड़ा है। कहा राम के लंका गमन के रास्ते में पड़ने वाली किसी भी सीट पर बीजेपी को जीत नहीं मिली है। कहा, वे चित्रकूट से लेकर रामेश्वरम तक, सात लोकसभा सीटों पर हार गये। ये बताता है कि प्रभु श्रीराम का जो दुरुपयोग करेगा, उसका प्रतिफल उसको मिलेगा। कहा कि हम लोग आज बहुत आहत हैं इस बात से। क्योंकि जो सच्चा राम भक्त है, वो कतई नहीं चाहता है कि उसकी आस्था में भ्रष्टाचार की मिलावट हो। कहा, हम अपने राम लला को बारिश में भीगने नहीं देंगे। क्योंकि उनका जो धनुष बाण है वो हमारे साथ है।

---

झामुमो की प्रेस वार्ता पर भाजपा का पलटवार

# आखिर प्रभु श्रीराम की याद आ ही गयी: प्रतुल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने झारखंड मुक्ति मोर्चा की प्रेस वार्ता पर पलटवार करते हुए इंडी गठबंधन को रामद्रोही करार दिया। प्रतुल ने कहा कि सितंबर 2007 में यूपीए की सरकार ने सर्वोच्च न्यायालय में एफिडेविट करके रामलला के अस्तित्व को नकारा था और रामायण को काल्पनिक ग्रंथ बताया था। यूपीए के कार्यकाल में लंबे समय तक प्रभु श्रीराम टेंट में विराजमान रहे थे। प्रभु श्रीराम के मंदिर के उद्घाटन समारोह के न्योता को जिस इंडी गठबंधन के लोगों ने ठुकराया हो, आज उन्हें प्रभु श्रीराम याद आ रहे हैं। प्रभु श्रीराम उनके लिए आज तक कभी आस्था के प्रतीक नहीं रहे। कभी नहीं रहे। प्रतुल ने कहा, राम मंदिर में जल रिसाव की बात चार दिन पुरानी है। झामुमो को ये आज ज्ञान हुआ। राम मंदिर निर्माण समिति के आधिकारिक प्रवक्ता ने बयान देकर स्पष्ट किया कि नाली में अवरोध की समस्या के कारण पानी का जमाव हो गया था, जिसे तीन घंटे के भीतर ठीक कर लिया गया। प्रतुल ने कहा, झामुमो बिना तथ्यों की तहकीकात किये हुए अनर्गल बयानबाजी कर रहा है। प्रतुल ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा को बताना चाहिए कि उनके दल से जुड़े एक पूर्व मुख्यमंत्री ने मोरहाबादी में रावण दहन कार्यक्रम में जाने से क्यों इंकार कर दिया था? क्या उस कार्यक्रम में नहीं जाना प्रभु श्रीराम का अपमान नहीं था? उन्होंने ऐसा कर के 140 करोड़ देशवासियों की भावनाओं को आहत किया था। प्रतुल ने कहा ये लोग सुविधा की राजनीति करते हैं। कभी उनके लिए रावण श्रेष्ठ हो जाता है, तो कभी मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम याद आ जाते हैं। प्रतुल ने कहा, दरअसल इस सरकार ने बालू घोटाला, कोयला घोटाला, पत्थर घोटाला, जमीन घोटाला, ट्रांसफर पोस्टिंग घोटाला, नौकरी घोटाला जैसे घोटाले किये हैं। इनका पाप का घड़ा भर गया है। अब ये प्रभु श्रीराम की शरण में जो जाने का नाटक कर रहे हैं, यह सिर्फ अपने भ्रष्टाचार से ध्यान हटाने की कवायद है। लेकिन उनके पाप इतने हो गये हैं कि शायद प्रभु श्रीराम भी माफ ना करें। कार सेवा का संकल्प लेने की बात करने से पहले अच्छा होता झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता पहले एक बार प्रभु श्रीराम का दर्शन तो कर लेते।



---

# जमीन दलाल कमलेश को इडी ने भेजा समन, 28 को बुलाया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जमीन घोटाले मामले की जांच कर रही इडी ने कमलेश कुमार को समन भेजा है। रांची स्थित जोनल कार्यालय में 28 जून को उपस्थित होने को कहा है। जमीन करोबारी शेखर कुशवाहा की निशानदेही पर 21 जून को कमलेश के ठिकाने पर इडी ने छापेमारी कर एक करोड़ नगद और 100 कारतूस बरामद किये थे।

शेखर ने पूछताछ के दौरान इडी के अधिकारियों के सामने स्वीकार किया था कि उसने रांची के ही एक अन्य जमीन दलाल कमलेश के साथ मिल कर फर्जी दस्तावेज की मदद से कांके रोड स्थित कई प्लॉट की खरीद-बिक्री की थी।



---

# आज से 6 जुलाई तक आजसू का राज्यभर में हल्ला बोल कार्यक्रम

- हल्ला बोल कार्यक्रम के माध्यम से हम जनता की आवाज बनेंगे : डॉ. देवशरण भगत

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** आजसू पार्टी राज्य के सभी 260 प्रखंडों और 51 नगर इकाइयों में हल्ला बोल कार्यक्रम का आयोजन करेगी। हल्ला बोल कार्यक्रम का आयोजन 26 जून से 6 जुलाई तक होगा। इस कार्यक्रम के माध्यम से सरकारी कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार, महिला उत्पीड़न, बिजली आपूर्ति में अनियमितता, मनरेगा मजदूरों को मजदूरी न मिलना, पलायन, मानव तस्करी, प्रशासनिक उदासीनता समेत जनमानस को आ रही अन्य समस्याओं के खिलाफ नगर आयुक्त और विकास प्रखंड पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपा जायेगा। उक्त जानकारी पार्टी के केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ. देवशरण भगत ने केंद्रीय कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए दी। उन्होंने बताया कि हल्ला बोल कार्यक्रम के माध्यम से आजसू पार्टी राज्यवासियों की आवाज बनेगी। आज सरकारी कार्यलयों में जरूरमंद लोगों का काम नहीं हो रहा है। काम सिर्फ उनका हो रहा है जिनके पास पैसे हैं। गरीबों को अपने छोटे से काम के लिए कई दिनों तक कार्यालय के चक्कर लगाने पड़ते हैं और वहीं दूसरी ओर जिनके पास पैसे हैं उनका हर काम आसानी से हो जाता है।



### 30 जून को पूरे राज्य में हूल दिवस मनायेगी आजसू

अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ विद्रोह के प्रतीक हूल दिवस पर सभी जिला एवं प्रखंड में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जायेगा। अमर शहीद सिदो-कान्हू, चांद-भैरव, फूलो-झानो व अन्य क्रांतिकारी सपूतों को पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे तथा संताल विद्रोह के महानायकों की संघर्ष गाथा पर प्रकाश डालेंगे। प्रेसवार्ता में केंद्रीय महासचिव विजय साहू तथा वरीय नेता नवीन कुमार भी उपस्थित थे।

www.epaper.azadsipahi.in

26 जून, 2024
आषाढ़, कृष्ण पक्ष, पंचमी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
बुधवार, वर्ष 09, अंक 246

Wild Waadi
An Entertainment Hub
WILD WAADI
An Entertainment Hub
INR 300 Mon - Fri
INR 400 Sat-Sun & Holiday
BOOK NOW :- 9304816880
Water Park | Trampoline Park
Bird Park | Night Light Park & More

FLORENCE
Group of Institutions
(A Unit of Haji Abdur Razzaque Educational Society)
Irba, Ranchi-835219,Jharkhand
Admission OPEN 2024-25
PLACEMENT Assistance Scholarship Facility Available
PHARMACY D-PHARM
NURSING ANM GNM POST BASIC B.SC. BASIC B.SC. M.SC.
PARAMEDICAL DRESSERS DMLT ECG X-RAY OPHTHALMIC ASST. OT ASSISTANT
Separate Hostel For Boys & Girls
M.: 9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail : fsnirba@gmail.com
Website : www.florenceinstirba.com

2,3 BHK FLAT AVAILABLE
FOR SALE
At Bootymore & Tatisilwai
(Residential & Commercial)
On Road, Project Near & Smart Point Booty More, Ranchi
Contact Now
8521980977

## मुख्यमंत्री ने सैन्य अधिकारियों को अपनी भावना से कराया अवगत

# सेना में आदिवासी रेजीमेंट का हो गठन : चंपाई सोरेन

- मुख्यमंत्री से भारतीय सेना के जनरल ऑफिसर, कमांडिंग-इन-चीफ, इस्टर्न कमांड और लेफ्टिनेंट जनरल रामचंद्र तिवारी ने की मुलाकात



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से मंगलवार को भारतीय सेना के जनरल ऑफिसर, कमांडिंग-इन-चीफ, इस्टर्न कमांड और लेफ्टिनेंट जनरल रामचंद्र तिवारी ने शिष्टाचार भेंट की। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने जाट रेजीमेंट, बिहार रेजीमेंट, पंजाब रेजीमेंट, सिख रेजीमेंट और मद्रास रेजीमेंट आदि की तर्ज पर आदिवासी रेजीमेंट बनाने से संबंधित अपनी भावना से अवगत कराया।

उन्होंने कहा कि आदिवासी रेजीमेंट के गठन से देश भर के आदिवासियों को सेना में अलग पहचान भी मिलेगी। इस मौके पर मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, लेफ्टिनेंट जनरल राजेंद्र पुरी, मुख्यमंत्री के सचिव अरवा राजकमल, मेजर जनरल परमवीर सिंह डागर, कर्नल वीएस आडकर और मेजर जनरल एमपी सिंह मौजूद थे।

**आदिवासियों को आगे लाने की करें पहल:** मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय सेना में झारखंड के आदिवासी युवा अपनी सेवा देते आ रहे हैं। फौज बहाली में यहां के आदिवासियों को और ज्यादा से ज्यादा अवसर प्राप्त हो, इसमें सेना आदिवासियों को आगे लाने की दिशा में पहल करे। लेफ्टिनेंट जनरल रामचंद्र तिवारी ने मुख्यमंत्री को भरोसा दिलाया कि इस दिशा में सेना की स्थानीय जीओसी के माध्यम से आदिवासियों को सेना बहाली के योग्य तैयार करने के लिए प्रशिक्षण समेत अन्य सभी सहयोग किया जायेगा।

### इकोलॉजिकल टेरिटोरियल आर्मी बनाने में सरकार करेगी मदद

लेफ्टिनेंट जनरल रामचंद्र तिवारी ने झारखंड में भी पर्यावरण संरक्षण के दृष्टिकोण से इकोलॉजिकल टेरिटोरियल आर्मी के गठन का प्रस्ताव रखा। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इस मामले में सेना द्वारा प्रस्ताव मिलने पर सरकार पूरा सहयोग करेगी। ज्ञातव्य है कि सेना के इकोलॉजिकल टेरिटोरियल आर्मी में भूतपूर्व सैनिक होते हैं, जो पर्यावरण के लिए कार्य करते हैं। झारखंड में इकोलॉजिकल टेरिटोरियल आर्मी के गठन से पर्यावरण संरक्षण की मुहिम में सेना भी बड़े स्तर पर अपना योगदान कर सकेगी। खासकर इस राज्य के भौगोलिक परिवेश को देखते हुए जंगलों और खनन क्षेत्र में वृक्षारोपण और अन्य माध्यमों से पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा।

### लेफ्टिनेंट जनरल तिवारी ने सीएम का जताया आभार

लेफ्टिनेंट जनरल रामचंद्र तिवारी ने डुरंड कप फुटबॉल प्रतियोगिता के आयोजन में राज्य सरकार द्वारा किये जा रहे सहयोग के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया। उन्होंने बताया कि डुरंड कप ( प्रेसिडेंट कप) एशिया की सबसे पुरानी और विश्व की दूसरी सबसे पुरानी फुटबॉल प्रतियोगिता है। इस बार जमशेदपुर की मेजबानी में इस प्रतियोगिता का आयोजन होना है, जिसमें राज्य सरकार हर स्तर पर सहयोग कर रही है।

## पीएम ने आपातकाल को लेकर सोशल मीडिया पर किया पोस्ट

# इमरजेंसी लगाने वाले संविधान पर प्यार न जतायें : नरेंद्र मोदी

चिदंबरम बोले, इस बार दूसरी इमरजेंसी से बचने के लिए जनता ने वोट किया



आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** इमरजेंसी की मंगलवार को 49वीं बरसी थी। इससे एक दिन पहले 18वीं लोकसभा के पहले सत्र में विपक्षी सांसदों ने संविधान की कॉपी लेकर शपथ ली थी। इसे लेकर प्रधानमंत्री ने कांग्रेस की आलोचना की। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में लिखा कि इमरजेंसी लगाने वालों को संविधान पर प्यार जताने का अधिकार नहीं है। प्रधानमंत्री ने एक के बाद एक चार पोस्ट किये। उन्होंने कहा, जिस मानसिकता की वजह से इमरजेंसी लगायी गयी, वह आज भी इस पार्टी में जिंदा है।

प्रधानमंत्री के पोस्ट पर कांग्रेस नेता पी चिदंबरम ने कहा कि देश को दूसरी इमरजेंसी से बचाने के लिए जनता ने इस बार वोट किया है। हमारे संविधान ने ही जनता को आने वाली एक और इमरजेंसी रोकने की याद दिलायी है। उन्होंने कहा कि जनता ने इस लोकसभा चुनाव में भाजपा के मंसूबों को कम करने के लिए वोट किया है। जनता ने इस तरह का मतदान कर कहा है कि कोई भी शासक संविधान के मूल ढांचे को नहीं बदल सकता है। भारत एक लोकतांत्रिक और धर्मनिरपेक्ष देश बना रहेगा।

# स्पीकर के लिए कांग्रेस प्रत्याशी सुरेश के नाम पर टीएमसी भड़की

## पवार ने चुनाव नहीं कराने की दी नसीहत

लोकसभा अध्यक्ष पद को लेकर एनडीए और विपक्षी इंडिया ब्लॉक के बीच आम सहमति नहीं, आज चुनाव

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** लोकसभा अध्यक्ष पद को लेकर एनडीए और विपक्षी इंडिया ब्लॉक के बीच आम सहमति नहीं बनने के बाद दोनों गठबंधनों ने अलग-अलग उम्मीदवार मैदान में उतारे हैं। अब 26 जून को लोकसभा की कार्यवाही शुरू होने के साथ प्रोटेम स्पीकर अगले अध्यक्ष का चुनाव करने के लिए मतदान कराएयेंगे। एनडीए ने राजस्थान के कोटा से तीन बार के सांसद ओम बिरला को प्रत्याशी बनाया है, वहीं कांग्रेस ने केरल के मवेलीकारा से आठ बार के सांसद कोडिकुन्निल के सुरेश को उम्मीदवार बनाया है। दोनों ने मंगलवार को लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए अपना नामांकन दाखिल कर दिया है। कांग्रेस द्वारा उम्मीदवार दिये जाने के साथ ही इंडिया गठबंधन में दरार आ गयी है। तृणमूल कांग्रेस नेता ममता बनर्जी ने नाराजगी जातयी है, तो एनसीपी (एससीपी) के प्रमुख शरद पवार ने चुनाव नहीं कराने की नसीहत दी है। ममता बनर्जी के सांसद भतीजे अभिषेक ने इस पर अलग स्टैंड लेने के संकेत दिये। उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा कि यह एकतरफा फैसला है। उन्होंने कहा कि हमसे इस बारे में कोई संपर्क नहीं किया गया। इसके बारे में कोई चर्चा नहीं की गयी। दुर्भाग्य से यह एकतरफा फैसला लिया गया है। वहीं, शरद पवार ने कहा कि इंडिया गठबंधन के नेताओं के साथ बातचीत हुई है। उसमें मैंने यह सुझाव दिया है कि आप सरकार में बैठे लोगों को अध्यक्ष का पद चुनाव निर्विरोध कराने दीजिए। स्पीकर का पद निर्विरोध हो, इसमें हमारी सहमति है। यह संदेश सरकार को दीजिए। साथ ही साथ मैंने यह सुझाव दिया कि डिप्टी स्पीकर का पद विपक्ष को मिलना चाहिए। उधर, कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि पार्टी अध्यक्ष के पास स्पीकर के समर्थन के लिए राजनाथ सिंह का फोन आया था। विपक्ष ने साफ कहा है कि हम स्पीकर को समर्थन देंगे, लेकिन विपक्ष को डिप्टी स्पीकर का पद मिलना चाहिए। राजनाथ सिंह ने दोबारा फोन करने की बात कही थी, हालांकि कॉल नहीं आया।

## न्यूज रील्स

### उत्तरप्रदेश में पेपर लीक किया तो उम्रकैद तक होगी

लखनऊ। उत्तरप्रदेश में पेपर लीक को लेकर योगी सरकार कैबिनेट ने मंगलवार को पेपर लीक अध्यादेश को मंजूरी दे दी। इसमें एक करोड़ रुपये तक का जुर्माना और उम्रकैद तक की सजा का प्रावधान है। अब इसे मंजूरी के लिए राज्यपाल के पास भेजा जायेगा। राज्यपाल के अनुमोदन के बाद अध्यादेश लागू हो जायेगा।

### हाइकोर्ट ने केजरीवाल की जमानत रद्द कर दी

नयी दिल्ली। दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल अभी जेल में ही रहेंगे। हाइकोर्ट ने दिल्ली शराब घोटाले से जुड़े मनी लांड्रिंग केस में मंगलवार को जमानत देने से इनकार कर दिया। अदालत ने कहा कि दलीलों पर सही ढंग से बहस नहीं हुई थी, इसलिए राउज एवेन्यू कोर्ट के फैसले को रद्द करते हैं। ऐसा लगता है कि केजरीवाल को जमानत देते समय विवेक का इस्तेमाल नहीं किया गया।

# सीएम ने दो विभागों की उच्चस्तरीय समीक्षा की

*आजाद सिपाही संवाददाता*

***रांची।*** *मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने विभागों की उच्चस्तरीय समीक्षा का सिलसिला जारी रखते हुए मंगलवार को दो विभागों की समीक्षा की और अधिकारियों को कई निर्देश दिये। इनमें खाद्य, आपूर्ति और स्वास्थ्य विभाग शामिल हैं। इन बैठकों में विभागीय मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव और बन्ना गुप्ता के अलावा मुख्य सचिव एल खियांग्ते, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, विभागीय सचिव और अधिकारी समेत कई अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।*

### खाद्य, आपूर्ति विभाग: रसोई गैस सब्सिडी योजना के लाभुकों के चयन का मानक जल्द तय करें



मुख्यमंत्री ने रसोई गैस सब्सिडी योजना के लाभुकों के चयन का मानक जल्द तय करने का निर्देश अधिकारियों को दिया। सीएम ने खाद्य सुरक्षा योजना का दायरा बढ़ाने की पहल करने और हरा राशन कार्ड जारी करने के लक्ष्य को बढ़ाने को कहा। उन्होंने मुख्यमंत्री सपोर्ट योजना के गाइडलाइन को सरल बनाने, दाल-भात केंद्रों को सुदृढ़ बनाने और सोना-सोबरन धोती-साड़ी वितरण योजना के तहत दिये जाने वाले धोती/लूंगी और साड़ी की क्वालिटी अच्छी कर उसका पैकेट बनाने का निर्देश भी दिया।

### स्वास्थ्य विभाग: लोगों के इलाज की नयी योजना शुरू करेगी राज्य सरकार

मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान कहा कि राज्य का कोई भी गरीब व्यक्ति इलाज से वंचित ना रहे, इसके लिए सरकार एक नयी योजना शुरू करने जा रही है। इस योजना के तहत आयुष्मान कार्ड से वंचित राशन कार्ड धारी सभी व्यक्ति को 15 लाख तक की इलाज की सुविधा मिलेगी। इस योजना को जल्द से जल्द शुरू करने की सभी प्रक्रियाएं जल्द पूरी करने का निर्देश उन्होंने दिया। उन्होंने राज्य के सभी स्वास्थ्य उप केंद्रों को बेहतर बनाने, नर्सिंग स्कूलों और कॉलेज की कैपेसिटी बढ़ाने, पीपीपी मोड पर मेडिकल कॉलेज खोलने के लिए निवेशकों को आमंत्रित करने, सभी अस्पतालों में एक ही भवन में ओपीडी और चिकित्सा जांच की सुविधा उपलब्ध करने समेत कई अन्य निर्देश दिये।

Deals in :
All types of CP Bath fitting, Pumps, Sanitaryware, Pipes & fitting
YASH ENTERPRISES
J.J. Road, Beside, Deepak Trading, Upper Bazar, Ranchi-01
Ratan Prasad
Mob. : 9835901322, 9709082614

## कांग्रेस प्रदेश प्रभारी अचानक दिल्ली से पहुंचे रांची

# मीर ने कल्पना के साथ जेल में हेमंत से की मुलाकात

राजनीतिक गलियारे में मंत्री पद और आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर चर्चा होने की बात

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** लोकसभा चुनाव समाप्त हो चुका है। राजनीतिक दल अब राज्य में नवंबर-दिसंबर में होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुट गये हैं। लोकसभा चुनाव की समीक्षा और आगे की रणनीति बनने लगी है। एक दिन पहले भाजपा के चुनाव प्रभारी ने रांची में बैठक की, तो मंगलवार को अचानक कांग्रेस प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर दिल्ली से रांची पहुंच गये। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी सह गांडेय की विधायक कल्पना सोरेन के साथ वह होटवार जेल पहुंचे। वहां, हेमंत सोरेन से मुलाकात की। इसके तत्काल बाद वह दिल्ली लौट गये। इसे लेकर राजनीतिक गलियारे में चर्चा शुरू हो गयी है। माना जा रहा है, जल्द ही राज्य सरकार में खाली पड़े मंत्रियों के पद भरे जायेंगे। इसी को लेकर मीर जेल में हेमंत सोरेन से मिलने गये थे। उनसे मिलने के बाद मीर दिल्ली लौट गये।

**दिल्ली में हैं प्रदेश के सभी नेता:** मीर रांची क्यों आये थे? हेमंत के साथ उनकी क्या बात हुई? इस बारे में आधिकारिक रूप से फिलहाल कुछ नहीं बताया गया है। हालांकि इस मुलाकात को बेहद खास बताया जा रहा है। इसकी वजह भी है। दरअसल, झारखंड कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश ठाकुर समेत तमाम बड़े पदाधिकारी दिल्ली में हैं। वहां राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर बैठक भी हुई है। इसी बीच कांग्रेस प्रभारी का रांची आकर हेमंत से मुलाकात के कई मायने निकाले जा रहे हैं।



### कांग्रेस कोटे का मंत्री पद है खाली

उधर, विधायक आलमगीर आलम की गिरफ्तारी के बाद से कांग्रेस कोटे का मंत्री पद खाली है। चर्चा है कि कांग्रेस ने नये विधायक को यह पद सौंपने की तैयारी कर ली है। पार्टी आलाकमान ने नाम भी तय कर लिया है। जल्द ही इसकी घोषणा होगी। संभव है कि बारहवां मंत्री पद भी भर दिया जाये। यह संभवतः झामुमो को मिलेगा। साथ ही आगामी विधानसभा चुनाव में गठबंधन के बीच सीटों का बंटवारा, किन मुद्दों पर चुनाव लड़ा जायेगा, इन तमाम बातों पर भी कांग्रेस की बैठक में चर्चा हुई थी। कांग्रेस प्रभारी मीर इन्हीं बातों से अवगत कराने और इन पर चर्चा करने के लिए हेमंत सोरेन से मिलने के लिए आये थे।

### क्या कहा कांग्रेस प्रदेश प्रभारी ने

कांग्रेस प्रभारी के रांची आगमन की सूचना गुप्त रखी गयी थी। पार्टी की ओर से इस बारे में कोई सूचना नहीं दी गयी थी। दिल्ली लौटते वक्त मीडिया ने उनसे अचानक रांची आने के बारे में पूछा। मीर ने सिर्फ इतना कहा कि बहुत जल्द मंत्री के नाम की घोषणा होगी। मुलाकात के दौरान सीट शेयरिंग को लेकर भी चर्चा हुई है।

## पीड़ित परिवार से मिले बगोदर विधायक



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** दो दिन पहले बाघीटांड़ में हुई गोलीबारी मामले में दो लोगों की हत्या के मामले में पीड़ित परिवार से बगोदर विधायक कॉमरेड विनोद कुमार सिंह ने मुलाकात की। बता दें कि शनिवार की रात अपराधियों ने जलवाबाद में रहने वाले और होटल व्यवसाय से जुड़े नसीम एराकी और अंजार आलम की हत्या कर दी थी। हालांकि मामले में 6 आरोपी को घटना के बाद गिरफ्तार कर लिया गया था। इधर बगोदर विधायक विनोद सिंह ने सोमवार को मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से मुलाकात कर पीड़ित परिवार को सरकारी सहायता देने की मांग की। रांची से लौटने के दौरान देर शाम जलवाबाद पहुंचे और मृतक नसीम एराकी और अंजार आलम के घर पहुंचकर पीड़ित परिवार को सांत्वना दी। मौके पर जिप अध्यक्ष सह राजद जिलाध्यक्ष रामधन यादव, माले जिला सचिव राजेन्द्र मेहता, विजय पासवान, रवि पासवान, नीरज सिंह, साजिद हुसैन लल्लू, परवेज आलम, सोहैल आलम, मन्नान खान, राजू खान, असीम सरकार, सरयू दास, बाली यादव, शमशेर आलम, मो रब्बानी, मो आबिद अली, तुलसी कुमार राणा, अमर कुमार यादव, राजू कुमार साव, मो नसीम, पंकज मोदी, सहदेव मंडल, मो कलीम, गणेश राणा मौजूद थे।

## वज्रपात से एक की मौत

**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बक्सपुरा पंचायत स्थित भलुवा में वर्जपात से एक ग्रामीण की मौत हो गयी। इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक भलुवा गाव के मंगर महतो 53 अपने घर के बगल में बारी में कुछ काम कर रहा था कि अचानक तेज वारिस के साथ वर्जपात हुई जिससे उसकी मौत हो गयी। घटना दोपहर की बताई गयी।

## उपायुक्त ने सुनी आमजनों की समस्याएं



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त नैंसी सहाय ने मंगलवार को सप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन कार्यालय वेश्म में किया। मौके पर उपायुक्त ने लगभग दो दर्जन मामलों पर सुनवाई की और ऑन द स्पॉट निष्पादन के लिए संबंधित विभाग और पदाधिकारी को आवेदन अग्रसारित किया। इस मौके पर जमीन, दिव्यांग, पीएम आवास, भूमि अतिक्रमण, इंदिरा आवास, राशन कार्ड, मुआवजा, मारपीट, गबन, वित्तीय अनियमितता आदि मामलों की शिकायतें सुनी गयी। मौके पर उपायुक्त ने कहा कि, जिलेवासिओं का हित सर्वोपरी है। इस दिशा में जिला प्रशासन हर संभव कार्रवाई हेतु तत्पर है। सुनवाई के क्रम में बड़कागांव +2 उच्च विद्यालय के सरकारी खाते से वित्तीय अनियमितता और गबन करने मामला, कुटुमसुकरी, ईचाक से रीना देवी के द्वारा अबुआ-आवास से वंचित रहने के संबंध में, हजारीबाग के ओकनी, न्यू एरिया से दुलार राम के द्वारा राशन कार्ड बनाने के संबंध में, कटकमदाग के ग्राम सिरसी से हरिजन मोहल्ले के ग्रामीणों के द्वारा चापानल उपलब्ध कराने, चकडेबो चौपारण के बालेश्वर रजक ने झोला छाप डाक्टर द्वारा जानलेवा इलाज करने और मोटी राशि की उगाही करने के संबंध और हजारीबाग के बाबा पथ, हुड़हुडु निवासी प्रमिला देवी द्वारा मारपीट से संबंधित उपायुक्त को आवेदन दिया गया। उपायुक्त ने इन आवेदनों को तत्काल निष्पादन हेतु संबंधित अधिकारियों को प्रेषित किया। इस मौके पर सामाजिक सुरक्षा पदाधिकारी निवेदिता राय की उपस्थिति रहीं।

## छात्रों के बीच बांटी गयी साइकिल



**सतगावां (आजाद सिपाही)।** प्रखंड राज्य संपोषित 10 प्लस टू उच्च विद्यालय बासोडीह के प्रांगण में मंगलवार छात्र-छात्राओं के बीच दर्जनों साइकिल का वितरण किया गया। मध्य विद्यालय मीरगंज में 30, मध्य विद्यालय खुट्टा में 67, मध्य विद्यालय बासोडीह में 68 , मध्य विद्यालय ईटांय में 35, मध्य विद्यालय नावाडीह में 38, उत्क्रमित मध्य विद्यालय नावाडीह में 39, उत्क्रमित मध्य विद्यालय समलडीह में 51, उत्क्रमित मध्य विद्यालय करचैता में 32, उत्क्रमित मध्य विद्यालय राउतडीह में 18 कुल 378 जिसमें 201 छात्र और 177 छात्राओं को साइकिल वितरण किया गया। साइकिल वितरण में जिला कल्याण पदाधिकारी अभिषेक आनंद, बीडीओ सौरभ कुमार, सीओ ओमप्रकाश बडाईक, प्रखंड प्रमुख ललिता देवी, उप प्रमुख मनोज कुमार निराला, प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी शेख शकील अहमद, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी कपिलदेव यादव, बीआरपी मोहम्मद शहजाद आलम, सीआरपी संतोष कुमार, प्रधान सहायक कल्याण विभाग मोहम्मद इंतखाब आलम, प्रमुख प्रतिनिधि रामावतार चौधरी, मुखिया प्रतिनिधि विनोद यादव आदि शामिल थे। पूरे प्रखंड में 9 विद्यालय में 378 छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल वितरण किया गया।

## राजकीय पॉलिटेक्निक में प्रशिक्षण शिविर

**कोडरमा।** मगलवार को संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन ग्रुप हेड क्वार्टर हजारीबाग के तत्वावधान में राजकीय पॉलिटेक्निक कोडरमा के प्रांगण में 10 दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर कॉलोनेल विजय कुमार सेवा मेडल के नेतृत्व में झारखंड राज्य के विभिन्न जिलों से आये 540 एनसीसी कैडेट को मैप रीडिंग फील्ड क्राफ्ट बैटल क्राफ्ट टेंट पिचिंग फायरिंग का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान एनसीसी कैडेट को पर्सनालिटी डेवलपमेंट लीडरशिप क्वालिटी वर्ग कार्य डिप्टी कैंप कमांडेंट व्याख्याता सह एनसीसी ऑफिसर लेफ्टिनेंट संतोष कुमार के द्वारा लिया गया। 45 झारखंड बटालियन के करनाल विजय कुमार सेवा मेडल के द्वारा ओपनिंग एड्रेस में क्रेडिट को महत्वपूर्ण बातें बताया। मौके पर 45 झारखंड बटालियन के सूबेदार मेजर रमेश कुमार राय, सैनिक स्कूल तिलिया के एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर विकास कुमार, 22 बटालियन के एवं 22 बटालियन के गर्ल्स कैडेट इंस्ट्रक्टर एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर संतोष प्रसाद, सूबेदार एसएस भगत, सूबेदार आलोक कुमार, सूबेदार ए एन ठाकुर, नया सूबेदार घसीटाराम, हवलदार विकास कुमार, हवलदार रंजन कुमार, नायब सूबेदार चंद्रहार, हवलदार मनोज कुमार, एवं सहायक सोहित कुमार सिंह इस प्रशिक्षण शिविर में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं।

# डाढा के रामसागर तालाब में डूबने से दो बच्चों की मौत, गांव में मातम

### दादी के दशकर्मा में दोनों बच्चे तालाब में गये थे नहाने

**आजाद सिपाही संवाददाता**

हजारीबाग। जिले के इचाक थाना क्षेत्र के सुदूरवर्ती डाढा पंचायत के बहुचर्चित राम सागर बांध में डूबने से दो बच्चों की मौत हो गयी। घटना मंगलवार के दोपहर दो बजे की बतायी जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बीते 16 जून को डाढा गांव निवासी प्रभु मेहता की पत्नी शंकरी देवी (57) का आम तोड़ने के दौरान पेड़ से गिरकर मौत हो गयी थी। उसके श्राद्ध कर्म में भाग लेने अन्य परिजन के साथ उनका पोता आई राजकुमार (9) और यस राज (7) दोनों के पिता शिव कुमार मेहता के साथ आए थे। दशकर्म कार्य हेतू सभी परिजन और गांव के लोग तालाब पर स्थित घाट पर गये थे और दशकर्म कार्य के पश्चात वापस लौट गये और परंपरागत दशकर्म के भोजन पानी बनाने में व्यस्त हो गये। ईधर आई राजकुमार और यशराज एक अन्य बालक के साथ वापस तालाब में नहाने के लिए पहुंच गया और दोनों तालाब में डूबकर



नहाने लगे। जबकि साथ में गया बालक तालाब के किनारे बैठा रहा। इसी बीच दोनों गहरे पानी में चले गये। बच्चों को डूबता देख साथ में आये बालक ने शोर मचाना शुरू कर दिया। जिसके बाद ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी और बालक को बचाने कई युवक तालाब में कूद गये। कड़ी मशक्कत के बाद दोनों बच्चों को बाहर निकाल कर ईलाज के लिए सीएचसी इचाक ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इधर दो बच्चों के मौत से गांव में मातम पसर गया है। मां गायत्री देवी, पिता शिवकुमार मेहता, दादा प्रभु महतो, चाचा धर्मेंद्र कुमार समेत परिजनों के चीत्कार से पुरा गांव दहल गया। घटना की खबर सुनकर मुखिया सुनीता देवी, जीप सदस्य रेनू देवी, समाज सेवी दयानंद मेहता, अशोक मेहता समेत कई अन्य जनप्रतिनिधि परिजनों के घर पहुंचे और शोक संतप्त परिवार को ढाढस बंधाया। ग्रामीणों ने बताया की इस तालाब में पहले भी दो बार दो लोग की डूबने से मौत हुई है।

## कुवैत से बादम पहुंचा कैफ का शव



**बड़कागांव।** बड़कागांव प्रखंड के बादम निवासी बादम सदर मोकित उल्लाह साहब के पुत्र मो कैफ का देहांत बीते 12 जून 2024 को अबू धाबी के कुवैत शहर हो गया था। मौत की पुष्टि हेतु अबू धाबी की सरकार ने अपनी लंबी कानूनी कार्रवाई करने में इतने दिनों का लंबा समय लगने व मृतक का शव नहीं आने की वजह से पूरे क्षेत्र में मातम पसरा रहा। मंगलवार को मोहम्मद कैफ का शव आने की खबर सुन काफी संख्या में ग्रामीण इकट्ठे होकर इंतजार करते दिखे। सभी ग्रामवासी और क्षेत्रवासी इस दिन का काफी निंदनीय भाव से प्रतीक्षा में थे कि इस क्षेत्र के बेटे की शव कब हमारे पैतृक आवास आये। शव के आते हीं पूरा मुहल्ले में शोक की लहर दौड़ गयी। आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी ने इस दुख की बेला में दुखित पीड़ित परिवार व ग्रामवासी के साथ कैफ के शव के आने की प्रतीक्षा में खड़े रहें। रोशनलाल चौधरी ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए दुखित सदर मोकित के परिवार को ढांढस बंधाया व एक परिवार के सदस्य के रूप में हमेशा साथ खड़ा रहने की बात कही। इस दौरान राजा खान, गोतम कुमार वर्मा, उपेंद्र कुमार महतो, जावेद हुसैन, अमो मोकरम खान, कैसर अली, अनिल प्रसाद, बबलु पासवान, जगेश्वर महतो, अवधेश राम, राहुल ठाकुर, राजेश राम, नाजिम खान, मो नुर उल्लाह, अफरोज खान, जुनैद खान, जिसान अहमद, श्याम निराला, शमशेर आलम सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### लोन दिलाने के नाम पर साइबर ठगी के मामले का खुलासा

# दो गिरफ्तार, कई सामान बरामद

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**कोडरमा।** कोडरमा पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह ने मंगलवार को प्रेस वार्ता का आयोजन कर बताया कि उन्हें सूचना मिली कि जिले के सतगांवा थानान्तर्गत कुछ व्यक्तियों द्वारा लोगो को लोन दिलाने के नाम पर साईबर ठगी किया जा रहा है। जिसकी सूचना और कार्रवाई करने का निर्देश थाना प्रभारी सतगांवा को दिया गया। गठित टीम द्वारा छापामारी करते हुए दो साइबर अपराधी क्रमश टुन्नी कुमार (उम्र



20 वर्ष, पिता पवन सिंह, सा भण्डाजोर, थाना- रोह, जिला नवादा, बिहार) तथा मनीष कुमार (उम्र 30 वर्ष, पिता बलम सिंह, सा मरचोई, थाना सतगांवा, कोडरमा) को पकड़ा गया। एसपी ने बताया कि छापामारी के क्रम में इन दोनों के पास से भारी संख्या में मोबाईल फोन, सीम कार्ड, एटीएम, कार्ड, बैंक पासबुक, लाईन वाला पेज, हस्तलिखित संदिग्ध दस्तावेज बरामद हुआ। इनलोगो के द्वारा स्वीकार किया गया कि ये लोग आम लोगों को लोन दिलाने के नाम पर ठगी करते थे। इस संबंध में सतगांवा थाना कांड संख्या 45/24 दर्ज कर विधि- सम्मत आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। मौके पर छापेमारी थाना प्रभारी सतगांवा विजय गुप्ता, पुअनि रौशन कुमार पासवान, सतगांवा थाना व सतगांवा थाना के कर्मी शामिल थे।

## बाइक की टक्कर में दो युवक घायल

**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के मरकच्चो बरियारडीह मुख्य मार्ग स्थित बालिका उच्च विद्यालय के समीप दो बाईक की आमने सामने से हुई जबरदस्त भिड़ंत मे दोनों बाईक चालक गंभीर रूप से घायल हो गये। घायल की पहचान पथलडीहा निवासी बीस वर्षीय सूरज सिंह व 22 वर्षीय एयाज अंसारी पिता कमरुद्दीन अंसारी नादकरी निवासी के रूप मे की गयी है। घटना के बाद परिजन उसे स्वास्थ केंद्र मरकच्चो ले गये जहां उसका प्राथमिक उपचार के बाद दोनों युवक को बेहतर इलाज के लिए बाहर रेफर कर दिया गया।

# मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम की दी जानकारी

### राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को भी दी गयी जानकारी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हजारीबाग।** मतदाता सूची के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर मंगलवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त नैंसी सहाय ने प्रेसवार्ता आयोजित कर मिडिया को संबोधित किया। उन्होने बताया कि स्वच्छ, समावेशी और त्रुटिरहित निर्वाचक सूची के निर्माण के लिए सभी पात्र नागरिकों का निबंधन और मतदाता सूची का शुद्धिकरण किया जाना आवश्यक है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिनांक 01.07.2024 को अर्हता तिथि



मानते हुए फोटोयुक्त निर्वाचक सूची का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम का निर्धारण किया गया है। आयोग से प्राप्त कार्यक्रम के अनुसार पुनरीक्षण कार्यक्रम में दो चरण 25 जून से 24 जुलाई 2024 तक की अवधि निर्धारित है। रिवीजन गतिविधियों के लिए 25 जुलाई से 20 अगस्त तक की अवधि निर्धारित है। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत 25 जुलाई को एकीकृत मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन और 20 अगस्त को निर्वाचक सूची का अंतिम प्रकाशन किया जायेगा।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया की मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान 1 जुलाई 2024 को अहर्ता तिथि मानते हुए 18 वर्ष पूरे करने वाले नए मतदाताओं को मतदाता सूची से जोड़ने का कार्य किया जाना है। साथ ही शिफ्टेड, डुप्लीकेट और मृत मतदाताओं का सत्यापन करते हुए मतदाता सूची से उनके नाम का विलोपन नियमानुसार सुनिश्चित करना है। मतदाता सूची प्रारुप का प्रकाशन 25 जुलाई, दावा और आपत्ति दाखिल करने की तिथि 25 जुलाई से 9 अगस्त और दावों और आपत्तियों का निपटारा 19 अगस्त को किया जायेगा। साथ ही सूची का अंतिम प्रकाशन 20 अगस्त को किया जायेगा । विशेष कैंपेन 27 और 28 जुलाई और 3 और 4 अगस्त को आयोजित किया जायेगा। इस अवसर पर अपर समाहर्ता संतोष कुमार सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी सदर और बरही, उप निर्वाचन पदाधिकारी मां देव प्रिया, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कुमार उपस्थित थे।

# हजारीबाग के भाजपाइयों ने मनाया काला दिवस

### आपातकाल स्वतंत्र भारत के इतिहास में सबसे विवादास्पद और अलोकतांत्रिक काल था: डॉ रविंद्र राय

### व्यक्तिगत स्वार्थ की पूर्ति हेतु इंदिरा गांधी ने लोकतंत्र की हत्या कर देश को आपातकाल में धकेला: विवेकानंद सिंह

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हजारीबाग।** झंडा चौक स्थित सांसद सेवा केंद्र, विश्वेश्वर दयाल जयसवाल पथ में, आपातकाल को काला दिवस के रूप में हजारीबाग के भाजपाइयों द्वारा मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह और संचालन जिला उपाध्यक्ष दामोदर कुमार सिंह द्वारा की गयी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बतौर डॉक्टर रविंद्र राय, निदेशक हुड़को सह पूर्व सांसद, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भाजपा उपस्थित हुए। 25 जून 1975 से 21 मार्च 1977 तक 21 महीने की अवधि में भारत में आपातकाल घोषित था। तत्कालीन राष्ट्रपति




फखरुद्दीन अली अहमद ने तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के कहने पर भारतीय संविधान की अनुच्छेद 352 के अधीन आपातकाल की घोषणा कर दी थी और चुनाव स्थगित कर दिया गया। नागरिक के अधिकारों को समाप्त कर दिया गया। इंदिरा गांधी के राजनीतिक विरोधियों को कैद कर जेल में डाल दिया गया साथ ही प्रेस पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। प्रधानमंत्री के बेटे संजय गांधी के नेतृत्व में बड़े पैमाने पर मन माने तौर पर पुरुष नसबंदी अभियान चलाया गया था। 1971 के आम चुनाव में इंदिरा गांधी से पराजित प्रतिद्वंदी राजनारायण द्वारा हाई कोर्ट में चुनाव परिणाम को चुनौती दी गयी थी, की इंदिरा गांधी द्वारा सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग किया गया था और पैसे देकर वोट को प्रभावित किया गया था। 4 साल बाद जब इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा इंदिरा गांधी के चुनाव को अवैध घोषित कर दिया गया और कहा गया की 6 वर्षों तक कोई पद नहीं संभाल सकती। जिसको लेकर सर्वोच्च न्यायालय में इंदिरा गांधी द्वारा अपील की गयी। परंतु राजनीतिक विरोधियों और आंदोलनकारी नेताओं के विकराल रूप को देखते हुए, 5 जून 1975 को आपातकाल की घोषणा राष्ट्रपति द्वारा करवा दी गयी और स्वयं इसकी पुष्टि रेडियो प्रसारण के माध्यम से की। इंदिरा गांधी अपने राजनीतिक विरोधियों जैसे पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई, लाल कृष्ण आडवाणी, जयप्रकाश नारायण, पूर्व प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई, अरुण जेटली, लालु यादव, नीतीश कुमार, सुशील मोदी, जॉर्ज फर्नांडीज, रवि शंकर प्रसाद जैसे नेताओं के साथ-साथ अपने विरोधियों को साधने के लिए मीशा कानून को लागू करते हुए, एक लाख से भी ऊपर अपने राजनीतिक विरोधियों को जेल में डलवा दी। 21 महीना के बाद श्रीमती गांधी द्वारा आपातकाल समाप्त करते हुए आम चुनाव की घोषणा की गयी। कांग्रेस पार्टी बुरी तरह पराजित हो गयी, इतना तक की स्वयं इंदिरा गांधी रायबरेली से चुनाव हार गयी और पूर्ण बहुमत से मोरारजी देसाई के नेतृत्व में पहली बार गैर कांग्रेसी सरकार बनी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह, अमरदीप यादव, ओबीसी मोर्चा, प्रदेश अध्यक्ष प्रदेश कार्य समिति सदस्य अनिल मिश्रा, केपी ओझा, बटेश्वर मेहता, सुदेश चंद्रवंशी, टुन्नू गोप, सांवरमल अग्रवाल, हरीश श्रीवास्तव, अशोक कुमार यादव, उदयभान नारायण सिंह, चंद्रनाथ भाई पटेल, दिनेश सिंह राठौड़, अर्जुन साहू, जिला पदाधिकारी सुनील साहू, सुमन कुमार, दामोदर सिंह, रमेश ठाकुर, विनोद भगत, मूलचंद साहू, जय नारायण प्रसाद, कुंवर मनोज सिंह, महेंद्र बिहारी, रेणुका साहू, मंडल अध्यक्ष आदित्य सोनी, विवेक बैरियर, रणधीर पांडे, कविंद्र यादव, विजय वर्मा, मनोज गिरी, राजकरण पांडे, रामचंद्र कुशवाहा, हुलास कुशवाहा, शिवपाल यादव, अणेश्वर प्रसाद, पूनम मिश्रा, ज्योत्सना, मनोरमा, राणा श्वेता सिंह, सुनीता राणा, लीलावती देवी, सुमन सिंहा, ऋषि शर्मा, इंद्रदेव कुशवाहा, किशोर कुमार, नरसिंह प्रसाद, विद्यासागर अलंकार, उदय मेहता, बबन गुप्ता, बलदेव यादव, मनमीत अकेला, राणा राहुल प्रताप, राजू सिंह, टोनी जैन सैकड़ों कार्य करता सम्मिलित हुए। उक्त आशय की जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी जय नारायण प्रसाद द्वारा दी गयी।

## 29 और 30 जून को पतरातू में अखिल भारतीय किसान सभा का चौथा राज्य सम्मेलन

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय किसान सभा के जिला अध्यक्ष महेश प्रसाद सिंह ने बताया कि 29 और 30 जून को पतरातू डैम जिला रामगढ़ में अखिल भारतीय किसान सभा झारखंड का चौथा राज्य सम्मेलन का आयोजन किया गया है। कोडरमा किसान सभा की विस्तारित बैठक 26 जून को दोपहर 12 बजे से साहू धर्मशाला झुमरी तिलैया में संपन्न की जायेगी। इस विस्तारित बैठक में मुख्य रूप से भाकपा राष्ट्रीय परिषद सदस्य महादेव राम, भाकपा जिला मंत्री प्रकाश रजक, जिला कार्यकारिणी सदस्य पुरुषोत्तम यादव, एटक नेत्री सोनिया देवी, पूर्व उप प्रमुख वीरेंद्र यादव, अंचल मंत्री अर्जुन यादव, अंचल मंत्री सच्चिदानंद पांडे, अंचल मंत्री रामेश्वर यादव, अखिल भारतीय नौजवान संघ के जिला अध्यक्ष रंजन कुमार रजक, जिला सचिव कयुम उद्दीन मुख्य रूप से मौजूद रहेंगे।

## आपातकाल भारतीय लोकतंत्र का काला दिवस: बटेश्वर मेहता



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह बरकट्ठा विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी बटेश्वर मेहता ने आज से 50 साल पहले लगाये गये आपातकाल को संविधान पर काला धब्बा बताया और कहा कि देश में ऐसी कालिख नहीं लगे। उन्होंने बताया कि कांग्रेस ने 25 जून 1975 आज के दिन विपक्ष को आपातकाल का आइना भी दिखाया। उन्होंने आपातकाल को भारतीय लोकतंत्र पर काला धब्बा बताते हुए कहा कि इसके 50 साल पूरे हो रहे हैं और 25 जून 1975 कभी नहीं भूलने वाला दिन है। भारत की नई पीढ़ी इस बात को कभी नहीं भूलेगी कि संविधान को ताख पर रखकर निर्णय लिया गया था और देश को जेल खाना बना दिया था।

## लंबित मामलों के निष्पादन के लिए कार्यक्रम



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** झारखंड उच्च न्यायालय, रांची के निर्देश के आलोक में और जिला विधिक सेवा प्राधिकार, कोडरमा के तत्वावधान में कुटुम्ब न्यायालय में लंबित मामलो के निष्पादन के लिए पांच दिवसीय मध्यस्थता पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन व्यवहार न्यायालय कोडरमा स्थित न्याय सदन भवन में किया जा रहा है। यह कार्यक्रम कोडरमा के प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार बाल कृष्ण तिवारी के मार्ग दर्शन में किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में कोडरमा के प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय अमितेष लाल द्वारा पक्षकारों को विशेष रूप से समझा बुझाकर समझौता के लिए तैयार किया जा रहा है। इस मध्यस्थता के विशेष अभियान के तहत दो दिनों में कुल तीन वादों का सफल निष्पादन किया गया। वही जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौतम कुमार द्वारा मध्यस्थों को इस विशेष अभियान में अधिक से अधिक वादों का निष्पादन मध्यस्थता के माध्यम से करने का अनुरोध किया गया है। इस पांच दिवसीय मध्यस्थता अभियान के तहत कुटुम्ब न्यायालय में लंबित मामलों के पक्षकारों की काफी भीड़ देखी जा रही है।

## बीडीओ ने राजनीतिक दलों के साथ की बैठक



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी कार्यालय में सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी गौतम कुमार की अध्यक्षता में राजनीतिक दलों के साथ बैठक संपन्न हुई। बैठक में मतदान केंद्रों के भवन और नाम परिवर्तन को लेकर चर्चा की गयी। संक्षिप्त मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के द्वितीय चरण को लेकर चर्चा की गयी और कार्यक्रम की जानकारी दी गयी। 01 जुलाई 2024 को अहर्ता तिथि मानते हुए चलेगा संक्षिप्त मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम 25 जून 2024 से 24 जुलाई 2024 तक चलेगा। संक्षिप्त मतदाता पुनरीक्षण 2024 कार्यक्रम का दूसरा चरण। मतदाता सूची में नए नाम जोड़े जा सकेंगे साथ ही आवश्यक सुधार के लिए आवेदन दिये जा सकेंगे। मृत मतदाताओं के नाम हटाए जायेंगे। मौके पर प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी बिरेंद्र कुमार, अशोक सिंह, मिसबाह उद्दीन, अर्चना कुमारी, तसव्वर खान सहित कई लोग मौजूद थे।

## बालिकाओं की शिक्षा को लेकर अभियान



**सतगावां (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में आर जेएसएस के द्वारा लड़कियों की शिक्षा के प्रति सामाजिक दृष्टिकोण बदलने और जागरूकता बढ़ाने के लिए सात सप्ताह का राष्ट्रव्यापी अभियान चलाया जायेगा। पूरी पढ़ाई देश की भलाई हर लड़की की 12वीं तक की शिक्षा सुनिश्चित करने की तत्काल आवश्यकता को टेहरो पंचायत मुखिया सदानंद यादव, राष्ट्रीय झारखंड सेवा संस्थान कार्यक्रम पदाधिकारी निर्भय कुल ने संबोधित करते हुए, भारत में अग्रणी बाल अधिकार संगठन क्राई-चाइल्ड राइट्स एंड यू ने 'पूरी पढ़ाई देश की भलाई' अभियान शुरू किया। क्राई की मुख्य कार्यकारी अधिकारी पूजा मारवाहा ने अभियान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बालिकाओं के लिए उच्च माध्यमिक शिक्षा सुनिश्चित करना न केवल उनके सशक्तिकरण के लिए अपरिहार्य है, बल्कि यह राष्ट्र के समग्र विकास का भी अनिवार्य अंग है। चाइल्ड राइट्स एंड यू (क्राई) (पूर्व) की क्षेत्रीय निदेशक, त्रिना चक्रवर्ती ने लड़कियों के लिए शिक्षा की परिवर्तनकारी शक्ति पर जोर दिया। मौके पर खुट्टा पंचायत मुखिया फुलवा देवी, रामनंदन प्रसाद, आंगनवाड़ी सुपरवाइजर रेखा कुमारी और किशोरी मंडल की बच्चियों उपस्थित थीं।

## बैंक कर्मियों की कमी से खाता धारक परेशान

**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यायलय मरकच्चो के बैंक ऑफ इंडिया शाखा में कर्मचारियों की पर्याप्त संख्या न होने से खाताधारकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यहां पांच आफिसर्स की तैनाती है। उनमें से फिलवक्त दो है। आफिसर्स की कमी रहने के कारण उपभोक्ताओं को और अधिक मुश्किल का सामना करना पड़ता है। बैंक में 50 हजार से अधिक खाताधारकों के खाते संचालित हैं। किसानों के लिए केसीसी की सुविधा भी बैंक में दी गयी है। बैंक ऑफ मरकच्चो शाखा में वर्तमान में प्रबंधक सहित दो अधिकारी व चार कर्मचारी कार्य कर रहे हैं। चार कर्मचारियों में से दो कर्मचारी कैश काउंटर पर कार्य कर रहे हैं। दो कर्मचारी ऋण विभाग और प्रबंधक का कार्य कर रहे हैं। इन कर्मचारियों में से भी एक या दो कर्मचारी रोजाना अवकाश पर रहते हैं। कर्मचारियों की कमी से खाताधारकों को अपने कार्य के लिए घंटों लाइन में लगना पड़ता है। शाखा प्रबंधक सुशील कुमार ने बताया कि जिन कर्मचारियों के स्थानांतरण किये गये हैं। उनकी जगह दूसरे कर्मचारियों की नियुक्ति नहीं हुई है। वर्तमान में चार कर्मचारी नियुक्त हैं, रोजाना एक या दो कर्मचारी अवकाश पर रहते है। उच्च अधिकारियों को बैंक में कर्मचारियों की कमी के बारे में जानकारी दी गयी है।

## कांग्रेस मांडू प्रखंड अध्यक्ष सागर को पद मुक्त करने के लिए जिलाध्यक्ष को भेजा पत्र



**कुजू (आजाद सिपाही)।** मांडू प्रखंड के कांग्रेसियों ने मांडू प्रखंड अध्यक्ष सागर महतो को पद मुक्त करने के लिए रामगढ़ जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष को आवेदन दिया है। जिसमें कांग्रेसियों ने मांडू प्रखंड अध्यक्ष सागर महतो पर कई आरोप लगाते हुए उन्हें तत्काल पद मुक्त करने की मांग की है। आवेदन में कांग्रेसियों ने कहा है कि लोकसभा चुनाव में मांडू प्रखंड में कांग्रेस को मिली हार पर समीक्षा को लेकर डटमामोड़, कुजू में बैठक हुई। जहां समीक्षा के पश्चात चर्चा परिचर्चा किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से प्रखंड अध्यक्ष सागर महतो के क्रियाकलापों को संतोषजनक नहीं पाया गया। कांग्रेसियों ने प्रखंड अध्यक्ष पर आरोप लगाते हुए आवेदन में लिखा है कि प्रखंड के 41 पंचायत में पंचायत कमेटी का गठन नहीं होना, बूथ कमेटी का गठन नहीं होना, चुनाव के समय बिना आपसी समन्वय के जहां-तहां कार्यक्रम करना, बूथ मैनेजमेंट ठीक से नहीं करना और समर्पित कांग्रेसियों को हाशिए पर रखना, साथ ही वरिष्ठ कांग्रेसियों सहित अन्य कार्यकर्ताओं को मान सम्मान नहीं देने के कारण प्रखंड अध्यक्ष के कार्यशैली से मांडू प्रखंड में कांग्रेस पार्टी धीरे-धीरे कमजोर होता जा रहा है। इसलिए उन्हें तत्काल प्रभाव से पद मुक्त किया जाये। आवेदन की प्रतिलिपि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष, कांग्रेस कमेटी झारखंड प्रदेश प्रभारी और प्रदीप बालमुचू प्रभारी समीक्षा हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र को भी भेजा गया है। आवेदन में अनिरुद्ध सिंह, संदीप कुशवाह, तुलसी महतो, आशु सिंह, महेंद्र ठाकुर, मो मिस्टर आलम, सुरेश्वर तिवारी उर्फ बूटी तिवारी, रविन्द्र कुमार, मो गुलजार, राजेश कुमार, कीनू मुंडा, सुधांशु सिंह, संजय बेदिया, विष्णु बेदिया, जय किशोर महतो, राम प्रकाश महतो, सोनू सिंह, सुरेश महतो, राजू कुरैशी, दुलाल चंद महतो, श्याम सिंह आदि शामिल है।

## मीडिया को धमकाने वाले होश में रहें: विधायक



**टंडवा (आजाद सिपाही)।** मीडिया लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है। ऐसे मे मीडिया के खिलाफ कोई कंपनी षड्यंत्र रचेगा तो यह बर्दाश्त से बाहर होगा। उक्त बाते दिल्ली से सिमरिया विधायक किसुन कुमार दास ने कही। विधायक ने कहा कि कोल ट्रांसपोर्टिंग कंपनी कान खोलकर सुन ले, ऐसा ही हरकत रहा तो एक छटाक कोयला डिस्पैच नहीं कर पाओगे। विधायक ने केरेडारी पुलिस से बात कर कंपनियों के नापाक इरादे पर बातचीत की। विधायक ने टंडवा के पत्रकारों का तारीफ करते हुए कहा कि मीडिया की स्वतंत्रता का कोई माई का लाल हनन नहीं कर सकता। मीडिया आइना दिखाती है तो इसमें कुछ गलत नहीं है। उन्होने प्रगति कंपनी के इस कदम का कडे शब्दो में निंदा करते हुए कहा सुधर जाओ नहीं तो अंजाम बुरा होगा।

## वन विभाग ने चलाया नशा मुक्ति अभियान



**टंडवा (आजाद सिपाही)।** वन विभाग द्वारा कल टंडवा वन प्रक्षेत्र के अंतर्गत टंडवा बाजार टांड में नशा मुक्त अभियान चलाया गया। जिसमें नुकड़ नाटक के मदद से लोगों को जागरूक किया गया। इस कार्यक्रम में वन कर्मी अंकित कुमार, सुनील कुमार उराव, मुरारी प्रजापति, जयराम उराव, ललटू कुमार, रोशन नायक, इंद्रदेव आर्य और अन्य साथ ही साथ नाटक टीम शामिल हुए।

## वन भूमि पर घर बनाने वाला गिरफ्तार



**हंटरगंज/चतरा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के अकौना गांव निवासी अर्जुन भुईया को मंगलवार को वन कर्मियों के द्वारा गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। इस संबंध में प्रभारी वनपाल मनीष कुमार के द्वारा बताया गया कि वन क्षेत्र पदाधिकारी सूर्यभूषण कुमार को गुप्त सूचना मिली थी कि अकौना वन क्षेत्र के अंदर अतिक्रमण कर अर्जुन भुईया के द्वारा घर बनाया जा रहा है। इस संबंध में प्रभारी बनवाल मनीष कुमार के नेतृत्व में एक कमेटी गठीत कर उक्त कार्रवाई की गयी। इस कार्रवाई में वनरक्षी अमित रंजन व होमगार्ड के जवान शामिल थें।

## दे-दनादन क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल



**हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के दंतार खेल मैदान में मंगलवार को दे दना दन क्रिकेट टूर्नामेंट का फाईनल मैच का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में मुखिया पोषण कुमार शामिल हुए। खेल का शुरूआत आतिथियों के बॉल बैटिंग कर किया गया। मैच दंतार बाजार एवं राजा आहर के बीच खेला गया। जिसमें राजा आहार की 62 रन से विजयी हुए। इस कार्यक्रम में विशेष आतिथि के रूप में विहार के मगही कॉमेडियन विनेशर चाचा की टीम शामिल हुए। लोगों को खुब मनोरंजन किया गया। कार्यक्रम में रौनक सिंह, टीपू सुल्तान, विकास कुमार, संतोष भारती, मोहम्मद एनुअल, कमल कुमार, रौशन कुमार सहित काफी संख्या में लोग खेल प्रेमी शामिल हुए। विजेता और उपविजेता टीमों के बीच शील्ड और उपहार देकर सम्मानित किया गया।

## विस्थापित-प्रभावित संघर्ष समिति के चार राजस्व गांव के ग्रामीणों की हुई बैठक

**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** विभिन्न मांगों को ले विस्थापित-प्रभावित संघर्ष समिति की चारों राजस्व गांव कुरसे, देवरिया, दुंदुआ और बलकुदरा के ग्रामीणों की मंगलवार को कुरसे में बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता रामदास बेदिया और संचालन जयदेव सिंह ने किया। बैठक में रोजगार और जन समस्याओं पर चर्चा की गयी। जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 26 जून बुधवार को भुरकुंडा कोलियरी अंतर्गत बलकुदरा खुली खदान में कोयला का संप्रेषण (डिस्पैच) और परिवहन (ट्रांसपोर्टिंग) ठप कर दिया जायेगा। इस दौरान विस्थापित प्रभावित संघर्ष समिति से जुड़े चारो राजस्व गांव के सैंकड़ों महिला-पुरूष अपनी मांगों को लेकर सम्प्रेषण व परिवहन ठप करा देंगे। साथ ही पुनः प्रबंधन को समिति अपनी मांगों से अवगत करायेगा। बावजूद इसके समिति की मांगों पर पहल नहीं की गयी तो क्रमवार आंदोलन किया जायेगा। जिसकी सारी जवाबदेही सीसीएल प्रबंधन की होगी। समिति की मांगों में भुरकुंडा लोकल सेल चालू करने, हेवी ब्लास्ट पर रोक लगाने, जल और वायु प्रदूषण बन्द करने, ग्रामीणों को रोजगार से जोड़ने के लिए पेलोडर की जगह मैनुअल लोडींग कराने, पीएसएम में स्थानीय बेरोजगार को रोजगार मुहैया कराने आदि शामिल है। मौके पर जयदेव सिंह, रामदास बेदिया, संजय यादव, मनोज मांझी, टिंकु प्रजापति, अनिल सोनी, राजू मुंडा, विक्की करमाली, विक्की प्रजापति, कमलेश यादव सहित दर्जनों ग्रामीण मौजद थें।

# दूध के वाहन में शराब की तस्करी, दो गिरफ्तार

**दोनों की गिरफ्तारी चतरा और राजधानी रांची के सीमावर्ती इलाके से हुई है**

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार/चतरा।** झारखंड में दूध के वाहन में शराब तस्करी का मामला सामने आया है। इस सिलसिले में 2 लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दोनों की गिरफ्तारी चतरा और राजधानी रांची के सीमावर्ती इलाके से हुई है।

**पिपरवार पुलिस ने 2 लोगों को किया गिरफ्तार:** दूध के वाहन में शराब ले जा रहे 2 लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इसमें एक वाहन का चालक मुकेश कुमार है, जिसकी उम्र करीब 50 वर्ष है। वह राजधानी रांची के अरगोड़ा का रहने वाला है। गिरफ्तार किये गये दूसरे व्यक्ति का नाम संतोष सिंह है। वह चतरा जिले के हंटरगंज का रहने वाला है।

**ड्राइवर ने माना- लंबे अरसे से कर रहा शराब की तस्करी:** पुलिस ने बताया कि वाहन के चालक ने बताया है कि वह पहले भी इस तरह से शराब की तस्करी करता रहा है। उसने चतरा जिले के पिपरवार में ही शराब और बीयर एक दुकान से खरीदी थी। दुकान के एक कर्मचारी ने बताया कि ड्राइवर ने उधार में शराब खरीदी थी।



**डेयरी कंपनी के वाहन में शराब ले जा रहा था ड्राइवर**

एक प्रतिष्ठित डेयरी कंपनी के दूध ढोने वाले वाहन से पुलिस पिपरवार पुलिस ने सोमवार (24 जून) की शाम को 1.05 लाख रुपये मूल्य की शराब बरामद की है। वाहन चतरा से रांची की ओर आ रहा था। तभी सपही नदी पर बने झूला पुल के पास से वाहन के चालक और एक अन्य व्यक्ति को पकड़ा।

**24 पेटी विदेशी शराब और 20 पेटी बीयर जब्त**

चतरा जिले की पिपरवार पुलिस ने वाहन की तलाशी ली, तो उसमें से विदेशी शराब और बीयर की बोतलें मिलीं। पुलिस ने बताया है कि इस वाहन से 24 पेटी विदेशी शराब और 20 पेटी बीयर की बोतलें मिलीं। बीयर की बोतलें अलग-अलग कंपनियों की हैं। इसका मूल्य 1.05 लाख रुपये बताया गया है। ये लोग चतरा से रांची की ओर जा रहे थे।


भाकृअनुप-राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान
कटक-753006 (ओडिशा), भारत
ICAR-NATIONAL RICE RESEARCH INSTITUTE
Cuttack-753006, Odisha. India

विज्ञापन संख्या-13/JRF/2024-25

भाकृअनुप-राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान, कटक में "**अजैविक तनाव सहिष्णुता वाली नव-टेट्राप्लाईड चावल किस्म विकसित करने अैर व्यापक संकरण दक्षता बढाने के लिए सूत्रगुणता प्रयोग**" शीर्षक परियोजना (ईएपी-428) में एक (01) कनिष्ठ अनुसंधान अध्येता के चयन के लिए दिनांकि 11.07.2024 को प्रत्यक्ष साक्षातकार आयोजित किया जाएगा। आवश्यक/वांछनीय योग्यता, आयु, परिलब्धियों की राशि आदि तथा अन्य नियम एवं शर्तो से संवंधित विवरण भाकृअनुप-एनआरआरआई की वेबसाइट **https//icar-nrri.in** पर उपलब्ध है।

Walk-in-Interview will be held on 11.07.2024 **for selection of one (01) Junior Research Fellow (JRF)** at the ICAR-National Rice Research Institute, Cuttack in the scheme"Ploidy manipulation for developing abiotic stress tolerant neo-tetraploid rice & enhancing wide hybridization efficiency"(EAP-428)".The details regarding essential qualifications, age, amount of emoluments etc. and other terms and conditions are available in ICAR-NRRI website **https://icar-nrri.in**.

**प्रधान अन्वेषक/ PRINCIPAL INVESTIGATOR**


## विधानसभा चुनाव को लेकर डीसी ने की बैठक

# सभी राजनीतिक दलों के साथ चर्चा कर दिये गये आवश्यक निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर मंगलवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी चंदन कुमार ने जिला समाहरणालय के सभागार में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक किया। इस दौरान बैठक में उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता के द्वारा जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी सहित बैठक में उपस्थित विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों आदि को आगामी विधानसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर मंत्रिमंडल (निर्वाचन) विभाग झारखंड रांची से प्राप्त निर्देश के आलोक में 1 जुलाई 2024 को अर्हता तिथि मानते हुए मतदाता सूची का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम और विभिन्न गतिविधियों पर चर्चा की गयी। बैठक के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी ने उपस्थित अधिकारियों और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ मतदाता सूची द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुरीक्षण कार्यक्रम के दौरान किये जाने वाले विभिन्न कार्यों, आगामी विधानसभा आम निर्वाचन के मद्देनजर विभिन्न कारणों से मतदान केंद्रों के भवन में परिवर्तन आदि को लेकर सभी राजनीतिक दलों के साथ चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिये। मौके पर सभी राजनीतिक दलों को जानकारी दी गयी की वैसे मतदान केंद्र जहां 1400 से अधिक मतदाता है, उन मतदान केंद्रों को दो भागों में विभाजित किया जायेगा साथ ही जर्जर हुए मतदान केंद्रों को परिवर्तन किया जायेगा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी ने अधिकारियों और राजनीतिक दलों के साथ मतदान केंद्रों भवन को परिवर्तित करने संबंधित मामलों में चर्चा के क्रम में महत्वपूर्ण निर्णय लिए।

**25 जून से 27 अगस्त तक बीएलओ द्वारा हाउस टू हाउस सर्वे का कार्य किया जायेगा**

गौरतलब हो कि द्वितीय मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत 25 जून से 27 अगस्त तक बीएलओ द्वारा हाउस टू हाउस सर्वे का कार्य किया जायेगा। बैठक के दौरान मुख्य रूप से अनुमंडल पदाधिकारी आशीष गंगवार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी प्रभात शंकर, भारतीय जनता पार्टी के रंजन फौजी, जेएमएम से अरुण बैनर्जी, सीपीआई से लोविंद महतो, आजसू से अनुज तिवारी, आरजेडी सहित अन्य राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## अखिल भारतीय किसान सभा झारखंड राज्य परिषद का दो दिवसीय सम्मेलन 29-30 को

**भुरकुंडा।** अखिल भारतीय किसान सभा झारखंड राज्य परिषद का पतरातू प्रखंड के लबगा स्थित अतुल कुमार अंजन नगर शोभा मैरेज पैलेस में आगामी 29-30 जून को दो दिवसीय सम्मेलन आयोजित की गयी है। जिसमें सुबह 11 बजे पतरातु रिसोर्ट से गाजे-बाजे व गाड़ियों के काफिले के साथ भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव कॉमरेड डी राजा का स्वागत करते हुए शोभा मैरिज पैलेस लाया जायेगा। जहां सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को कई अतिथि संबोधित करेंगे। सम्मेलन में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव डी राजा, एटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेंद्र कुमार, पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता, एआईकेएस के महासचिव महेंद्र पाठक, बौधिष्ट सोसाइटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जैनेंद्र सिंह, अखिल भारतीय किसान सभा के राष्ट्रीय सचिव बलदेव सिंह, आजादी बचाओ आंदोलन के अध्यक्ष डॉ. मिथिलेश दांगी, लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी अनिरुद्ध कुमार अपने संबोधन से कार्यकर्ताओं में नये ऊर्जा का संचार भरेंगे।


**पूर्व तट रेलवे**

ई-निविदा सूचना सं.: ST-SBP-TENDER-2024-15, दिनांक: 19.06.2024

**कार्य का नाम:** पूर्व तट रेलवे के सम्बलपुर मंडल के वरिष्ठ अनुभाग अभियंता/Tele/टिटिलागढ़, वरिष्ठ अनुभाग अभियंता/Tele/महासमुन्द, कनिष्ठ अभियंता/Tele/कांटाबांजी तथा कनिष्ठ अभियंता/Tele/ मुनिगुड़ा के क्षेत्राधिकार के अधीन नियंत्रण अनुभाग में बारह महीने की अवधि के लिए दूरसंचार जोनल कार्य।

**निविदा मूल्य:** रु. 65,45,488.55, बिड सिक्योरिटी: रु. 1,30,900.00.

**निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 11.07.2024 को 1100 बजे।

ऐसी ई-निविदा के तहत डाक/कूरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा।

ऊपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

**द्रष्टव्य:** प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने केलिए वे निविदा बंद होने के कम से कम 15 (पंद्रह) दिन पहले वेबसाइट का पुनः अवलोकन करें।

मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता (Tele), सम्बलपुर
PR-242/P/24-25



**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

मंडल रेल प्रबन्धक (विद्युत/परिचालन), पूर्व मध्य रेल, धनबाद द्वारा भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निम्नलिखित कार्य के निष्पादन हेतु सक्षम संविदाकारों से ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:

ई निविदा सं. : GEM/2024/B/5075093 Dt. 21.06.2024, 1. कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधि : धनबाद मंडल के अंतर्गत सभी क्रू लॉबी में फोग सेफ डिवाइस (पफ. एस. डी.) के रख रखाव एवं मरम्मत हेतु। कार्य समापन की अवधि – 01 वर्ष। 2. कार्य के लिए प्राक्कलित राशि : ₹33,53,933/–, 3. अग्रधन राशि : ₹67,100/–, 4. ई-निविदा बंद होने एवं खुलने की तिथि एवं समय : ई-निविदा बंद होना : 12.07.2024 को 16:00 बजे। ई-निविदा का खुलना : 12.07.2024 को 16.30 बजे। 5. वेबसाईट का विवरण: वेबसाइट www.gem.gov.in विशेष : ई-निविदा के तहत किसी भी प्रकार के मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत/परि.)/ पूमरे/धनबाद
पीआर/00551/डीएचएन/ईओपीएन/टी/24-25/28


## अखिल झारखंड श्रमिक संघ की बैठक में मजदूरों की समस्या पर चर्चा



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** अखिल झारखंड श्रमिक संघ की बैठक मंगलवार को पीटीपीएस स्थित आजसू के आवासीय कार्यालय में हुई। जिसकी अध्यक्षता भुवनेश्वर महतो व संचालन राजकुमार ने किया। बैठक में यूनियन के संगठन में विस्तार व मजदूरों की समस्या के समाधान पर चर्चा की गयी। उसके बाद अखिल झारखंड श्रमिक संघ के केंद्रीय महामंत्री सतीश सिन्हा व केंद्रीय कोषाध्यक्ष चंदन कुमार को बनाये जाने पर यूनियन के सदस्यों द्वारा फूलमाला पहनकर स्वागत किया गया। बैठक में पीवीयूएनएल पतरातू में मजदूरों की अनेकों समस्या के समाधान के लिए एक कमेटी का निर्माण भी किया गया। जिसके अध्यक्ष भुनेश्वर महतो, उपाध्यक्ष वकील महतो, रमेश पटेल, सचिव राजू प्रसाद, सहसचिव धनराज महतो, कोषाध्यक्ष राहुल रंजन, संगठन मंत्री अशोक पाठक को बनाया गया। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में गणेश करमाली, विनोद सिंह, बादल कुमार, सनी कुमार, संजय सिंह, रूपेश कुमार को बनाया गया। इस मौके पर अखिल झारखंड श्रमिक संघ के केंद्रीय महामंत्री सतीश सिन्हा ने कहा कि यूनियन का विस्तार पूरे झारखंड प्रदेश में किया जायेगा। जल्द यूनियन के प्रतिनिधियों की बैठक की जायेगी। अखिल झारखंड श्रमिक संघ के उपाध्यक्ष मुन्ना श्रीवास्तव और सचिव संजय मिश्रा ने कहा कि मजदूरों की समस्या के समाधान के लिए जल्द यूनियन द्वारा आंदोलन की रूपरेखा तैयार की जायेगी।

## ब्रेन हेमरेज से एक व्यक्ति की मौत

**हंटरगंज/चतरा(आजाद सिपाही)। प्रखंड के उरैली पंचायत अंतर्गत पांति गांव निवासी स्वर्गीय दिनेश्वर यादव का ज्येष्ठ पुत्र सुदेश्वर यादव 52 वर्षीय की मंगलवार को ब्रेन हेमरेज से मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार बीते सोमवार को उनके घर पर ब्रेंन हेमरेज हो गया था। आनन फानन में गया एम्स में भर्ती किया गया था। जहां बेहतर इलाज के लिए उन्हें बनारस ले जाया जा रहा था। बनारस ले जाने के दौरान उनका निधन हो गया। उनके असमय निधन से पूरे गांव में शोक है। वही परिजनो का रो-रो कर बुरा हाल है। मौत की खबर सुनते ही पंचायत समिति सदस्य रीता देवी ,मुखिया संजय सिंह, वार्ड सदस्य संजय यादव, अशोक यादव, सर्जन यादव सहित अन्य लोगों ने ईश्वर से उनके आत्मा की शांति और परिवार जनो को दुःख सहने की शक्ति प्रदान करने के लिए प्रार्थना की है।**

# राधा गोविंद विवि ने चलाया नशा मुक्ति अभियान

**नशे की लत से पूरा परिवार और समाज पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता हैं: बीएन साह**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** राधा गोविंद विश्वविद्यालय रामगढ़ द्वारा नशा उन्मूलन कार्यक्रम के सातवें दिन वाणिज्य, कृषि विज्ञान, अंग्रेजी, हिंदी, समाजशास्त्र, अर्थशास्त्र, भौतिकी, पुस्तकालय विज्ञान, फामेर्सी, प्राणी विज्ञान, विधि और प्रबंधन विभाग द्वारा मादक पदार्थो को रोकने हेतु जागरूकता रैली और विभिन्न प्रकार के प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं में नशे के दुष्परिणाम से लोगों को जागरूक करना है। नशा मुक्त भारत के लिए हमारी जिम्मेदारी नशा रोकना है। नशामुक्ति जागरूकता रैली विश्वविद्यालय परिसर से निकलकर बुडखुखरा और चेटर गांवों में जाकर सभी ग्रामीणों और नये युवा पीढ़ी को जागरूक किया गया। साथ ही विभिन्न विभागों के विधार्थियो ने चित्रांकन, पोस्टर, निबंध, भाषण और वाद-विवाद प्रतियागिता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

**नशे की लत से पूरा परिवार और समाज पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता हैं:** विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बीएन साह ने सभी को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। कहा कि किसी एक व्यक्ति की नशे की लत से पूरा परिवार और समाज पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता हैं। हम सबों को मिलकर मादक पदार्थों के खिलाफ लोगों को जागृत करना चाहिए। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के सचिव प्रियंका कुमारी, कुलपति प्रो समरेंद्र नाथ साहा, प्रति कुलपति प्रो रश्मि, कुलसचिव प्रो निर्मल कुमार मंडल, वित्त और लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक प्रो अशोक कुमार और प्रबंध समिति के सदस्य अजय कुमार शामिल थे।

## मादक पदार्थों का प्रयोग और उससे होनेवाले दुष्परिणाम पर कार्यक्रम आयोजित



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** महाविद्यालय रामगढ़ के राष्ट्रीय सेवा योजना यूनिट -1 और यूनिट -2 के तहत मादक पदार्थों का प्रयोग और उससे होने वाले दुष्परिणामों पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या डॉ रत्ना पांडे ने किया। साथ ही मादक पदार्थों से होने वाले खतरनाक दुष्परिणामों की ओर विद्यार्थियों का ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ जीवन शैली के लिए यह एक श्राप की तरह है। यूनिट-1 की प्रोग्राम पदाधिकारी डॉ कामना राय ने कहा कि एक बड़ी जनसंख्या मादक पदार्थों के सेवन से ग्रसित है और अपनी कमाई का बहुत बड़ा हिस्सा अपने इलाज पर खर्च कर रही है। जिससे उनकी आने वाली पीढ़ी का भविष्य अंधकारमय होता जा रहा है। इतिहास विभाग की प्रो रोज उरांव ने कहा कि विद्यार्थी जीवन से ही हमें संकल्प लेना होगा कि हम इसके चपेटे में ना आये और ना ही अपने परिवार के अन्य सदस्यों को आने दे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्वयंसेवकों ने भाग लिया। मौके पर राजा, आशीष, पूनम, निशा, अंजलि, आरती, मंजू, विभा, खुशी, खुशबू आदि उपस्थित थे।

## आनंद साईं दरबार के स्थापना दिवस के दूसरे दिन हवन का आयोजन

# अटूट भंडारा का आयोजन आज, श्रद्धालु होंगे शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** राधा कृष्ण कॉलोनी स्थित आनंद साईं दरबार के के 14 वें स्थापना दिवस समारोह के दूसरे दिन मंगलवार को पूजन और हवन का आयोजन किया गया। पुजारी राजेश पांडे कि देखरेख में यजमान नंदकिशोर गुप्ता सपत्नीक और शैलेन्द्र ठाकुर सपत्नीक ने विधिवत रूप से पूजन और हवन सम्पन्न किया। साथ ही क्षेत्र की खुशहाली और सुख समृद्धि की कामना की। वहीं, पूजन और हवन के उपरांत उपस्थित श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया।

**भंडारे का आयोजन किया जायेगा:** आनंद साईं दरबार के स्थापना दिवस समारोह के तीसरे दिन 26 जून को मंदिर परिसर में अटूट भंडारे का आयोजन किया जायेगा। जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे और भंडारे का महाप्रसाद ग्रहण करेंगे। भंडारे पूर्व पुजारी राजेश पांडे द्वारा साईं बाबा की विधिवत रूप से पूजा अर्चना की जायेगी।

कौन कौन थे उपस्थित

मौके पर अजीत जायसवाल, सुबोध सिन्हा, मुन्ना सिन्हा, सन्नी सिन्हा, अरुण कुमार महतो, आनंद प्रताप सिंह, शरद सिन्हा, शशि पांडे, विनोद साव, विनोद जायसवाल, आयुष कुमार गुप्ता, नवनीत कुमार, मल्लिका दत्ता, ज्योति मानसाता, नीलम केसरी, संध्या शर्मा, लक्ष्मी पटेल, ललिता कुमारी, मालरी देवी, उषा देवी, सुशीला देवी, मीना देवी सहित कई लोग उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना में दो युवकों की मौत

**चतरा/ चतरा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत सोमवार बीती रात हजारीबाग मुख्य पथ स्थित खरीक गांव के समीप सड़क दुर्घटना में दो युवकों की मौत हो गयी। मृतक युवकों की पहचान संघरी गांव निवासी मो एजाज और तल्हा के रूप में की गई। घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने संघरी के पास सड़क जाम कर दिया। ग्रामीण सड़क पर ब्रेकर लगाने, मृतक के परिजनों को 10-10 लाख मुआवजा, नौकरी की मांग पर अड़े थे। वहीं परिजनों का रो-रो के बुरा हाल है। पटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय थाना प्रभारी और अंचलाधिकारी ने काफी मशक्कत के बाद ग्रामीणों को समझा-बुझाकर सड़क जाम को हटाने में सफल रहे और शवों को कब्जे में ले कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

# 18वीं लोकसभा का पहला सत्र

सोमवार को 18वीं लोकसभा के पहले सत्र की शुरुआत हो गयी। हालांकि शुरुआती दो दिन सांसदों के शपथ ग्रहण की औपचारिकता ही होनी है, लेकिन फिर भी दोनों पक्षों के तेवर पहले ही दिन से यह संकेत दे रहे हैं कि न तो विपक्ष इस बार सदन में अपनी ताकत दिखाने का कोई मौका चूकना चाहता है और न ही सत्ता पक्ष उसे हलके में लेने के मूड में है। वैसे संख्या बल में जो भी थोड़ी-बहुत कमी रह गयी हो, तथ्य यह है कि 17वीं लोकसभा में भी विपक्ष ने विरोध की डिग्री में कोई कमी नहीं रहने दी थी। यह बात सदन के अंदर और बाहर विपक्ष के हंगामे, वॉकआउट, धरना-प्रदर्शन वगैरह में ही नहीं, सदन से विपक्षी सांसदों के निलंबन जैसी कार्रवाइयों में भी झलकती रही। बेशक इन सब पर पक्ष और विपक्ष का अपना अलग रुख है, उसके पीछे उनकी अपनी दलीलें भी हैं, लेकिन एक स्तर पर देखा जाये तो यह एक धड़कते, जिंदा लोकतंत्र की ज्वलंत निशानी भी मानी जायेंगी। बावजूद इसके, पिछली लोकसभा में कई मामलों में सत्ता पक्ष के सामने विपक्ष की कमजोरी भी दर्ज होती रही। पिछले करीब दस साल सदन में नेता प्रतिपक्ष की जगह खाली रही। 17वीं लोकसभा में तो कोई डिप्टी स्पीकर भी नहीं बनाया गया और विपक्ष सरकार को इसके लिए मजबूर नहीं कर सका। इस पृष्ठभूमि में 18वीं लोकसभा में विपक्षी सदस्यों की बढ़ी हुई संख्या उनके मनोबल और आत्मविश्वास को बढ़ाए हुए है।

**8वीं लोकसभा में विपक्षी सदस्यों की बढ़ी हुई संख्या उनके मनोबल और आत्मविश्वास को बढ़ाए हुए है। पहले दिन ही सदन के बाहर संविधान हाथ में लिए प्रदर्शन करते विपक्षी सांसदों ने यह संकेत दिया कि वे सरकार पर दबाव बनाने का कोई मौका इस बार नहीं चूकना चाहते।**

पहले दिन ही सदन के बाहर संविधान हाथ में लिए प्रदर्शन करते विपक्षी सांसदों ने यह संकेत दिया कि वे सरकार पर दबाव बनाने का कोई मौका इस बार नहीं चूकना चाहते। दूसरी ओर सत्ता पक्ष भी अपने गठबंधन की मजबूती को कम समझने वालों के सारे भ्रम दूर करते चलने को कृत संकल्प दिख रहा है। विपक्षी सांसदों के प्रदर्शन के जवाब में आपातकाल की याद दिलाने वाला पीएम मोदी का बयान बताता है कि विपक्षी दलों की हर ईंट का जवाब पत्थर से देने की तैयारी सत्ता पक्ष ने भी कर रखी है। मुद्दों की कमी नहीं है। चाहे चुनावों से पहले के अग्निवीर और जाति जनगणना जैसे मुद्दे हों या महंगाई और बेरोजगारी जैसे शाश्वत माने जाने वाले सवाल या फिर पेपरलीक से जुड़े आरोप- सदन में ये उठेंगे ही। असल चुनौती यह है कि बदले समीकरणों के बीच विपक्ष अपनी बढ़ी हुई ताकत का कितना कुशल और रचनात्मक इस्तेमाल कर सकता है और सत्ता पक्ष इस ऊर्जा को ईंधन बनाते हुए किस हद तक देश के विकास को गति दे पाता है। यही कसौटी है, जो मतदाताओं के इस जनादेश ने दोनों के लिए तय की है।

अभिमत
आजाद सिपाही

**मस्क ने एक्स पर लिखा, इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों को खत्म कर देना चाहिए, क्योंकि इनके इंसानों और आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस यानी एआइ द्वारा हैक किये जा सकने का खतरा है। हालांकि यह खतरा कम है, लेकिन फिर भी बहुत बड़ा है। दरअसल अमेरिका में इसी साल नवंबर में राष्ट्रपति चुनाव होने हैं, जिसमें वर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडेन और पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच मुख्य मुकाबले के आसार हैं। मस्क ने यह टिप्पणी राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार रॉबर्ट एफ कैनेडी जूनियर की एक पोस्ट को रिट्वीट करते हुए लिखी।**

# जल्द नतीजों से ज्यादा जरूरी है संदेहमुक्त चुनाव

राज कुमार सिंह

इवीएम पर विवाद थमते नहीं दिखते। दुनिया के बड़े अमीर और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के मालिक एलन मस्क ने अब इसे अंतरराष्ट्रीय बना दिया है। मस्क ने एक्स पर लिखा, इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों को खत्म कर देना चाहिए, क्योंकि इनके इंसानों और आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस यानी एआइ द्वारा हैक किये जा सकने का खतरा है। हालांकि यह खतरा कम है, लेकिन फिर भी बहुत बड़ा है। दरअसल अमेरिका में इसी साल नवंबर में राष्ट्रपति चुनाव होने हैं, जिसमें वर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडेन और पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच मुख्य मुकाबले के आसार हैं। मस्क ने यह टिप्पणी राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार रॉबर्ट एफ कैनेडी जूनियर की एक पोस्ट को रिट्वीट करते हुए लिखी।

कैनेडी ने अपने पोस्ट में प्यूर्टो रिको के चुनाव में इवीएम से जुड़ी धांधलियों के बारे में लिखा, प्यूर्टो रिको के प्राइमरी इलेक्शन में इवीएम से वोटिंग में कई अनियमितताएं सामने आयीं। सौभाग्य से पेपर ट्रेल था, इसलिए उन्हें पहचान कर वोटों की गिनती को सही किया गया। सोचिए, जिन क्षेत्रों में पेपर ट्रेल नहीं हैं, वहां क्या होता होगा। अमेरिकी नागरिकों के लिए जानना आवश्यक है कि उनके हर वोट की गिनती की गयी है और उनके चुनावों में सेंध नहीं लगायी जा सकती। चुनावों में इलेक्ट्रॉनिक हस्तक्षेप से बचने के लिए पेपर बैलेट पर लौटना चाहिए।

**कागजी मतपत्रों की तुलना में इवीएम एक विश्वसनीय मतदान पद्धति बनी हुई है।**



**अमेरिका में कुछ राज्य मतदान के लिए वोटिंग मशीन इस्तेमाल करते हैं, तो कुछ मतपत्र। अब जबकि अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में ही इवीएम की विश्वसनीयता पर सवालों के बीच बैलेट पेपर से मतदान की मांग उठी है, तो विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत में भी उसकी गूंज स्वाभाविक है। वीवीपैट के शत-प्रतिशत मिलान से अगर संदेह का समाधान होता है, तो उस दिशा में भी सोचा जाना चाहिए।**

कैनेडी की पोस्ट और उसे रिट्वीट करते हुए मस्क द्वारा लिखी गयी पोस्ट का संदर्भ अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव से है, लेकिन भारत में भी इस पर तीखी प्रतिक्रिया हुई है। नरेंद्र मोदी सरकार के पूर्व आइटी मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने मस्क की इस टिप्पणी कि ऐसी कोई डिजिटल डिवाइस नहीं बन सकती, जो हैक या टैंपर न की जा सके, को चुनौती देते हुए भारत की ईवीएम पर उन्हें ट्यूशन देने की बात तक कह दी।

मस्क की जवाबी संक्षिप्त टिप्पणी आयी कि कुछ भी हैक किया जा सकता है, तो चंद्रशेखर के बोल बदल गये, हालांकि आप तकनीकी रूप से सही हैं, कुछ भी संभव है, मगर कागजी मतपत्रों की तुलना में इवीएम एक विश्वसनीय मतदान पद्धति बनी हुई है।

पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने मस्क की पोस्ट को रिट्वीट करते हुए टिप्पणी की कि भारत में इवीएम ब्लैक बॉक्स की तरह है। किसी को भी इसकी जांच की अनुमति नहीं है। हमारी चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता को लेकर गंभीर चिंताएं व्यक्त की जा रही हैं। जब संस्थानों में जवाबदेही की कमी हो जाती है, तो लोकतंत्र एक दिखावा बन जाता है और वह धोखाधड़ी का शिकार हो जाता है। मस्क की टिप्पणी के बाद इवीएम पर भारत में विवाद बढ़ने की आशंका इसलिए भी है, क्योंकि 2009 से ही उनकी विश्वसनीयता पर विपक्ष सवाल उठाता रहा है। 2009 में जब केंद्र में कांग्रेसनीत यूपीए सरकार थी, तब भाजपा नेता जीवीएल नरसिम्हा ने इवीएम की विश्वसनीयता पर सवाल उठाते हुए पुस्तक लिखी थी, जिसकी भूमिका लाल कृष्ण अडवानी ने लिखी थी।

अडवानी तब भाजपा के प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार थे। मामला अदालत तक भी गया था। 2014 में केंद्र की सत्ता मिल जाने के बाद भाजपा के लिए इवीएम संदेह मुक्त हो गयी और विपक्ष में पहुंच गए दलों को उसमें खामियां नजर आने लगीं। मार्च, 2017 में 5 राज्यों के विधानसभा चुनाव हुए तो 13 दलों ने परिणामों पर सवाल उठाया। चुनाव आयोग से शिकायत भी की गयी, लेकिन 2018 के अंत में हुए राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को सत्ता मिल गयी तो इवीएम पर विपक्ष मौन हो गया।

मामला चुनाव प्रक्रिया में जनता के विश्वास से जुड़ा है, इसलिए उसे और अधिक पारदर्शी एवं विश्वसनीय बनाने पर सर्वोच्च अदालत में सुनवाई आगे भी होगी। अक्सर पूछा जाता है कि जब मोबाइल-कम्प्यूटर आदि उपकरण से छेड़छाड़ संभव है, तो इवीएम से क्यों नहीं? चुनाव आयोग इस स्वाभाविक सवाल का जवाब तकनीकी प्रक्रिया समेत दे चुका है, पर विपक्ष का विश्वास हासिल नहीं कर पाया। छेड़छाड़ को साबित करने के लिए आयोग ने राजनीतिक दलों को शर्तों के साथ आमंत्रित भी किया था, लेकिन कोई दल नहीं पहुंचा। तर्क यह भी है कि जर्मनी आदि कुछ विकसित देश इवीएम पर उठे सवालों के बाद बैलेट पेपर से मतदान पर वापस लौट गये, लेकिन जवाबी तर्क होता है कि दो दर्जन देशों में किसी-न-किसी रूप में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग सिस्टम से चुनाव होते हैं। इनमें विश्व के सबसे पुराने लोकतंत्र अमेरिका से लेकर एस्टोनिया जैसा छोटा देश शामिल है।

हां, अमेरिका में कुछ राज्य मतदान के लिए वोटिंग मशीन इस्तेमाल करते हैं, तो कुछ मतपत्र। अब जबकि अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में ही इवीएम की विश्वसनीयता पर सवालों के बीच बैलेट पेपर से मतदान की मांग उठी है, तो विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत में भी उसकी गूंज स्वाभाविक है। वीवीपैट के शत-प्रतिशत मिलान से अगर संदेह का समाधान होता है, तो उस दिशा में भी सोचा जाना चाहिए। चुनाव कोई टी-20 क्रिकेट नहीं, लोकतंत्र की प्राणवायु है। संदेह मुक्त, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करना, उनके परिणाम जल्द घोषित करने से कहीं ज्यादा जरूरी है।

## जमशेदपुर की खबरें

# श्री लक्ष्मीनारायण की प्रतिमा जयपुर से जमशेदपुर पहुंची





आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** भगवान श्री लक्ष्मीनारायण जी की प्रतिमा मंगलवार को जयपुर से जमशेदपुर पहुंच गयी। प्रतिमा को दोपहर बाद टीनप्लेट चौक से केबुल टाउन स्थित श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर प्रांगण में लाया गया। टीनप्लेट चौक से मंदिर प्रांगण तक सैकड़ों भक्त मौजूद थे और जिस ट्रक पर प्रतिमा रखी थी, उसके साथ चल रहे थे। तासा पार्टी भी साथ में थी जो भक्तिमय धुन बजा रही थी। लोग भाव-विभोर होकर नाचते हुए चल रहे थे। इस भीड़ के साथ जमशेदपुर पूर्वी के विधायक श्री सरयू राय भी थे। भगवान की प्रतिमा अभी मंदिर प्रांगण में ही रखी गई है। तीन जुलाई को विधिवत पूजा आदि के बाद नगर भ्रमण का कार्यक्रम होगा। तदुपरांत 7 जुलाई को पूरे विधि-विधान के साथ प्राण-प्रतिष्ठा का कार्यक्रम होगा। विधायक श्री सरयू राय ने जमशेदपुर वासियों से 3 से 7 जुलाई तक मंदिर प्रांगण में होने वाले धार्मिक अनुष्ठान में भाग लेकर पुण्य का भागी बनने की अपील की है। आपको बताते चलें कि दिनांक 3 जुलाई को जलयात्रा, पंचांग पूजन, ब्राह्मण वरण, मंडप प्रवेश, वेदी निर्माण, नगर भ्रमण और जलाधिवास होगा जबकि 4 जुलाई को देवताओं का आवाहन पूजन, पाठ, जप, धन्नाधिवास, धृताधिवास, गन्धाधिवास और धूपाधिवास होगा।

दिनांक 5 जुलाई को मंडपस्थ आवाहित देवताओं का पूजन, अरणी मंथन द्वारा अग्नि स्थापन, पाठ जप, हवन, पुष्पाधिवास, फलाधिवास, वस्त्राधिवास, औषध्याधिवास और मिष्ठानाधिवास होगा तो दिनांक 6 जुलाई को आवाहित देवताओं का पूजन, पाठ, हवन, देवस्नपन, नगर भ्रमण और शय्याधिवास। दिनांक 7 जुलाई को आवाहित देवताओं का पूजन, जप, मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा, पूर्णाहुति और भोग वितरण का कार्यक्रम है। 5 जुलाई को प्रख्यात जीवन प्रबंधन विशेषज्ञ एवं आध्यात्मिक गुरु पं. विजय शंकर मेहता जी का उद्बोधन होगा।

# कालिंदी ने जुगसलाई की समस्याओं के हल का दिया आश्वासन

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** विधायक मंगल कालिंदी ने जुगसलाई विधान सभा स्थित हुरलुंग पंचायत के गरुड़बासा क्षेत्र का दौरा किया। मंगलवार को स्थानीय ग्रामीणों ने विधायक कालिंदी से पहाड़ के ऊपर शिव मंदिर के सौंदर्यीकरण और सीढ़ी बनाने की मांग की। मौके पर विधायक ने जनता की परेशानी और आस्था की मामले को संज्ञान में लेते हुए जल्द निर्माण का भरोसा जताया। विधायक ने शिव मंदिर दर्शन कर जल्द मंदिर में सौंदर्यीकरण और सीढ़ी निर्माण का आश्वासन दिया। ताकि स्थानीय लोगों को मंदिर में दर्शन करने में कोई कठिनाइयां ना हो। मौके पर विधायक ने क्षेत्र में नाली और अन्य समस्या से अवगत हुए। जल्द से जल्द समाधान का आश्वासन दिया। मौके पर रमेश लोहार, आशा देवी, भरत चौधरी, अरुण सिंह, सुनील लोहार, शिवचरण सिंह और स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# भाजपा ने आपातकाल के विरोध में मनाया काला दिवस

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की ओर से 1975 में लागू आपातकाल के विरोध में भाजपा जमशेदपुर महानगर ने मंगलवार को काला दिवस मनाया। मानगो स्थित बड़ा हनुमान मंदिर सभागार में महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा की अध्यक्षता में 'लोकतंत्र की रक्षा-हमारा संकल्प' विषय पर आयोजित संगोष्ठी में आपातकाल को भारतीय इतिहास का सबसे काला अध्याय बताते हुए लोकतंत्र की रक्षा में अपने प्राणों की आहुति देने वाले लोकतंत्र सेनानियों को स्मरण कर नमन किया गया। इस दौरान झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी, कार्यक्रम के प्रभारी गुरविंदर सिंह सेठी, पूर्व विधायक मेनका सरदार, प्रदेश मंत्री नंदजी समेत अन्य नेतागण विशेष रूप से मौजूद रहे। इस दौरान आपातकाल के दौरान जेल गए लौहनगरी जमशेदपुर के लोकतंत्र सेनानियों ने आपातकाल के अनुभव साझा किए। नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने आपातकाल के समय जेल में यातनाएं झेलने वाले लोकतंत्र के सजग प्रहरी राम प्रवीण पांडेय, हरेंद्र सिंह, अश्विनी कुमार अवस्थी को अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित कर आभार जताया। इससे पहले, भाजपा नेताओं ने कार्यक्रम स्थल से गांधी मैदान तक पदयात्रा कर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया। इस दौरान कार्यकताओं ने बांह पर काली पट्टी बांधकर विरोध दर्ज कराया। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष ब्रह्मदेव नारायण शर्मा, देवेंद्र सिंह, अभय सिंह, चंद्रशेखर मिश्रा, बिनोद सिंह, राजकुमार श्रीवास्तव, दिनेश कुमार, गुंजन यादव, जिप परिषद उपाध्यक्ष पंकज सिन्हा, सांसद प्रतिनिधि संजीव कुमार, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मनोज कुमार सिंह, मिथिलेश सिंह यादव, कुलवंत सिंह बंटी, कल्याणी शरण, राजन सिंह, डॉ राजीव, योगेश मल्होत्रा, अनिल सिंह, दशरथ चौबे, बबुआ सिंह, संजीव सिन्हा, संजीव सिंह,अनिल मोदी, जितेंद्र राय, पप्पू सिंह, मंजीत सिंह, विजय तिवारी, ज्ञान प्रकाश, बिनोद सिंह, नारायण पोद्दार, कौस्तव रॉय, राजपति देवी, अमिताभ सेनापति, बिमल बैठा, मोर्चा अध्यक्ष अमित अग्रवाल, बीनानंद सिरका, मुचिराम बाउरी समेत मंडल अध्यक्ष बिनोद राय, सुरेश शर्मा, ध्रुव मिश्रा, संतोष ठाकुर, दीपक झा, दीपक पॉल, पवन सिंह, सुनील सिंह मुंडा, शांतनु मुखर्जी, मंटू चरण दत्ता, प्रधान महतो, अभिमन्यु सिंह, चंदन चौबे, संतोष कुमार, शैलेश गुप्ता, संजीत चौरसिया समेत अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# करोड़ों के जीएसटी घोटाले में उद्योगपति ज्ञानचंद गिरफ्तार



**दो दशक पहले व्यवसाय की शुरुआत करने वाले उद्योगपति ने अकूत धन कमाया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** झारखंड के जमशेदपुर में जीएसटी इंटेलिजेंस ने अरबों रुपये के जीएसटी घोटाले का पर्दाफाश किया है। इस मामले में शहर के जाने-माने उद्योगपति ज्ञानचंद जायसवाल उर्फ बबलू जायसवाल को गिरफ्तार कर लिया गया है। बबलू पर फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट के जरिए 500 करोड़ रुपये से अधिक की धोखाधड़ी का आरोप है। सोमवार शाम को जीएसटी इंटेलिजेंस ने बबलू को साकची स्थित अपने कार्यालय में बुलाया। कई घंटों तक उनसे पूछताछ की गयी और इसके बाद उन्हें हिरासत में ले लिया गया। मंगलवार को बबलू को जेल भेज दिया गया।

ज्ञानचंद जायसवाल उर्फ बबलू जायसवाल जमशेदपुर के रसूखदार व्यवसायियों में गिने जाते हैं। लोहा और स्क्रैप के कारोबार में उनका जाल पूरे झारखंड और आसपास के राज्यों तक फैला हुआ है। लगभग दो दशक पहले अपने व्यवसाय की शुरुआत करने वाले बबलू ने देखते ही देखते अपने बिजनेस को बुलंदियों तक पहुंचाया। हालांकि, कहा जाता है कि तरक्की की इस राह पर उन्होंने कई गलत रास्ते भी अख्तियार किये। पिछले कुछ समय से बबलू के बढ़ते व्यापार और आयकर रिटर्न में गड़बड़ी को लेकर जीएसटी इंटेलिजेंस को शक हुआ था। विभाग को गुप्त सूचना मिली थी कि बबलू फर्जी कंपनियों के जरिए बड़े पैमाने पर जीएसटी की चोरी कर रहे हैं। इसके बाद विभाग ने बबलू पर नजर रखना शुरू कर दिया था। जीएसटी इंटेलिजेंस की जांच में पता चला है कि बबलू जालसाजी के एक बड़े रैकेट से जुड़े थे। इस रैकेट में 100 से ज्यादा फर्जी कंपनियां शामिल हैं, जिनके जरिए तीन हजार करोड़ रुपये से अधिक का लेनदेन किया गया। अकेले जमशेदपुर में ही 150 करोड़ रुपये से ज्यादा के जीएसटी घोटाले का खुलासा हुआ है। बबलू की गिरफ़्तारी के बाद जीएसटी इंटेलिजेंस की टीम इस पूरे मामले की तह तक जाने में जुट गयी है। टीम इस बात का पता लगाने की कोशिश कर रही है कि इस घोटाले में और कौन-कौन लोग शामिल हैं। साथ ही, टीम यह भी जानने की कोशिश कर रही है कि बबलू ने कितने समय से जीएसटी की चोरी की है और उन्होंने कितना काला धन कमाया है। बबलू की गिरफ़्तारी से जमशेदपुर के व्यापारिक हलकों में हड़कंप मच गया है। कई और बड़े व्यापारियों के भी इस मामले में फंसने की आशंका है।

# बच्चों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं : डीसी

**जिला स्तरीय टीएलएम मेला का आयोजन**

**टीएलएम देखें, सीखें और अपने-अपने विद्यालयों में लागू करें: डीसी**

**केजीविभी और जेबिएभी की टॉपर छात्राओं को किया गया सम्मानित**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** झारखंड शिक्षा परियोजना गढ़वा के तत्वाधान में निपुण समागम के तहत जिला स्तरीय टीएलएम (टीचिंग लर्निंग मटेरियल) मेला का आयोजन नीलांबर पीतांबर बहुउद्देशीय संस्कृतिक भवन टाउन हॉल गढ़वा में किया गया। उक्त मेला का शुभारंभ आयोजन के विशिष्ट अतिथि उपायुक्त गढ़वा शेखर जमुआर और मंचासीन जिला शिक्षा अधीक्षक, क्षेत्रीय शिक्षा पदाधिकारी, गढ़वा व अन्य ने द्वीप प्रज्वलित कर किया।

जिला स्तरीय टीएलएम मेला के तहत प्रखंडवार स्टॉल आवंटित था, जिसमें जिला स्तरीय कार्यशाला हेतु नामित शिक्षकों द्वारा बनाये गये टीएलएम के साथ-साथ सभी प्रखंडों में एफएलएनको लेकर किये जा रहे कार्यों का प्रदर्शन किया गया। सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन वाले प्रखंड का चयन गठित समिति द्वारा करते हुए उन्हें पुरस्कृत किया जायेगा। मेला स्थल पर जिला स्तरीय पदाधिकारी के साथ-साथ स्वयंसेवी संगठनों, डायट फेकेल्टी, बीआरपी और सी आर पीकी भी उपस्थिति रही। साथ ही मेला में नजदीकी (शहरी) क्षेत्र के विद्यालयों के विद्यार्थी और शिक्षकों की उपस्थिति की रही।

उक्त टीएलएम मेला का आयोजन का मुख्य उद्देश्य खेल-खेल में बच्चों में पढ़ने की क्षमता विकसित करना है। टीएलएम के प्रयोग से कम समय में बच्चों को अक्षरों और अंको की बेहतर पहचान और अध्ययन में बेहतर क्षमता विकसित करना है।

टीएलएम के इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों के साथ-साथ शिक्षकों की भी उपस्थित रही जिसमें कहा गया कि टीएलएम देखें और सिखें तथा अपने विद्यालय में भी लागू करें जिससे गुणवत्तापूर्ण शिक्षण कार्य हो सके। उपायुक्त ने अपने संबोधन में कहा कि यह कार्यक्रम उत्साहवर्धक है। सभी शिक्षक बधाई के पात्र हैं। हम सभी को सीखने की प्रवृत्ति रखनी चाहिए। शिक्षकों को अपने आप को अब अपग्रेड करने की आवश्यकता है। यदि हमारी बेसिक शिक्षा सही रही तो बच्चे भी सही शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे। अपने-अपने स्कूलों में टीएलएम की मदद से बच्चों को शिक्षा दें। गढ़वा के बच्चों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है।

केजीबीवी कांडी की छात्रा किरण कुमारी को मैट्रिक में 91% अंक लाने हेतु प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया। जबकि कल्पना कुमारी को 87.4% अंक लाने हेतु द्वितीय और निर्मला कुमारी को 86.8% अंक लाने पर तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसी प्रकार केजीबीवी गढ़वा की इंटर (विज्ञान) की छात्राओं में प्रियंका कुमारी को 74.20% अंक लाने पर प्रथम पुरस्कार दिया गया। रूपा कुमारी को 73.20% लाने पर द्वितीय पुरस्कार तथा साक्षी कुमारी को 73% अंक लाने पर तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उक्त मौके पर उपायुक्त जमुआर द्वारा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय कांडी, रमना, मेराल और गढ़वा के वार्डन को भी अच्छे शिक्षण सुविधा प्रदान करने हेतु सम्मानित किया गया।

इस टीएलएम मेला के आयोजन में बताया गया कि गढ़वा जिले से लगभग 100 शिक्षकों को राज्य स्तरीय टीएलएम मेला कार्यक्रम भाग लेने हेतु भेजा जायेगा, जिससे गढ़वा के विभिन्न स्कूलों के बच्चों को बेहतर शिक्षा हेतु लाभ मिलें।

## झामुमो ने डीसी को सौंपा ज्ञापन, कार्रवाई की मांग की, कहा

# सदर अस्पताल में लापरवाही से मरीजों को हो रही परेशानी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गढ़वा।** गढ़वा सदर अस्पताल में लापरवाही का जबरदस्त आलम बना हुआ है। यहां आये दिन लगातार मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में झामुमो के प्रतिनिधि मंडल ने डीसी शेखर जमुआर को आवेदन सौंप कर अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही की शिकायत करते हुए प्रबंधन के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की है। डीसी को सौंपे गये आवेदन में कहा गया है कि सदर अस्पताल प्रबंधन और चिकित्सकों द्वारा लगातार लापरवाही की जा रही है। गत सोमवार की संध्या पचपड़वा में एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। उसके शव को सदर हॉस्पिटल लाया गया। इस दौरान यहां कोई भी कर्मी, प्रबंधक या चिकित्सक सहयोग के लिए मौजूद नहीं थे। वास्तविक जानकारी के लिए रात्रि नौ बजे से 11 बजे का तक सीसीटीवी की जांच करायी जा सकती है। आवेदन में कहा गया है कि हत्या जैसे गंभीर अपराध में जहां एक ओर पुलिस प्रशासन तथा जिला प्रशासन सक्रियता के साथ सजग होकर काम कर रही थी। वहीं दूसरी और अस्पताल प्रबंधन का लापरवाह रवैया सोच से परे था। ऐसी हरकतों से स्थानीय जन प्रतिनिधि की बदनामी हो रही है। झामुमो नेताओं ने कहा है कि इस मामले की जांच कर लापरवाह कर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाये। यदि भविष्य में पुनः ऐसी स्थिति उत्पन्न होती है तो जनहित में ऐसे भ्रष्ट, असंवेदनशील एवं लापरवाह अधिकारियों का झामुमो लोकतंत्रिक रूप से विरोध करेगी। आवेदन सौंपने वालों में झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर आदि का नाम शामिल है।

## जंगली हाथी ने एक व्यक्ति को कुचला, मौत

**भंडारिया (आजाद सिपाही)।** भंडरिया प्रखंड बिजका पंचायत के परो गांव में बीती रात्रि एक जंगली हाथी महरु सिंह के घर को तोड़ने लगा, तभी महरु सिंह का अचानक नींद टूटा, नींद टूटने के बाद वह भागने लगा और भागने के क्रम में जंगली हाथी ने महरु सिंह को पटक कर पैर से कुचल दिया। गांव वालों के शोर गुल के बाद हाथी जंगल की ओर भाग गया। जिसके बाद गांव वालों ने घायल महरु सिंह को भंडारिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर उपचार के लिए डालटेनगंज सदर अस्पताल भेज दिया गया। सदर अस्पताल के बाद डॉक्टर ने उनको मृत घोषित कर दिया। भंडारिया रेंजर अजय कुमार टोप्पो के द्वारा तत्काल दस हजार रुपये का सहायता राशि दिया गया। और कहा कि कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद सरकारी सहायता राशि चार लाख देने का प्रावधान है। मौके पर झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री कृष्णानंद त्रिपाठी के भाई गोपाल त्रिपाठी ने पहुंच पूरे परिवार को सांत्वना देते दिया। उन्होंने कहा कि सरकारी प्रक्रिया के तहत पारिवारिक लाभ के साथ-साथ जो भी सहायता राशि आता है, वह जल्द दिलाने का काम करेंगे।

# एसपीडी कॉलेज में नशा के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**गढ़वा।** सूरत पांडेय डिग्री कॉलेज में मंगलवार को एनएसएस और एनसीसी के संयुक्त तत्वावधान में मादक पदार्थो के विरुद्ध जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर प्राचार्य प्रो. निकलेश चौबे ने कहा कि मादक पदार्थों के निरंतर उपयोग से मनुष्य में अनेक तरह की शारीरिक विकृतियां आ सकती हैं।

प्राचार्य ने कहा कि मादक पदार्थों का दुरुपयोग से व्यक्ति की शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक स्थिति को विकृत कर देता है। ऐसा करने से व्यक्ति की आर्थिक स्थिति बिगड़ जाती है और उसके सामाजिक संबंध खराब हो जाते हैं। मादक पदार्थ शरीर के महत्वपूर्ण अंगों को नष्ट करना आरंभ कर देते हैं। इस स्थिति में वह स्वयं के लिए किसी प्रकार का उपार्जन करने में असमर्थ हो जाता है। जबकि व्यसन से उसके मादक प्रदार्थ को खरीदने के लिए अधिक धन की आवश्यकता पड़ती है। मौके पर डॉ. हिमांशु भूषण जरुहार ने कहा कि मादक पदार्थ के सेवन की समस्याओं में कई जटिलताएं हैं। वे यकृत रोग, फेफड़ों की बीमारी, हृदय रोग, विटामिन की कमी और मस्तिष्क क्षति जैसी शारीरिक समस्याएं पैदा कर सकती है। कार्यक्रम का संचालन प्रो. कमलेश सिन्हा ने और धन्यवाद ज्ञापन प्रो. धीरज कुमार मिश्रा ने किया। इस मौके पर मोजाहिम अंसारी, आयुष केशरी, अभिषेक कुमार, विकास कुमार, नितेश कुमार तिवारी, छोटू कुमार, दिवाकर कुमार रजक, सुरज कुमार, बिरेंद्र कुमार, पिंकी कुमारी, सलोनी पांडेय, आशा कुमारी, मीना कुमारी, संतोष चौधरी, निशा कुमारी आदि छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# पंसस चंदन कुमार ठाकुर ने अबुआ आवास में भ्रष्टाचार को लेकर आमरण अनशन शुरू किया

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**भवनाथपुर।** प्रखंड में अबुआ आवास में व्याप्त भ्रष्टाचार और गड़बड़ी को लेकर भवनाथपुर पंचायत समिति सदस्य सह पंचायत समिति सदस्य संघ के प्रखंड अध्यक्ष चंदन कुमार ठाकुर ने आठ सूत्री मांगों को लेकर मंगलवार से प्रखंड कार्यालय परिसर में आमरण अनशन शुरू कर दिया है। पंसस चंदन ठाकुर ने बताया कि सरकार द्वारा चलायी जा रही अबुआ आवास योजना में पारदर्शिता नहीं रहने के कारण योग्य और जरूरतमंद लोगों को आवास का लाभ नहीं मिल पा रहा है। आवास का जियो टैग करने का काम सरकार द्वारा चुने गये स्वयं सेवको का है, लेकिन स्वयं सेवक से कार्य नहीं कराया जा रहा है। अबुआ आवास के प्रतीक्षा सूची का प्रकाशन सभी पंचायत सचिवालय में दीवार लेखन कर नहीं कराने से उपरोक्त योजना में भ्रष्टाचार हावी है, जिसके चलते गरीब, गृह विहीन, दिव्यांग, आवास विहीन लोगों को अबुआ आवास का लाभ नहीं मिल रहा है। सभी पंचायतों में मनरेगा योजना में पंचायत समिति सदस्य और वार्ड सदस्य के जानकारी के बिना योजना का संचालन हो रहा है। उपरोक्त जनप्रतिनिधियों के जानकारी के बिना योजना का कार्य होने से मनरेगा में भ्रष्टाचार हावी है। मनरेगा से वर्ष 2018 से अब तक बने पशु शेड, मिट्टी मोरम सड़क, कूप निर्माण योजना का सामग्री मद और मेठ, मिस्त्री का पैसा बकाया है, जिस से लाभुक परेशान हैं। राष्ट्रीय वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन योजना के लाभूको का पिछले पांच माह से पेंशन बकाया रहने से परेशानी हो रही है। पंसस चंदन कुमार ठाकुर ने बताया कि उपरोक्त मुद्दों को लेकर कई बार अधिकारियों को आवेदन दिया लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई, इसलिए बाध्य होकर ग्रामीणों के साथ आमरण अनशन पर बैठे है। कहा कि जब तक मांग पूरी नहीं होती तब तक यह अनशन जारी रहेगा। मौके पर मनोज पहाड़िया, अरसली दक्षिणी पंसस शकील अहमद, सुरेश गुप्ता, दयानन्द यादव, ब्रह्मदेव चंद्रवंशी,वार्ड सदस्य मनोज बैठा, घनश्याम शुक्ला, दयानंद प्रजापति, महेंद्र बैठा, विनोद पासवान, सुरेश प्रजापति, उर्मिला देवी, सरिता देवी, रीना देवी, प्रभा देवी, लक्ष्मी देवी, गुड्डी देवी, प्रतिमा देवी सहित अन्य मौजूद थे।

## शिवनाथ राम की अचानक मृत्यु

**हरिहरपुर(आजाद सिपाही)।** ओपी क्षेत्र अंतर्गत चौबे मझिगावां गांव के अस्नाखांड टोले निवासी जानकी राम उम्र 65 वर्ष पिता शिवनाथ राम की मृत्यु मंगलवार की सुबह हो गयी। उन्हें मंगलवार की सुबह लगभग तीन बजे सीने में हल्की दर्द होने को बताया उसके बाद घर में उपस्थित महिलाओं ने आसपास से प्राथमिक उपचार कराया, सुबह पांच बजे के आसपास उनकी मृत्यु हो जाती है। जानकी राम के दो पुत्र हैं बड़ा लड़का मनोज राम यूट्यूब चैनल ग्रीनलाइन में कुछ दिनों तक पत्रकारिता किये उसके पश्चात वर्तमान में उत्तरप्रदेश के रेनुकूट में एक निजी कंपनी में कार्य कर रहा है। वहीं छोटा पुत्र प्रवेश राम सीआरपीएफ में छतीसगढ़ के सुकमा जिले में कार्यरत है।

# झामुमो प्रखंड कमेटी का विस्तार

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**रंका।** झारखंड मुक्ति मोर्चा रंका प्रखंड कार्यालय में सोमवार को जिलाध्यक्ष तनवीर आलम खान और जिला सचिव मनोज ठाकुर के उपस्थिति में समिक्षा बैठक सह रंका प्रखंड कमेटी का विस्तार किया गया। इस अवसर पर पंचायत अध्यक्षों की बातों को सुनने के बाद संबोधन में तनबीर आलम खान ने कहा कि आप सबों की समस्याओं से मंत्री मिथिलेश ठाकुर को अवगत कराकर समाधान कराया जायेगा। आप सभी कार्यकर्ता संगठन के कार्यों में लग जायें। जिलाध्यक्ष ने उपस्थित सभी पदाधिकारियों के राय पर प्रखंड कमेटी का विस्तार किया गया। जिसमें रंका प्रखंड अध्यक्ष आशीष कुमार गुप्ता, सचिव इरफान अंसारी, उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र पाठक भंडूल, संजय सिन्हा, परशु ठाकुर, सुदामा भुईयां, अमानुल्लाह अंसारी, नरेश सिंह, अरविंद सोनी, कोषाध्यक्ष अंबिका सोनी, सह कोषाध्यक्ष मनोज जायसवाल, संगठन सचिव रामचंद्र प्रजापति, सह संगठन सचिव मदन खान, सह सचिव उपेन्द्र भुईयां, मिडिया प्रभारी धीरज कुमार, संयुक्त सचिव ललन यादव, जितू सिंह, नौशाद राय, रामाधार ठाकुर, अनिल राम, कार्यकारिणी सदस्य राजेश कु० मद्धेशिया, नौशाद अंसारी, त्योफिल लकड़ा, विनय सोनी, रमेश प्रसाद, छोटू सिद्दीकी, प्रदीप प्रजापति, दीपक सिंह खरवार, सुरेन्द्र सिंह, सुमन सिंह, विजय, रमेश, मिथिलेश, प्रताप सिंह और अंबिका सिंह को बनाया गया।

इस मौके पर जिला युवाध्यक्ष संजय सिंह छोटू, जिला अल्पसंख्यक उपाध्यक्ष आफताब आलम, बीस सूत्रि प्रखंड उपाध्यक्ष कार्तिक पांडेय, विधायक प्रतिनिधि अनिल चंद्रवंशी, युवा प्रखंड अध्यक्ष दीपक कुमार सोनी, अनुमंडल मिडिया प्रभारी शिव कुमार रवि, महिला प्रखंड अध्यक्ष मालती देवी, सहित सभी पंचायत के अध्यक्ष, सचिव और झामुमो कार्यकर्ता काफी संख्या में उपस्थित थे।

# दुकानदार दो दिनों के अंदर अतिक्रमण स्थल मुक्त करें, नहीं तो चलेगा बुलडोजर : एसडीओ

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रंका।** पिछले रविवार को रंका थाना शांति समिति की बैठक में लिए गये निर्णय के आलोक में रंका अनुमंडल पदाधिकारी रूद्र प्रताप, एसडीपीओ रोहित रंजन सिंह, अंचल पदाधिकारी शिव पूजन तिवारी और थाना प्रभारी सह पुलिस इंस्पेक्टर प्रवीण कुमार ने संयुक्त रूप से रंका अतिक्रमण स्थल का पैदल घूमकर अवलोकन किया, और दुकानदारों सहित अन्य लोगों को स्वयं अतिक्रमण स्थल को मुक्त करते हुए नाली के अंदर दुकान संचालित करने का हिदायत दिया। इस अवसर पर रंका बस स्टैंड, जन एच 343 के दोनों बगल, सब्जी बाजार के दुकानदारों से एसडीओ रूद्र प्रताप ने कहा कि आप समझदारी का परिचय देते हुए स्वयं अतिक्रमण स्थल को छोड़ दें नहीं तो बुलडोजर से अतिक्रमण मुक्त किया जायेगा। इस बाबत कार्यवाई करते हुए मंगलवार को रंका के कर्मचारी विकास कपड़दार और अंचल अमिन पांडेय के द्वारा नापी कर लाल क्रौस का निशान भी लगाने का काम जारी कर दिया गया है। जिसमें लाल निशान से बाहर रहना है। जो अंदर पाये जायेंगे, उन्हें बाहर किया जायेगा।

## अतिक्रमण मुक्त करने को लेकर मापी कर सीमांकन किया

**कांडी(आजाद सिपाही)।** बाजार और मुख्य सड़क को अतिक्रमण मुक्त करने को लेकर मंगलवार को अंचल कर्मियों की छः सदस्यीय एक टीम ने मापी कर सीमांकन किया। खाता संख्या 01 प्लॉट 374 व खाता 241 प्लॉट 301 की भूमि का मापी कर सीमांकन किया गया। अंचल अमीन धर्मदेव राम व सहयोगी अरुण राम ने सीमांकन का कार्य किये। अंचल निरीक्षक जगरनाथ मांझी ने बताया कि कांडी बाजार की 78 डिसमिल सरकारी जमीन व मुख्य सड़क को अतिक्रमण मुक्त करने को लेकर आज से सीमांकन का कार्य शुरू किया गया है। उम्मीद है कल तक सीमांकन का कार्य पूरा कर लिया जायेगा। समाचार लिखे जाने तक 32 विभिन्न लोगों के द्वारा सरकारी जमीन को अतिक्रमण किये जाने को लेकर चिन्हित किया जा चुका था। जिसमें संतोष कुमार, विनोद प्रसाद,गया ठाकुर, अनिल प्रसाद, विकास, जयमालुद्दीन राईन, हबीब राईन व राजेश साव आदि शामिल हैं। कांडी पंचायत मुखिया विजय राम अपनी देखरेख में सीमांकन का कार्य करा रहे हैं।

# गढ़वा के बेरोजगार युवाओं को एसआइएस देगा स्थायी रोजगार, लगेगा भर्ती कैंप : कमांडेंट

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**भर्ती कैंप का स्थान और तिथियां इस प्रकार से हैं**

1. मेराल ब्लॉक परिसर में 26.06.2024
2. कांडी ब्लॉक परिसर में 27.06.2024
3. बरडीहा ब्लॉक परिसर में 28.06.2024
4. बिसुनपुरा ब्लॉक परिसर में 29.06.2024
5. मंझियाओ ब्लॉक परिसर में 01.07.2024
6. गढ़वा ब्लॉक परिसर में 02.07.2024 को भर्ती कैंप लगेगा

**गढ़वा।** गढ़वा जिला गढ़वा के सभी ब्लॉक परिसरों में 24 जून 2024 से 2 जुलाई 2024 तक बहाली कैंप लगाया जा रहा है, जिसमें गढ़वा जिला के शहरी और ग्रामीण बेरोजगार युवाओं को एसआईएस लिमिटेड द्वारा बहाली करके चयनित किया जायेगा, यह जानकारी ग्रुप कमांडेंट रमेश कुमार जसवाल ने दी। उन्होंने बताया कि जिसमें जवानों का शारीरिक शारीरिक जांच और लिखित परीक्षा के उपरांत उनका रजिस्ट्रेशन किया जायेगा और आवेदन फॉर्म शुल्क रुपये 350 देय होगा। इसके बाद सभी चयनित उम्मीदवारों को सेंट्रल टेनिंग एकेडमी अनुशासनपुरम गढ़वा में एक मास का प्रशिक्षण प्रदान दिया जायेगा।

ट्रेनिंग सेंटर में आने के बाद उनका डॉक्यूमेंट्स वेरिफिकेशन होने के बाद उनको एक मास का भोजन रहना, और कीट उपलब्ध करायी जायेगी। जिसमें पीटी, ड्रील, थ्योरी, औद्योगिक सुरक्षा, भीआईपी सुरक्षा, प्राथमिक उपचार, फायर फाइटिंग, कंप्यूटर, बैंक सिक्यूरिटी, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग की सुरक्षा, सरकारी कार्यालयों की सुरक्षा इत्यादि का प्रशिक्षण प्रदान करके एसआईएस लिमिटेड के 3000 कार्यस्थलों पर नौकरी उपलब्ध कराई जायेगी। भर्ती शिविर के संबंध में जानकारी देते हुए भर्ती रमेश कुमार जसवाल ने बताया की भर्ती होने के लिए शारीरिक रूप से स्वस्थ योग्य उम्मीदवार, मैट्रिक पास या फेल, उम्र 19 वर्ष से 40 वर्ष तक ही होनी चाहिए और लंबाई कम से कम 167.5 सेंटीमीटर होनी चाहिए।

भर्ती अधिकारी ने आगे बताया कि जिले के बेरोजगार नवयुवकों को चयन करके उन्हें प्रशिक्षण और रोजगार उपलब्ध कराया जायेगा तथा उम्मीदवारों को प्रशिक्षण हेतू नियुक्ति पत्र दिया जायेगा। प्रशिक्षण के उपरांत सभी जवानों को एस. आई. एस. लि0 जो आई0 एस0 ओ0 9001-2008 मानक विभाग में रोजगार उपलब्ध कराया जायेगा। साथ ही प्रशिक्षण के उपरांत उम्मीदवारों को भारत सरकार के द्वारा प्रशिक्षण प्रमाण पत्र भी उपलब्ध कराया जायेगा।

राज्य सरकार के न्यूनतम वेतन अधिनियम एक्ट 1984 के अंतर्गत अन्य भत्ता योग्यतानुसार, पी. एफ. सरकारी पेंशन, विधवा पेंशन, बोनस, गेच्यूटी, ई. एस. आई, ग्रुप इन्श्यारेंस , मेडिकल आवास और रियाती मेस की सुविधा, प्रमोशन, दो योग्य बच्चों को आई. पी. एस. देहरादून में पढ़ाने की व्यवस्था तथा स्थानांतरण के दौरान यात्रा भत्ता और खाने की सुविधा दी जाती है।

**Government of Jharkhand**
**Urban Development & Housing Department,Municipal Corporation, Hazaribag**

**e- Procurement**
**Short Notice Inviting Tender**

**Reference No. - UDD/HMC/HZB/06/2024-25**
**Head :- Urban Transport, Civic Amenities**
1.Detail of work

| Group No. | Name of work | Estimated Cost (Rs.) | Earnest Money | Cost of BOQ | Completion period for construction |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Construction of R.C.C drain from Karpuri Thakur Chowk to H/o Girdhari Rana in Ward No. 03 Under Municipal Corporation, Hazaribag | 18,89,300/- | 38,000/- | 5,900/- | 90 Days |
| 2. | Construction of B.T Road from H/o Sunil Kumar Suman to Gandhi Smark, from Kala Road to H/O Arvind Kumar Jha, from H/o Arjun Kumar to H/o Navin Sinha in Ward No. 04 Under Municipal Corporation, Hazaribag | 19,33,100/- | 40,000/- | 5,900/- | 90 Days |
| 3. | Construction of R.C.C Drain & Culvert from H/o Angesh Kumar to H/o Tej Narayan from H/o Manoj Kumar Sinha to H/o Santan Pathak, H/o Arjun Rana to H/o Madhav Dubey House Okani 4th Lane in ward no. 20 under Municipal Corporation, Hazaribag | 14,98,000/- | 30,000/- | 5,900/- | 90 Days |
| 2. | Date of Publication of Tender on website | **26.06.2024 at 11:00 A.M.** | | | |
| 3. | Last Date/Time of receipt of bids online | **12.07.2024 up to 5:00 P.M.** | | | |
| 4. | Bid Opening date | **13.07.2024 at 11:00 A.M.** | | | |
| 6. | Name & Address of office inviting tender | Municipal Commissioner Cum Administrator Municipal Corporation, Hazaribag. | | | |
| 7. | Contact No. of Procurement officer | 8219204356 | | | |

NOTE :
- Only e-Tenders will be accepted.
- Further details can be seen on website http:/jharkhandtenders.gov.in
- e-Procurement में Tender Fee एवं EMD की राशि ऑनलाईन सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई–गवर्नेस विभाग, झारखण्ड, रांची का आदेश ज्ञापांक 120, दिनांक 03.10.2023 एवं नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखण्ड रांची का पत्रांक 05/विविध (e-Tender)–12/2023/नoवि– 4847 (अनु.) दिनांक 11.10.2023 के तहत् ली जायेगी।

Sd/-
Administrator
Municipal Corporation, Hazaribag

PR 327652 Urban Development and Housing(24-25).D

## डीएमओ ने अवैध बालू भंडार के खिलाफ दर्ज करायी प्राथमिकी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**लातेहार।** लातेहार उपायुक्त गरिमा सिंह के निर्देश पर अवैध बालू भंडारण को लेकर लातेहार डीएमओ आनंद कुमार ने कार्रवाई की है एवं बालूमाथ में रेलवे निर्माण कार्य कर रहे उपकार इन्फ्रा प्रोजेक्ट प्राईवेट लिमिटेड एवं संलिप्त व्यक्तियों पर बालूमाथ थाना में प्राथमिकी दर्ज की कार्रवाई गयी। साथ ही अवैध बालू भंडारण में संलिप्त व्यक्तियों को चिहिंत करते हुए कार्रवाई का निर्देश दिया गया।

### क्या है मामला

डीएमओ आनंद कुमार ने बताया कि 20 जून को छापेमारी के दौरान खान निरीक्षक पदमलोचन ओहदार एवं पुलिस बल के द्वारा मकईयाटांड के रेलवे कैंप में अवैध रूप से 1 लाख 50 हजार घनफूट बालू पाया गया। जिसे जब्त कर लिया गया एवं जांच में पाया गया कि रेलवे निर्माण कार्य में लगे उपकार इन्फ्रा प्रोजेक्ट प्राईवेट लिमिटेड कंपनी की संलिप्ता उजागर हुई। जांच के दौरान पाया गया कि कंपनी द्वारा किसी प्रकार के बालू भंडारित संबंधित लाइसेंस नहीं लिया गया और नहीं आवेदन ही दिया गया है। जिसके बाद कंपनी से 24 घंटे के अंदर स्पष्टीकरण करते हुए अपना पक्ष रखने का निर्देश दिया गया। कंपनी के द्वारा 1 लाख 8 हजार घनफुट का ही कागजात उपलब्ध कराये गये एवं बालू भंडारण में भिन्नता पायी गयी। वही बालू भंडारण लाइसेंस या डीलर संबंधित कोई भी कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया। जिसके बाद डीएमओ के द्वारा अवैध बालू भंडारण को लेकर उपकार इन्फ्रा प्रोजेक्ट प्राईवेट लिमिटेड कंपनी एवं संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ बालूमाथ थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी।

### रेफरल सेंटर बन कर रह गया है बालूमाथ सीएचसी

## इलाज के इंतजार में पूरी रात तड़पता रहा घायल युवक, ग्रामीणों में गुस्सा

अस्पताल में सारी दवाइयां रहने के बाद भी मरीजों को प्राइवेट बाहर मेडिकलों से लाने को बोलते हैं

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बालूमाथ/ बारियातू।** बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ केंद्र में बीते सोमवार की रात्रि डॉक्टरों की बड़ी लापरवाही सामने आयी है। साल्वे पंचायत के मुखिया राजीव भगत ने सोमवार रात्रि प्रेम उरांव, पिता बाढ़ों उरांव की सड़क दुर्घटना मे घायल होने की सूचना पाकर बालूमाथ समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहूंचे। जहां अस्पताल में कोई डॉक्टर नही दिखें और मरीज एक तरफ बेसुध पड़ा रहा। परिजन पूरी रात डाक्टर के आश में भटकते रहे।



मुखिया भगत ने बताया कि घंटों इंतजार करने के बाद डॉक्टर सुरेन्द्र कुमार पहुंचे और एक झलक देख कर बिना कोई उपचार किए रिम्स रेफर कर दिया। जिससे मुखिया एवं पीड़ित परिवार उप मुखिया पति, सह कांग्रेस नेता राजदेव उरांव, पूर्व पंसस कामेश्वर उरांव, शिव प्रसाद उरांव, चंदु उरांव सहित अन्य लोगों ने काफी नाराज हुए और मंगलवार सुबह 108 एंबुलेंस को बुला कर रांची स्थित रिम्स ले गये।

परिजनों ने बताया कि सोमवार रात प्रेम उरांव, अपने मोटरसाइकिल से नचना मे एक रिश्तेदार के घर शादी समारोह में शामिल होने जा रहा था कि लैंपस के समीप अनियंत्रित होकर गिर गया और बेहोश पड़ा था। स्थानीय पुलिस ने गश्ती के दौरान गिरा पड़ा देख घायल को बालूमाथ समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचा दिया था। इसकी सूचना स्थानीय मुखिया भगत को दिया गया। मुखिया ने आगे कहा कि अस्पताल में किसी भी मरीज का समय पर इलाज नही हो पा रहा है। वहीं डॉक्टर अस्पताल में नहीं रहते हैं और अगर किसी मरीज का इलाज भी करते हैं तो अस्पताल में सारी दवाइयां रहने के बाद भी गरीब मरीजों को प्राइवेट दवाइयां बाहर मेडिकलों से लाने को बोलते है। जिससे आमजन मानस बहुत परेशान हो रहे हैं। मुखिया ने लातेहार विधायक बैजनाथ राम, उपायुक्त गरिमा सिंह एवं सीवीलसर्जन से डाक्टरों के प्रति जांच कर कार्रवाई करने एवं घायल प्रेम को समुचित इलाज कराने की मांग किया है।

## 30 को प्रतिभा चयन ट्रायल प्रतियोगिता का आयोजन

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय के निदेश पर नये आवासीय क्रीड़ा प्रशिक्षण केंद्र एवं सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (एकलव्य केंद्रों) में प्रशिक्षुओं के रिक्त पदों को भरे जाने के लिए प्रतिभा चयन ट्रायल प्रतियोगिता 2024-25 का आयोजन दिनांक 30 जून 2024 को दक्षिणी छोटोनागपुर प्रमण्डल के लिए रांची, उत्तरी छोटानागपुर प्रमण्डल के लिए चतरा, कोल्हान प्रमण्डल के लिए पूर्वी सिंहभूम, पलामू प्रमंडल के लिए पलामू और संथाल परगना प्रमंडल के लिए देवघर जिला में आयोजित किया जायेगा। आयोजनकर्त्ता नोडल पदाधिकारी संबंधित आयोजक जिला के जिला के जिला खेल पदाधिकारी हैं। उक्त जानकारी जिला खेल पदाधिकारी उपवन बड़ा ने दी।

## हाथियों ने 15 दिनों में दर्जनों घरों और खेत में लगी फसल को किया बर्बाद



**कुडू / लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** कुडू में हाथियों का आतंक थमने का नाम नही ले रहा है। पिछले एक पखवाड़े से प्रखंड के विभिन्न गांव में घूम रहे इन हाथियों ने लगभग तीन दर्जन घरों को तोड़ दिया और खेतों में लगी फसलों को नष्ट कर दिया है। सोमवार की रात हाथियों का यह झुंड परखण्ड के इटरा बड़मारा गांव पहुंचा और फिर अपनी विध्वंशक कारवाई शुरू कर दी। और मनोज उरांव, संगीता उरांव, नागेश्वर उरांव, अकलू भगत के घरों को तोड़ डाला। प्रतिदिन किसी न किसी गांव में हो रहे हाथियों के इस हमले से क्षेत्रवासियों की नींद उड़ी हुई है। खासकर सुदूरवर्ती और जंगल्वर्ती इलाके में बसे गांव के लोगो को अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोग पूरी रात जागकर अपने घरों और फसलों की रखवाली करने पर मजबुर हैं। पीड़ित ग्रामीण प्रशासन से हाथियों से निजात दिलाने और नुकसान कि भरपाई के लिए मुआवजे की मांग कर रहे हैं।

## इमरजेंसी के 50 वर्ष पूरे होने पर भाजपा ने काला दिवस मनाया

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**लोहरदगा।** 25 जून 1975 को कांग्रेस के प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा रायबरेली चुनाव हार जाने के बाद संविधान को ताक में रखकर देश में इमरजेंसी लगाने का काम किया गया था, जिसके 50 वर्ष पूरे होने पर भारतीय जनता पार्टी लोहरदगा जिला द्वारा हटिया गार्डन में काला दिवस मनाया गया। इमरजेंसी के दौरान भारतीय जनसंघ के कार्यकताओं को बिना वजह गिरफ्तार कर जेल में डाला गया। उनमें से एक उमेश कास्यकर इस कार्यक्रम में उपस्थित थे. इमरजेंसी के दौरान इंदिरा गांधी ने कई ऐसे कार्य किया जिससे जनता का उत्पीड़न हुआ। उन्होंने जबरदस्ती नसबंदी लोगों की कार्रवाई और देश भर के विरोधी दल के नेताओं को जेल में डालने का काम किया था। भाजपा जिला प्रभारी एवं मुख्य वक्ता सुनीता सिंह ने कहा की जो इल्जाम आज कांग्रेस द्वारा नरेंद्र मोदी सरकार के ऊपर लगाया गया कि उन्होंने संविधान बदलने का काम किया जो कि सरासर गलत है और जनता को दिग्गभ्रमित करने का काम किया गया। आने वाले दिनों में जनता के साथ लेकर भारतीय जनता पार्टी झारखंड में अपनी सरकार बनाएगी। भाजपा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव ने कहा कि आज देश के सर्वोच्च पद पर राष्ट्रपति के रूप में एक आदिवासी महिला को बनाया गया है जिसके रहते किसी भी अनुसूचित जाति ,अनुसूचित जनजाति या पिछड़ा वर्ग का आरक्षण को समाप्त नहीं किया जा सकता है। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष नवीन कुमार टिंकू, महिला मोर्चा के जिला अध्यक्ष कलावती देवी, प्रकाश नायक, विमल कांत सिंह, संगीता कुमारी, राजेश महतो समेत अन्य मौजूद थे।



## पुलिस टॉर्चर के शिकार ग्रामीण को 5 लाख मुआवजा देने का आदेश

दोषी अधिकारी से वसूली जायेगी राशि

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** लातेहार में ग्रामीण अनिल कुमार सिंह को नक्सली के संदेह में गारू थाना के तत्कालीन प्रभारी रंजीत कुमार यादव द्वारा घर से उठाकर उसे थाना में टॉर्चर करने मामले की सीआइडी जांच को लेकर दाखिल क्रिमिनल रिट पर झारखंड हाइकोर्ट ने अपना फैसला सुनाया।

कोर्ट में ग्रामीण अनिल कुमार सिंह को 5 लाख का मुआवजा देने का निर्देश राज्य सरकार को दिया है। मुआवजा की राशि दोषी अधिकारी से वसूलने का निर्देश दिया है। पूर्व की सुनवाई में कोर्ट ने राज्य के डीजीपी को शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया था। कोर्ट ने उनसे पूछा था कि इस मामले में दोषी के खिलाफ क्यों नहीं उचित कार्रवाई की गयी।

वहीं प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता शैलेश कुमार पोद्दार ने कोर्ट को बताया था अनिल कुमार सिंह को गारू थाना की तत्कालीन थाना प्रभारी रंजीत कुमार यादव ने उसके घर से उठाकर 2 दिनों तक उसे थाने में रखा था और उसे काफी टॉर्चर किया था। मारपीट करने के साथ-साथ उसके पिछले प्राइवेट पार्ट में पेट्रोल भी डाला गया था। इस संबंध में अनिल कुमार द्वारा थाने में प्राथमिकी के लिए आवेदन दिया गया था, बाद में 7 माह बाद रंजीत कुमार यादव के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी। लेकिन अब तक तत्कालीन थाना प्रभारी पर किसी तरह का कार्रवाई नहीं हुई है। तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी इस घटना को संज्ञान में लेते हुए ट्वीट कर पुलिस अधिकारियों को दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया था। प्रार्थी का यह भी कहना था कि जिस थाना में उसने रंजीत कुमार यादव के खिलाफ मामला दर्ज है, उसके वे थाना प्रभारी थे। ऐसे में उस थाने में मामले की जांच की निष्पक्षता पर भी सवाल उठेगा। इसलिए मामले को सीआइडी या किसी स्वतंत्र एजेंसी को दिया जाये। दरअसल , लातेहार के छिपादोहर थाना क्षेत्र निवासी अनिल कुमार सिंह को 22 फरवरी 2022 को गारू थाना पुलिस ने उठाया था। उसे गारू थाना में ले जाकर थाना प्रभारी रंजीत कुमार यादव ने 2 दिनों तक उसके साथ काफी बर्बरता की थी। बाद में पुलिस ने कहा कि पहचानने में गलती हुई है, गलती से उसे उठाया गया है।

## सड़क दुर्घटना में व्यक्ति की मौत, अज्ञात ट्रैक्टर चालक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज

**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** सड़क दुर्घटना में बरही कनैली मोड़ में पिता की मौत के बाद पुत्री ने अज्ञात ट्रैक्टर चालक के विरुद्ध आरोप लगाते हुए सेन्हा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराकर न्याय की गुहार लगायी है। विदित हो कि सेन्हा थाना क्षेत्र के बरही कनैली मोड़ के समीप बीते शनिवार को टोटो निवासी चंद्रपाल सिंह अपने नाती के साथ लोहरदगा से आम बेचने के बाद घर लौट रहे थे। उसी क्रम में बरही कनैली मोड़ मेला टांड़ के समीप पीछे से आ रहा ट्रैक्टर चालक लापरवाही व तेज रफ्तार से ट्रैक्टर चलाते हुए चालक ने लूना मोटरसाइकिल जे एच 08 बी 5066 धक्का मारते हुए रौंद डाला था। मृतक की पुत्री ललिता देवी ने अज्ञात ट्रैक्टर चालक पर आरोप लगाते हुए चालक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने का प्रशासन से अपील किया है। वही थाना प्रभारी अजित कुमार ने इस संदर्भ में जानकारी देते हुए कहा कि मृतक के पुत्री द्वारा प्राप्त आवेदन के आलोक में घटना को संज्ञान में लेते हुए अज्ञात वाहन एवं चालक के विरुद्ध कार्रवाई आरंभ कर दिया गया है।

## सड़क दुर्घटना में तीन लोग घायल, एक रिम्स रेफर

**भंडरा (आजाद सिपाही)।** रांची लोहरदगा मुख्य पथ के चट्टी गांव के समीप मंगलवार की सुबह सड़क दुर्घटना में तीन लोग बुरी तरह घायल हो गये। सभी घायलों को ग्रामीणों की मदद से भंडरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार कर गंभीर रूप से घायल अंकित उरांव को रांची रिम्स रेफर किया गया। बताया जाता है कि रांची होचर पतराटोली निवासी अंकित उरांव पिता बुधराम उरांव अपने होचर निवासी दोस्त बबलू उरांव पिता स्व सुनील भगत और सोमेश्वर उरांव पिता स्व बिरसा उरांव के साथ लोहरदगा शादी कार्यक्रम में आए थे। मंगलवार की सुबह में अपनी बाइक से रांची लौट रहे थे। इसी दौरान रांची लोहरदगा मुख्य पथ के चट्टी गांव के समीप उनकी बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। जिससे तीनों लोग बुरी तरह घायल हो गये। इसी बीच रांची की ओर से आ रही अज्ञात ट्रक ने सड़क पर मूर्क्षित पड़े अमित पर ट्रक चढ़ा दिया। जिससे अमित का हेलमेट क्षतिग्रस्त हो गया हालांकि हेलमेट के कारण उसके सिर कुचलने से बच गया। इधर भंडरा पुलिस मामले की पड़ताल शुरू कर दी है.

## पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला शुरू

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**लोहरदगा।** पीएमश्री विद्यालयों के शिक्षकों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ सहायक जिला कार्यक्रम पदाधिकारी अशोक कुमार पांडेय, फील्ड मैनेजर आकाश कुमार, प्रशिक्षक अरुण राम, महबूब आलम, डाइट चिरी के प्रभारी प्राचार्य अमृता ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए एपीओ अशोक कुमार पांडेय ने बतलाया कि प्रशिक्षण का उद्देश्य सतत विकास करना, स्वमूल्यांकन करना होता है। परिस्थितियों के बदलने के साथ ही अपने आप को भी परिवर्तन करना होगा। शिक्षकों का स्थान सर्वोपरि होता है, हमारा भी दायित्व है कि हम विद्यालय के बच्चों को बेहतर माहौल देखकर उनके सर्वांगीण विकास में सहयोग करें। फील्ड मैनेजर आकाश कुमार ने बतलाया कि प्रशिक्षण कार्यशाला से शिक्षकों के में बौद्धिक विकास होता है, परिणाम स्वरुप बेहतर कार्य करने में हम सक्षम हो सकेंगे। प्रशिक्षके अरुण राम ने बतलाया कि पीएम श्री विद्यालय का चयन भारत सरकार द्वारा किया गया है यह स्वयं में हीं उपलब्धि भरा है। पीएम श्री विद्यालय के सभी शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिसमें ग्रीन स्कूल क्लीन स्कूल, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, स्कूल लीडरशीप, मेन्टल हेल्थ, पीएमश्री स्कूल का एक्शन प्लान, नवाचार, आत्मरक्षा, व्यवसायिक शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, प्रोजेक्ट इम्पेक्ट इत्यादि विषयों पर जानकारी दी जाएगी। प्रशिक्षणोपरांत सभी अपने विद्यालय में बेहतर कर सकेंगे। प्रशिक्षक महबूब आलम ने बतलाया कि शिक्षण सत्र में उपस्थित सभी शिक्षकों के द्वारा समय उपस्थिति का अनुपालन कर अधिक से अधिक लाभ प्राप्त किया जा सकता है जिसका सीधा लाभ बच्चों को मिलेगा। इस अवसर पर सुजाता कुजूर, रश्मि कुजूर, मीरा उरांव, चंचल कुमारी, आरती, सोनी टोप्पो, सजीत एक्का, पीतरूस उरांव, पंकज कुमार, राजश्री भगत सहित जिला के सभी पीएम श्री स्कूल के शिक्षकों ने भाग लिया।




## लोकतंत्र की हत्या के लिए लगाया गया था आपातकाल : मनोज सिंह

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**लातेहार।** लातेहार भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर लोकतंत्र की रक्षा में अपना योगदान देने वाले लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस मौके पर जनपद के लोकतंत्र रक्षक सेनानियों के संघर्ष को भी सराहा गया। मुख्य अतिथि व मुख्य वक्ता प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह ने कहा कि 25 जून 1975 को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने लोकतंत्र की हत्या करने के उद्देश्य से देश में आपातकाल लगा दिया जो भारत के इतिहास में भारतीय लोकतंत्र और राजनीति के सबसे काले अध्याय के रूप में जाना जाता है। जिलाध्यक्ष पंकज सिंह ने कहा कि लोकतंत्र की रक्षा के लिए कुछ ने प्रत्यक्ष रूप से कुछ ने भूमिगत रहकर लोकतंत्र की रक्षा में अपना योगदान दिया। जिला प्रभारी व जिला उपाध्यक्ष के अलावा मनिका पूर्व विधायक हरे कृष्ण सिंह, भाजपा कार्य समिति सदस्य एवं पूर्व विश्व सूत्री उपाध्यक्ष राजधानी यादव, मनबहाल सिंह माला पहनकर स्वागत किया। राजधानी यादव ने बताया कि राजनीतिक अस्तित्व और सत्ता बचाने के लिए देश पर आपातकाल थोप दिया। उस समय इंदिरा गांधी की अधिनायकवादी नीतियों, भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा और सामाजिक अव्यवस्था के विरुद्ध सर्वोदयी नेता जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में 'समग्र क्रांति आंदोलन' चल रहा था। उन्हें राजनीति से बेदखल कर दिया था। न्यायालय के फैसले से बौखलाई इंदिरा गांधी ने बिना केन्द्रीय मंत्रिमंडल की सहमति एवं कांग्रेस कार्यकारिणी की राय लिए सीधे राष्ट्रपति महोदय से मिलकर सारे देश में इमरजेंसी लागू करवा दी। इस मौके पर जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा महताब आलम, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मुकेश पांडेय, जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, वंसी यादव जिला महामंत्री, जिला के उपाध्यक्ष उषा देवी, उत्तम कुमार सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## टीएलएम मेला का आयोजन आज



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** जिला शिक्षा पदाधिकारी सह जिला कार्यक्रम पदाधिकारी झारखंड शिक्षा परियोजना लोहरदगा की नीलम आइलीन टोप्पो ने प्रेस कांफ्रेंस कर जानकारी दी है कि 26 जून 2024 को जिला स्तरीय टीएलएम मेला का आयोजन नगर भवन लोहरदगा प्रखंड परिसर में किया जायेगा। उन्होंने जानकारी दी कि टीएलएम के माध्यम से आनंददायी शिक्षा देने निमित्त तथा प्राथमिक कक्षाओं में उनकी मातृभाषा के तहत जिले के सभी वर्ग 01 से 05 वर्ग तक के विधार्थियों को निपुण बनाना उद्देश्य है। उन्होंने बताया की समझ और अंक गणित के साथ पढ़ने में प्रवीणता के लिए राष्ट्रीय पहल (निपुण भारत एफएलएन मिशन) के तहत केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा सुरु किया गया एक व्यापक शिक्षा कार्यक्रम है, जिसमे निपुण भारत के तीन प्रमुख लक्ष्य है जिनमे शिक्षक क्षमता निर्माण, उच्च गुणवत्ता युक्त छात्र शिक्षक संसाधनों शिक्षण सामग्रीयों का विकास और प्रत्येक बच्चों की प्रगति पर नजर रखना है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में अशोक कुमार पांडेय टीएलएम शिक्षक, कबीर अंसारी ऊपर कोचा मध्य विद्यालय किस्को और जुबैर अख्तर ककरगढ़ मध्य विद्यालय कुडू के शिक्षक उपस्थित थे।

## खेलों में निरंतर अभ्यास करने से ही सफलता मिलती है : डीडीसी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**लोहरदगा।** स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग, झारखंड के निदेश के आलोक में झारखंड शिक्षा परियोजना, लोहरदगा (शिक्षा विभाग) के तत्वाधान में 63वीं प्री सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल प्रतियोगिता 2024-25 का जिला स्तरीय आयोजन संत स्तानिसलॉस उच्च विद्यालय, लोहरदगा के मैदान में की गई। यह आयोजन दिनाँक 25 से 27 जून 2024 तक अंडर-17 (बालक और बालिका) वर्ग तथा अंडर-15 बालक वर्ग की प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना है। प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, उप विकास आयुक्त, लोहरदगा, नीलम आईलीन टोप्पो, जिला शिक्षा पदाधिकारी, लोहरदगा सह डीपीओ, जेईपी, लोहरदगा, अशोक पांडेय, एपीओ, विश्वास दीपक झा, एपीएम सह प्रभाग प्रभारी, आकाश कुमार,फील्ड मैनेजर एंव जीतेन्द्र मित्तल,सीआरपी,लोहरदगा आदि के द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया गया। उपविकास आयुक्त, लोहरदगा ने कहा कि खेल खिलाड़ियों में अनुशासन और उनमें टीम भावना के साथ साथ प्रतिस्पर्धा को बढ़ाता है। खेलों में निरंतर अभ्यास करने से ही सफलता मिलती है। साथ ही फुटबॉल प्रतियोगिता का यह खेल छात्रों के सम्पूर्ण व्यक्तित्व में निखारने का कार्य करती है। लगातार अभ्यास करने से इसमें निखार आता है। राज्य स्तरीय खेल के लिए शुभकामना दी। डीइओ ने कहा कि राज्य स्तर पर जिले का प्रदर्शन अच्छा हो इसके लिए यह आवश्यक है कि चयनित टीम लगातार अभ्यास करें एवं खेल की बारीकियां को समझे तथा खेल को खेल की भावनाओं से खेलें। इस प्रतियोगिता में जिला के प्रखंड स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता के सभी प्रखण्ड विजेता टीमों के अंडर-17 वर्ग में बालक और बालिका और अंडर 15 वर्ग में बालक की टीमें भाग ली। कार्यक्रम के मंचीय संचालन अशोक पांडेय ,एपीओ, लोहरदगा द्वारा किया गया। जिला स्तर पर विजयी टीम प्रमंडल स्तर पर जुलाई 2024 से होने वाले प्रतियोगिता में जिला का रांची में प्रतिनिधित्व करेगी। मैच के सफल संचालन हेतु शिक्षा विभाग से संजय उरांव, शैलेन्द्र सुमन, जीतेंद्र मित्तल, रश्मि खेस, खुशबू सिंह, सारू उरांव, रंजू साहू, संतोष टोप्पो, विपिन किशोर, ज्ञानप्रकाश आदि अपना योगदान दे रहे हैं।



## बनवारी साहू कॉलेज में इग्नू का केंद्र शुरू

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**लातेहार।** लातेहार बनवारी साहु महाविद्यालय, लातेहार में दुरस्त शिक्षा प्राप्त करने हेतू इग्नू का केन्द्र प्रारंभ हो गया है। नामांकन 2024 सत्र का जूलाई से प्रारंभ है। वैसे लोग जो सरकारी/ अर्धसरकारी विभाग में कार्यरत है और अपना योग्यता बढ़ाना चाहते है उनके लिए सुनहरा अवसर है। अपने विभाग में कार्य करते हुए स्नातक/ स्नातकोत्तर का डिग्री हासिल कर सकते है। अथक प्रयास के बाद यहां केन्द्र की स्थापना हो पाया है। जिसका श्रेय स्थानीय विधायक वैद्यनाथ राम एवं महाविद्यालय प्रबंधन को जाता है। इग्नू केन्द्र खुल जाने से महाविद्यालय के शिक्षक/ शिक्षकेत्तर कर्मी एवं लातेहार के जनता में हर्ष का माहौल है। इस केंद्र का कोड 32054 है तथा केंद्र के कॉ-ऑर्डिनेनटर महाविद्यालय के इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो० शतुघ्न मेहता तथा डाइरेक्टर प्राचार्य प्रो० प्रदीप कुमार तिवारी है।




## मच्छरों को कम करने के लिए नप ने शुरू किया दवा का छिड़काव



**लातेहार (आजाद सिपाही)।** लातेहार नगर पंचायत के द्वारा शहर में बढ़ते मच्छरों के प्रकोप को नियंत्रित करने के लिए दवा का छिड़काव शुरू कर दिया गया है। शहरी क्षेत्र में मच्छरों को नियंत्रित करने के लिए यह अभियान 15 जुलाई तक चलाया जायेगा। इसे लेकर नगर पंचायत प्रशासक राजीव रंजन ने आदेश दे दिया है। जानकारी हो की बरसात के दिनों में मच्छरों का प्रकोप काफी बढ़ जाता है। इसी को देखते हुए नगर पंचायत ने सभी वार्डों में मच्छरों से बचाव के लिए मच्छर मारने वाली दवाई का छिड़काव कराने का निर्णय लिया है। फागिंग नगर पंचायत के सभी वार्ड में करायी जायेगी। इसे लेकर नगर पंचायत के द्वारा सभी वार्डों में फॉगिंग करने की तिथि की भी घोषाणा कर दी गयी है। मच्छरों के बढ़े प्रकोप को कम करने के लिए शुरू किया गया है यह अभियान प्रशासक राजीव रंजन ने कहा कि गंदगी और जलजमाव से मच्छरों के बढ़े प्रकोप को कम करने के लिए नगर पंचायत के द्वारा यह सघन अभियान शुरू किया है। इसके तहत नालियों में एंटी लार्वा दवा का छिड़काव किया जाएगा। साथ ही शहरी क्षेत्र के गली और मोहल्लों में फॉगिंग कराई जा रही है। साथ ही उन्होंने लोगों से आग्रह भी किया की दवा दिड़काव के समय लोग अपने घरों की खिड़कियां और दरवाजे को खुलें रखें। साथ ही पानी या अन्य कोई भी खाने वाले चीजों को ढक कर रखें।

## अपराधियों ने महिला के घर में चलायी गोली

**गुमला (आजाद सिपाही)।** सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत कुम्हरिया गांव में सोमवार की रात अज्ञात अपराधियों ने उषा देवी नामक महिला के घर में दो राउंड गोली चलायी। इसके बाद से महिला डरी सहमी रात गुजारी और मंगलवार को गुमला थाना पहुंचकर अज्ञात लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करायी है। महिला ने बताया मैं विधवा हूं और घर में अकेली रहती हूं। मेरी दो बेटियां हैं जिनकी शादी हो चुकी है। सोमवार की रात करीब 12:00 बजे अपने घर में सो रही थी। तभी घर के बाहर गोली की आवाज सुनाई दी इसके तुरंत बाद एक और गोली चली जो मेरे घर के एसवेस्टर को लगी और उसमें छेद हो गया। महिला ने बताया मेरी किसी से कोई दुश्मनी नहीं है। किसी से विवाद भी नहीं है। किसने और क्यों गोली चलायी समझ में नहीं आ रहा है। महिला ने गुमला थाना को आवेदन सौंप कर जान माल की सुरक्षा और अपराधियों पर कार्रवाई की मांग की है।

## एंबुलेंस चालकों ने धमकी देने के मामले को लेकर थाना में दिया आवेदन



**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला जिले के एंबुलेंस चालकों ने चिकित्सा हेल्थ केयर लिमिटेड के इएमआइ द्वारा अभद्र व्यवहार गाली गलौज एवं धमकी के मामले को लेकर थाना का आवेदन सौंप कार्रवाई की मांग की है। थाना को दिए आवेदन में लोहरदगा जिला उपरंगी निवासी अब्दुल रशीद पिता श्यामत अंसारी ने कहा रामलखन द्वारा मुझे धमकी के साथ फॉल्स केस लेने के लिए बोला गया। केस नही करने पर जाति सूचक शब्द का प्रयोग कर गाली-गलौज किया तथा सैलरी काटने तथा नौकरी से निकलने की धमकी दी है। इसके बाद आवेश में आकर ईएमआई के राम लखन साहू से थोड़ा हाथापाई हो गया। राम लखन का व्यवहार हमेशा खराब रहता है वह हमेशा हम लोगों को धमकी देता है मेरे अलावा अन्य एंबुलेंस चालकों को भी परेशान करता है। मामले को लेकर चालकों ने राम लखन पर उचित कार्रवाई की मांग की है। आवेदन सौंपने वालों में काफी संख्या में जिले के एंबुलेंस चालक शामिल थे।

## बाइक चोरी के आरोपी के घर पुलिस ने नोटिस चिपकाया



**गुमला (आजाद सिपाही)।** सुरसांग थाना की पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी के आरोपी छत्तीसगढ़ राज्य के जशपुर जिला अंतर्गत बरपानी गांव निवासी आदित्य मिंज पिता विकास मिंज के घर न्यायालय से निर्गत नोटिस चिपकाया है। सुरसांग थाना के एएसआइ सुरेश कुमार ने बताया 2023 में कोंडरा गांव में ईद मेला के रात्रि में एक मोटरसाइकिल की चोरी हुई थी। जिसे पुलिस ने छत्तीसगढ़ के जयपुर से बरामद किया था। जिसमें आदित्य मिंज अभियुक्त है और लंबे समय से फरार चल रहा है। न्यायालय द्वारा कई बार आत्मसमर्पण के लिए नोटिस भी दिया गया। लेकिन अभियुक्त आत्म समर्पण नहीं कर रहा है। जिसके बाद उसके घर के दीवाल पर नोटिस चिपकाया गया। अभियुक्त न्यायालय में आत्मसमर्पण नहीं करता है तो उसके घर की कुर्की जब्ती की जायेगी।

## ट्रैक्टर पलटने से मजदूर की मौत



**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** चैनपुर थाना क्षेत्र के बम्हनी गांव में ट्रैक्टर पलटने से एक मजदूर की मौत हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार राम प्रसाद रौतिया के ट्रैक्टर में गोपाल रौतिया का 19 वर्षीय पुत्र उमेश रौतिया मजदूरी का काम करता था। मंगलवार को बम्हनी शंख नदी से ट्रैक्टर बालू उठाने गया था बालू लोड कर लौटने के दौरान ट्रैक्टर के पलट जाने से मजदूर उमेश रौतिया की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने ट्रैक्टर को जप्त कर लिया है वहीं चालक घटनास्थल से फरार हो गया है। घटना के बाद परिजन घटनास्थल पर पहुंच गए हैं परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वही बताते चलें कि क्षेत्र में अंधाधुंध अवैध रूप से बालू का कारोबार किया जा रहा है। प्रत्येक दिन सैकड़ो ट्रैक्टर बालू की अवैध कारोबार की जा रही है। बता दें कि कई ट्रैक्टर चालक है जिनका ड्राइविंग लाइसेंस भी नहीं है। बिना ड्राइविंग लाइसेंस व बिना कागजाद के ट्रैक्टर से ही अवैध बालू का कारोबार जोरों से फल फूल रहा है। अवैध बालू कारोबार के कारण कई गरीब मजदूरों की जान जा रही है। आज भी अवैध बालू लोड कर बेचने का काम किया जा रहा था इस दौरान दुर्घटना में 19 वर्षीय गरीब मजदूर कि जान चली गयी।

## कुएं में गिरने से महिला की मौत



**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के चापाटोली तेन्दटोली गांव के पिलइ उरांव की 35 वर्षीय पत्नी बचन देवी घर के समीप कुएं में पानी भरने के दौरान कुआं में गिर गयी जिससे उसकी मौत हो गयी। घटना की सूचना स्थानीय मुखिया रामप्रसाद बड़ाईक को ग्रामीणों के द्वारा दी गयी। जिसके उपरांत बिशुनपुर थाना प्रभारी को सूचित करते हुए गांव पहुंचे, जहां उन्होंने परिजनों को ढांढस बांध मौके पर पहुंचे बिशुनपुर पुलिस ने शव का पंचनामा उपरांत पोस्टमार्टम के लिए सदर गुमला गुमला भेजा। घटना के संबंध में बताया जाता है मृतिका मंगलवार दोपहर 3:00 बजे के आसपास वह पानी भरने के लिए घर के सामने कुआं में गयी पैर फिसला वह कुएं में जागीर उसे वक्त घर में सिर्फ बच्चे थे। जब वह बचाव बचाव चलने लगी तो बच्चे अगल-बगल के लोगों को बुलाया और उसे निकालने के लिए ग्रामीण युक्त कुएं में दौड़े परंतु तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

## पांच लाख के इनामी उग्रवादी रंथु उरांव के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार



**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** गुमला से नक्सलियों की सफाई में एक बार फिर पुलिस जुट गयी है मंगलवार को थाना प्रभारी उदेश्वर पाल और एसआइ कामू पासवान इसी के तहत 5 लाख के इनामी हार्डकोर उग्रवादी रंथु उरांव के गुमला थाना अंतर्गत कुल्ही गांव स्थित उसके घर पहुंच कर पहुंचकर उसके घर के दीवाल में कोर्ट द्वारा निर्गत इश्तेहार चिपकाते हुए परिजनों से कहा कि वे सरेंडर करायें। पुलिस ने परिजनों को बताया कि शांति का रास्ता ही जीवन में सुख और समृद्धि ला सकता है। थाना प्रभारी उदेश्वर पाल ने बताया कि रंथु उरांव बिशुनपुर थाना के कांड संख्या 26/19 का अभियुक्त है पुलिस लगातार उसे ढूंढ रही है परंतु पुलिस के पकड़ से बाहर है आज उसके गांव कूल्ही पहुंच कर घर में कोर्ट द्वारा निर्गत इश्तिहार चिपकाते हुए। निर्धारित समय पर न्यायालय में उपस्थित होने की बात कही गई है उपस्थित नहीं होने की स्थिति में कोर्ट के आदेश उपरांत घर की कुर्की जपती की कार्रवाई की जायेगी।

### निपुण समागम के तहत जिला शिक्षा विभाग ने लगाया टीएलएम मेला

# एक सौ शिक्षकों ने प्रदर्शित किये अध्यापन के मॉडल

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गुमला।** झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के निर्देशानुसार जिला शिक्षा विभाग द्वारा निपुण समागम 2024 का आयोजन करते हुए नगर भवन गुमला में टीएलएम मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप से उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी उपस्थित थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में उप विकास आयुक्त गुमला, दिलेश्वर महतो, तथा अपर समाहर्ता शशिंद्र बड़ाइक, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, आरती कुमारी, जिला कल्याण पदाधिकारी आलोक रंजन उपस्थित थे।

अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन करते हुए कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया तथा जिला शिक्षा पदाधिकारी नूर आलम खां द्वारा स्वागत भाषण देते हुए कार्यक्रम की जानकारी दी गयी। जिले के चयनित 100 शिक्षकों के द्वारा केजी से कक्षा तीन तक के बच्चो के बीच भाषा और गणित के साथ खेल खेल में पढ़ाई के लिए पिछले चार दिन तक कार्यशाला कर मॉडल बनाये गये थे, जिसके प्रदर्शन के लिए प्रखंडवार स्टाल लगाया गया था ।

उपायुक्त तथा अन्य विशिष्ट अतिथियों द्वारा प्रखंडवार स्टॉल का भ्रमण किया गया। इस मौके पर उपायुक्त द्वारा कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा गया कि ऐसे गतिविधियों का निरंतर आयोजन किया जाना चाहिए। इस टीएलएम मेले से चयनित मॉडल को राज्य स्तरीय निपुण समागम में भेजा जायेगा तथा सभी लोग 4 से 6 जुलाई तक राज्य स्तरीय कार्यक्रम में भाग लेंगे। गुमला से कुमार सुंदरम भारद्वाज तथा शिक्षिका सोनाली त्रिपाठी द्वारा मंच संचालन किया गया। इस मेले में रोबो रेस तथा रोबो फाइट गतिविधियों का भी प्रदर्शन किया गया। इस मेले में शहरी क्षेत्र के विद्यालयों के बच्चों द्वारा भाग लिया गया।

कार्यक्रम में एडीपीओ पियूष कुमार के साथ सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी आदित्य राज ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में चयनित 100 शिक्षकों के साथ सभी प्रखंड से प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, बिआरपी, सीआरपी आदि मौजूद थे।

## मंदिर तक रास्ता नहीं मिलने पर ग्रामीणों ने की सड़क जाम

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**सिसई।** प्रखंड क्षेत्र के पोटरो गांव में स्थित प्राचीन बुढ़ा महादेव मंदिर तक पहुंच पथ नहीं देने को लेकर आस पास के गांव के ग्रामीण मंगलवार को गोलबंद होकर निमार्णाधीन एन एच बाईपास रोड को किया जाम।

पोटरो, सकरौली, भदौली व कुम्बाटोली गांव के सैकड़ों लोग मंगलवार की सुबह साढ़े नौ बजे सड़क निर्माण करा रहे आर के डी कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा महादेव मंदिर तक आने जाने वाले सड़क को बंद कर देने के विरुद्ध में सड़क पर उतर कर जाम कर दिया। स्थानीय लोगों का कहना था की बाईपास रोड बनने के समय कंपनी द्वारा जो मैप दिखाया गया था उसमें मंदिर और बस पड़ाव तक पहुंच पथ का नक्शा दिया गया था, इस पर शुरूआत में काम भी चालू किया गया था, बाद में अचानक इसे बंद कर दिया गया। सड़क से कुछ दुरी पर प्राचीन व एतिहासिक बुढ़ा महादेव मंदिर है जहां गांव सहित विभिन्न क्षेत्रों के श्रद्धालु प्रति दिन पुजा पाठ करने जाते हैं। बाईपास रोड बनने से पहले मंदिर तक आने जाने का रास्ता था, जिसे बंद कर दिया गया। उस वक्त ग्रामीणों की शिकायत पर कंपनी के अधिकारी व कर्मीयों ने मंदिर तक पहुंच पथ बनाने की बात कहकर नक्शा भी दिखाया गया था। अब जब बाईपास रोड लगभग बन गया तो मंदिर तक के लिए रास्ता नही बनाया जा रहा है। साथ ही बस पड़ाव तक जाने के लिए गांव वालों को रास्ता नही दिया जा रहा है। वहीं आगामी 15 जुलाई को उक्त महादेव मंदिर में भगवान नन्दी का प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन रखा गया है, किन्तु आर के डी कंस्ट्रक्शन कंपनी के रवैए से आस पास के गांव के ग्रामीणों में भारी रोष देखने को मिल रहा है।

जाम की सूचना पर सिसई पुलिस जाम स्थल पहुंची और ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया। उपायुक्त व बीडीओ को आवेदन देकर समस्या से अवगत कराने की बात पर ग्रामीणों ने सुबह करीब साढ़े दस बजे सड़क जाम हटाया और उपायुक्त, बीडीओ व सीओ को ज्ञापन सौंपकर समस्या का निदान करने और मंदिर व बस पड़ाव तक पहुंच पथ बनवाने की मांग की है। इस मौके पर धनेश्वर साहू, रामविलास साहु, शिवपूजन साहु, ओम प्रकाश साहु, संदीप साहु, अजीत साहु, कुंदन साहु, सोनू साहु, मुकेश श्रीवास्तव, पंकज कुमार साहु, इंदु देवी, रीता देवी, रिंकी देवी, जानकी देवी, सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## भाजपा ने मनाया काला दिवस



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** 25 जून को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने गुमला के बिरसा मुंडा एग्रो पार्क में काला दिवस मनाया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बाल संरक्षण आयोग की पूर्व अध्यक्ष आरती कुजूर उपस्थित थीं।

आरती कुजूर ने 25 जून 1975 को कांग्रेस द्वारा लगाये गये आपातकाल को याद करते हुए कहा कि इस दिन कांग्रेस ने संविधान का गला घोंटा था और देश में आपातकाल लागू कर आमजन और मीडिया पर कहर ढाया था। उन्होंने इस दिन को इतिहास का काला अध्याय बताया और कहा कि भाजपा इसे काला दिवस के रूप में मना रही है ताकि उस समय की तानाशाही को भुलाया न जा सके। आरती कुजूर ने कांग्रेस पर भाजपा पर संविधान बदलने का झूठा आरोप लगाया और कहा कि संविधान निमार्ता बाबा भीमराव अंबेडकर के बनाए संविधान का अपमान कांग्रेस ने किया है।

पूर्व विधायक कमलेश उरांव ने भी कांग्रेस की आलोचना करते हुए कहा कि कांग्रेस को आत्ममंथन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा हमेशा संवैधानिक दायित्वों का पालन करती है और कांग्रेस ने ही संविधान का गला घोंटने का काम किया है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बालू के भंडारण का होगा निरीक्षण : डीसी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**सिमडेगा।** सिमडेगा उपायुक्त अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की समीक्षात्मक बैठक हुई।

बैठक में अवैध पत्थर खनन, क्रशर, बालू उठाव एवं अन्य अवैध खनन से संबंधित मामलों की समीक्षा की गयी। उपायुक्त ने अवैध खनन के प्रति की गयी कार्रवाई की जानकारी ली। खनन पदाधिकारी ने बताया कि मई एवं जून माह में 6 लोगों पर अवैध खनन के मामले में एफआइआर दर्ज कर कार्रवाई की गयी है। उपायुक्त ने जिला खनन पदाधिकारी को अवैध खनन, परिवहन, भंडारण करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया। बालू के स्टॉकिस्टों के भंडारण व उनके लाइसेंस के आधार पर स्टॉक का निरीक्षण करने का निर्देश दिया। साथ ही सभी अंचलाधिकारी को अपने क्षेत्र में अवैध बालू उठाव की लगातार छापामारी करने एवं पकड़े जाने पर कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया क्योंकि बालू उठाव पर एनजीटी ने 15 अक्टूबर तक बालू उठाव पर रोक लगायी है। मौके पर पुलिस अधीक्षक महोदय सौरभ कुमार, अपर समाहर्ता ज्ञानेन्द्र, अनुमंडल पदाधिकारी सुमन तिर्की, खनन पदाधिकारी, जिला जन-संपर्क पदाधिकारी, अंचलाधिकारी उपस्थित थे।

## फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन, 17 टीमों ने लिया भाग

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गुमला।** संत इग्नासियुस उच्च विद्यालय के जुबली स्टेडियम में सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल प्रतियोगिता के प्रखण्ड स्तरीय मुकाबलों का भव्य शुभारंभ हुआ। द्रोणाचार्य अवार्ड से सम्मानित कोच वीणा केरकेट्टा और रिजवान अली ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर टूर्नामेंट का विधिवत उद्घाटन किया। उन्होंने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि गुमला जिले की खेल नगरी के तौर पर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पहचान रही है। ऐसे में इस प्रतिष्ठा को भविष्य में भी बनाए रखने की जिम्मेवारी आप नौनिहालों की है, इसलिए खेल को खेल भावना से खेलें।

टूर्नामेंट में 17 टीमों ने हिस्सा लिया। अंडर 17 बालक वर्ग में संत इग्नासियुस उच्च विद्यालय, गुमला ने अरमई उच्च विद्यालय को 5-0 से, संत पात्रिक उच्च विद्यालय ने खोरा उच्च विद्यालय को 4-0 से और स्कूल ऑफ एक्सीलेंस एसएस प्लस टू गुमला ने मुरकुंडा उच्च विद्यालय को 2-0 से हराया।

अंडर 17 बालिका वर्ग में, संत पात्रिक उच्च विद्यालय (एसटीसी) ने उसुर्लाइन गुमला को 2-0 से, जबकि संत पात्रिक उच्च विद्यालय बी टीम ने स्कूल ऑफ एक्सीलेंस एसएस प्लस टू गुमला को 2-0 से हराया।

अंडर 15 बालक वर्ग में, लुथेरान उच्च विद्यालय ने संत इग्नासियुस उच्च विद्यालय बी टीम को पेनाल्टी में 2-0 से, संत इग्नासियुस उच्च विद्यालय ए टीम ने स्कूल ऑफ एक्सीलेंस एसएस प्लस टू को 6-0 से, और संत पात्रिक उच्च विद्यालय ने लुथेरान उच्च विद्यालय को 3-0 से हराया।

बीपीओ ओम प्रकाश दास और सोनाली त्रिपाठी ने लाइव कमेंट्री से दर्शकों को बांधे रखा। ब्रजेश आनंद, दीपज्योति गोप, संजय कुमार शर्मा, कमल उराँव, बालकृष्ण, प्रदीप राम, विकास कुमार और स्वास्थ्य विभाग के चंदन मिश्रा व प्रेम सागर जायसवाल ने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## किसान हमारे देश के अन्नदाता होते हैं : बसंती डुंगडुंग



**बसिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के खटखुरा कैंपस में मंगलवार को धान बीज का वितरण का शुभारंभ जिला परिषद सदस्य बसंती डुंगडुंग के द्वारा किया गया। इस दौरान जिला परिषद सदस्य बसंती डूंगडूंग के द्वारा किसानों के बीच धान के बीज का भी वितरण किया गया। मौके पर बसंती डूंगडूंग ने कहा कि किसान हमारे देश के अन्नदाता होते हैं, सरकार के द्वारा लैंपस के माध्यम से किसानों को धान के बीज का वितरण अनुदान में दिया जाता है जिससे हमारे किसानों को काफी मदद मिलती है। सभी किसानों को सरकार द्वारा देय सुविधाओं का लाभ उठाना चाहिए। इस मौके पर लैम्पस अध्यक्ष जेम्स गुड़िया सचिव चुनेशवर दास, नारायण चिक बडाईक, तेजू साहू, देवंती देवी, बिरसू सिंह, शंकर गोप एवं किसान मौजूद थे।

## संत जोसेफ कॉलेज में प्रतिभा सम्मान समारोह




**बसिया (आजाद सिपाही)।** संतजोसेफ इंटर कॉलेज कोनबीर नवाटोली में मंगलवार को फ्रेसर्स डे सह प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमे मुख्य अतिथि संत जोसेफ उच्च विद्यालय कोनबीर नवाटोली के प्रधानाचार्य ब्रदर प्रकाश पूर्ति एवम विशिष्ट अतिथि सिस्टर मुक्ता उपस्थित थे।कार्यक्रम के आरंभ में अतिथियो द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया।मंच का संचालन ब्रदर सुशील टोप्पो ने किया।कार्यक्रम में नवनामांकित छात्रों का स्वागत किया गया।साथ ही 12वी कक्षा के जिला टॉपर एवम कॉलेज के तीनों संकाय के टॉप 5 छात्र छात्राओं को मोमेंटो एवम प्रस्सति पत्र देकर सम्मानित किया गया।मौके पर ब्रदर सुशील टोप्पो ने छात्र छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की साथ ही नव आगंतुक छात्र छात्राओं को मेहनत कर पढ़ाई करने की सलाह दी।साथ ही अच्छी सफलता के कई गुर बताए।मौके पर कॉलेज के शिक्षक अब छात्र छात्राए उपस्थित थे।

## झानद का चेतावनी धरना आज

**गुमला (आजाद सिपाही)।** झारखंड नवनिर्माण दल गुमला द्वारा 26 जून 2024 को होनेवाली चेतावनी धरना कार्यक्रम की तैयारी पूरी कर ली गयी है। मनरेगा योजना में गड़बड़ी, मजदूरों का शोषण रोकने, किसानों को अविलंब धान, बीज, खाद, इत्यादि सामग्री देने, अवैध बॉक्साइट बालू पत्थर की चोरी पर कार्रवाई, महिला उत्पीड़न पर रोक लगाने तथा सहारा इंडिया, बेड़ो बैंक, साईं प्रकाश, इत्यादि विभिन्न ननबैंकिंग कंपनियों में लोगों के खून पसीने की कमाई का जमा पैसा की जल्द भुगतान जैसे सात सूत्रीय मांगों को लेकर धरना कार्यक्रम आयोजित की जा रही है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह तथा प्रगतिशील मनरेगा मजदूर यूनियन के केंद्रीय प्रभारी नील जस्टिन बेक शामिल होंगे।

## बरसात से पूर्व कुआं खुदाई पूरी करें : बीडीओ



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय परिसर के सभागार में मंगलवार को बीडीओ दिनेश कुमार ने कर्मियों के साथ बैठक किया। बैठक में मनरेगा से आम बागवानी और कूप निर्माण योजना को लेकर समीक्षात्मक बैठक की। इस क्रम में बीडीओ दिनेश कुमार ने कहा कि बरसात से पूर्व कूप निर्माण का कार्य को पूरा करने के लिए प्रयास करें। इसके साथ ही नए आम बागवानी लगाने को लेकर जल्द से जल्द कागजी प्रक्रिया पूरा करें। क्योंकि जल्द ही बरसात शुरू हो जाएगी। बागवानी का कार्य को शुरू कराए। ताकि जल्द से जल्द पौधा मांगाना सुनिश्चित किया जा सके।मौके पर बीपीओ बेबी कुमारी सहित कई पंचायत सेवक रोजगार सेवक वाकई कर्मी उपस्थित थे।

## खतरनाक पेड़ों को चिह्नित कर हटाने की मांग

**गुमला (आजाद सिपाही)।** चेंबर ऑफ कॉमर्स गुमला के पूर्व अध्यक्ष सह लायंस क्लब ऑफ गुमला ग्रेटर के सचिव हिमांशु केशरी ने प्रेस के माध्यम से जिला प्रशासन से मांग की है की जिला मुख्यालय में सडक किनारे काफी पेड़ जिसकी टहनी सुख गयी है या फिर वो गिरने की कगार पर हैं तो यथाशीघ्र वैसे वृक्षों को चिन्हित कर हटवा लिया जाये ताकी किसी भी व्यक्ति की जान माल की उससे हानि न होने पाये। अब बरसात की मौसम शुरू होने वाली है बारिश में इसका ज्यादा डर बना रहता है, कारण की पूर्व में भी इस तरह की घटना शहरी क्षेत्र में घट चुकी है। समय रहते हुए यदि वैसे वृक्ष जो गिरने की कगार पर हैं या जिनकी टहनीयां सुखकर झुक चुकी है या फिर जो बिजली के पॉल या तारों में सटे हुए हैं। साथ ही नगरपरिषद गुमला से सभी नालियों की समुचित सफाई की भी मांग की है जिससे नाली जाम न रहे और बरसात का पानी आसानी से निकल जाए सड़कों या गलियों पर जमा न हो।

## सात महीने बाद जिंदा लौटा जारी का मजदूर



**गुमला (आजाद सिपाही)।** जारी प्रखंड मुख्यालय निवासी रामेश्वर महतो जिंदा हो कर अचानक गांव लौट गया। रामेश्वर गांव क्या लौटा परिवार में खुशी की लहर दौड़ गयी। अब हैरान कर देने वाली बात यह है कि रामेश्वर जिंदा हो कर लौट कैसे गया? तो इसकी पूरी कहानी कुछ यूं है कि अलबर्ट एक्का प्रखंड जारी गाँव का रामेश्वर गांव के ही एक व्यक्ति के साथ दिसम्बर 2023 मे अपने भाई के पास ट्रेन से गोवा जा रहा था। लेकिन बीच रास्ते मे ही वह ट्रेन से गिर गया। इसकी जानकारी साथ में जा रहे व्यक्ति ने परिजनों व गांव वालों को दी थी। इसके बाद परिजन अपने स्तर से रामेश्वर की काफी खोजबीन की। लेकिन रामेश्वर का कुछ अता पता नही चला। तब से रामेश्वर महतो लापता हो गया।और जारी गाँव के लोगों ने उसे मृत मान लिया। इसके बाद ग्रामीणों के बीच तरह तरह की चर्चा होने लगी। पूरे गांव ने यह समझ लिया कि रामेश्वर मर गया। ग्रामीण परिवार को दाह संस्कार के लिए भी दबाव बनाने लगे। लेकिन कहीं न कहीं परिजनों को आस थी कि वह मरा नही है। इसलिए दाह संस्कार करने से परिजन इन्कार करते रहे। दिन सोमवार समय सुबह 11 बजे बिटू नामक बस अपने समय पर जारी पहुंची। बस से यात्री उतरने लगे। लेकिन गांव वालों की आंखें तो उस समय फटी रह गयी जब मजदूर रामेश्वर इस बस से उतरा। ग्रामीण ताजुब से उसे देखने लगे। पहले तो लोगों को विश्वास ही नहीं हुआ कि रामेश्वर जिंदा हो सकता है। लेकिन धीरे धीरे लोगों ने रमेश्वर महतो के आस पास झुंड लगा दी। रामेश्वर ने अपनी दास्तान सुनायी। मुझे ट्रेन मे अच्छा नही लगने लगा तो ट्रेन से नीचे कुद गया। जिससे मेरा सिर फट गया। जिसके कारण कुछ देरी तक मैं बेहोश रहा। जब होश आया तो इधर उधर गांव खोजने लगा।

# इमरजेंसी के विरोध में पलामू भाजपा ने मनाया काला दिवस

आजाद सिपाही संवाददाता




**मेदिनीनगर।** 25 जून 1975 में देश की तत्कालीन प्रधानमंत्री रहीं स्व. इंदिरा गांधी की ओर से लगाई गयी। इमरजेंसी के विरोध में शनिवार को पलामू भाजपा नेताओं ने काला दिवस के रूप से मनाया तथा इस पर भाजपा जिला कार्यालय पलामू में संगोष्ठी आयोजित की गयी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता पलामू जिला अध्यक्ष अमित तिवारी ने किया जबकि संचालन जिला उपाध्यक्ष रीना किशोर ने किया। इमरजेंसी के दौरान मेदिनीनगर के एक मीसा बंदि प्रोफेसर केके मिश्रा को किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष जवाहर पासवान ने कहा कि आपातकाल इस देश में आजादी की दूसरी लड़ाई की तरह था। सत्ता पर काबिज रहने के लिए देश में आपातकाल लगाया गया। मीडिया पर शिकंजा कसा गया। इंदिरा गांधी के खिलाफ एक लाइन भी लिखी जाती तो उसे हटवा दिया जाता या पत्रकारों को जेल में डाल दिया जाता।

पलामू जिला अध्यक्ष अमित तिवारी ने कहा कि 25 जून 1975 की रात में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने देश में आपातकाल लागू कर दिया था। यह भारतीय राजनीतिक इतिहास का काला अध्याय था। कहा कि हाईकोर्ट की ओर से इंदिरा गांधी के खिलाफ दिया गया फैसला इस आपातकाल की सबसे अहम वजह थी जिसमें इंदिरा गांधी को चुनाव जीतने के लिए सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग का दोषी पाया गया था। कांग्रेस के शासन काल में अराजकता, भ्रष्टाचार, कुशासन से जनता त्राहि-त्राहि कर रही थी। जनता का मूड कांग्रेस सरकार के विपरीत था। ऐसे में सत्ता से बेदखल होने के डर से तत्कालीन प्रधानमंत्री ने आपातकाल लागू किया। आपातकाल के बाद इंदिरा हटाओ देश बचाओ का नारा बुलंद हुआ। प्रोफेसर केके मिश्रा ने कहा कि अहंकार में डूबी, निरंकुश कांग्रेस सरकार ने एक परिवार के सत्ता सुख के लिए 21 महीनों तक देश में सभी प्रकार के नागरिक अधिकार निलंबित कर दिए थे। इस दौरान उन्होंने मीडिया पर सेंसरशिप लगा दी थी, संविधान में बदलाव किए और न्यायालय तक के हाथ बाँध दिए थे। आपातकाल के खिलाफ संसद से सड़क तक आंदोलन करने वाले असंख्य सत्याग्रहियों, समाजसेवियों, श्रमिकों, किसानों, युवाओं व महिलाओं के संघर्ष को नमन करता हूं। वरिष्ठ भाजपा नेता श्याम नारायण दुबे ने कहा कि तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने देश में लोकतंत्र की हत्या करते हुए देश में आपातकाल लगाया और विरोधी दलों के लोगों पर अमानवीय अत्याचार किए इस अवधि के दौरान, जो लोग आज भारतीय लोकतंत्र के संरक्षक होने का दावा करते हैं, उन्होंने संवैधानिक मूल्यों की रक्षा में उठने वाली आवाजों को दबाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। उन्होंने कहा कि आज हम देश के उन महान नायकों के बलिदान को याद करते हैं जो आपातकाल के दौरान बहादुरी से लोकतंत्र के संरक्षक के रूप में खड़े रहे। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र उपाध्याय ने किया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व सांसद मनोज कुमार, परशुराम ओझा, नरेंद्र पांडे, विभाकर नारायण पांडे, अजय तिवारी, उदय शुक्ला, दुर्गा जौहरी, अंलेश्वर दुबे, नगर निगम की प्रथम महापौर अरूणा शंकर, मंगल सिंह, रूपा सिंह, ज्योति पांडे, जितेंद्र तिवारी, सीटू गुप्ता, विजय ओझा, सुनील , सोमेश सिंह, प्रिय रंजन , मनदीप प्रजापति एवं काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# मातेश्वरी जगदंबा सरस्वती का 59वां पुण्य स्मृति दिवस संपन्न



पुण्य स्मृति दिवस पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते ब्रह्माकुमारीज संगठन के लोग

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, सद्भावना भवन जपला में मातेश्वरी जगदंबा सरस्वती की 59वीं पुण्य स्मृति दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत पुष्प अर्पण से हुई। वहीं मौजूद सेवाकेंद्र संचालिका ब्रह्माकुमारी प्रियंका बहन ने कहा कि सरस्वती मम्मा ब्रह्माकुमारीज संगठन की पहली प्रशासनिक प्रमुख (1950-65) भी थीं। हमारी यज्ञ माता का जीवन कितना प्रेरणादायक, सदाचारी, सेवाभावी और सरल था, यह उन लोगों से जानिये जो वास्तव में उनके साथ रहे और उनकी आध्यात्मिक अवस्था के साक्षी बने।

बीके नीरज ने कहा कि मातेश्वरी जगदंबा पूरे विश्व की मां थी। वह पूरे विश्व को अपना समझती थी। उन्होंने सिर्फ उपदेश नहीं दिये बल्कि हर कर्म का प्रयोग करके सिखाया। उन्होंने खुद आदर्श प्रस्तुत कर दूसरों के लिए प्रेरणा पेश की। यही कारण रहा कि वह मम्मा के रूप में जानी गयी और पूरे विश्व के लिए वह एक आदर्श बनी। उनके व्यक्तित्व और कृतित्व हम सभी के लिए प्रेरणादायक है। ब्रह्मा कुमारी वंदना ने कहा कि मम्मा से सभी को मां की भावना आती थी। मम्मा सभी को दिल से स्नेह करती थी, क्रोध उनमें नाम मात्र का नहीं था। मानव ही नहीं सभी प्राणियों के प्रति उनके हृदय में प्रेम, स्नेह और वात्सल्य था। मौके पर बी.के. पूनम, धीरज, बी.के. मनोज भगत, रेखा बहन, वंदना बहन, रितिका, अखिलेश, कृष्ण प्रसाद, आनंद किशोर, डॉक्टर गया, कुसुम माता, शोभा देवी और सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## लोस चुनाव में बेहतर करने वाले बीएलओ व पर्यवेक्षक को किया गया सम्मानित



बीएलओ को सम्मानित करते बीडीओ

विश्रामपुर (पलामू) (आजाद सिपाही) । विश्रामपुर प्रखंड के सभागार में सोमवार को एक सादे समारोह के दौरान लोस चुनाव में बेहतर करने वाले बीएलओ व पर्यवेक्षक को सम्मानित किया गया। प्रभारी बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद ने उन्हे प्रशस्ति पत्र व मोमेंटो दे कर सम्मानित किया। उत्कृष्ठ कार्य करने वाली बूथ संख्या 194 की बीएलओ प्रियंका देवी व पर्वेक्षक राजस्व उप निरीक्षक विजय कुमार चौबे को विशेष सम्मान दिया गया। बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद ने कहा कि यह सम्मान आगे और भी बेहतर करने की प्रेरणा देगा। इसके बाद बीडीओ ने बीएलओ के साथ एक बैठक भी किया। बीडीओ सह उप निर्वाचन पदाधिकारी चंद्रदेव प्रसाद ने 25 जून मंगलवार से प्रारम्भ होने वाली कार्ययोजना के बारे में जानकारी देते हुए निर्देशित किया कि सभी बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन करेंगे। पूर्व से ब्लैक एंड वाइट या स्पष्ट रुप से नहीं दिखाई देने वाले मतदाताओं का फोटो में बदलाव को ले रंगीन फोटो संग्रह करें। इसके अलावा उन्होंने लोकसभा आम चुनाव 2024 के दौरान 60% से कम मतदान वाले मतदान केन्द्रों पर कम मतदान होने का कारणों की समीक्षा की गयी। बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद ने बीएलओ को कई और भी जरूरी दिशा निर्देश दिया।

## डीएसओ के निर्देश पर पलामू के सभी प्रखंडों में मनाया गया चावल दिवस



मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। पलामू जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रीति किस्कू के निदेशानुसार मंगलवार को सभी प्रखंडो में चावल दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी के द्वारा अपने क्षेत्र में दुकानों का निरीक्षण किया गया तथा निर्धारित मात्रा और ससमय लाभुकों को राशन वितरण करने का निदेश दिया गया। बताते चलें कि वर्तमान में माह जून 2024 का एनएफएसए के तहत खाद्यान्न वितरण, माह अगस्त 2023 और सितम्बर 2023 का ग्रीन कार्डधारियों को चावल वितरण, माह अप्रैल 2024 का चना दाल तथा माह अक्टूबर 2023 से दिसम्बर 2023 तक के अवधि का चीनी तथा नमक का वितरण किया जा रहा है, साथ ही शेष बचे लाभुकों को सोना-सोबरन, धोती-साड़ी का वितरण भी किया जा रहा है। सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी के द्वारा जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं को समय पर दुकान खोलने, लाभुकों का अद्यतन सूची का प्रदर्शन करने,सुचना पट्ट लगाने सहित विभिन्न दिशा-निर्देश दिया गया। साथ ही आयुष्मान भारत योजना के तहत केवाईसी कराने के लिए सभी लाभुकों को प्रेरित करने तथा इसमें स्वास्थ्य सहिया एवं अन्य को सहयोग प्राप्त करने का भी निदेश दिया गया।

## एनडीए गठबंधन का हिस्सा बताकर क्षेत्र की जनता को दिग्भ्रमित ना करे एनसीपी: विनोद

आजाद सिपाही संवाददाता



भाजपा नेता विनोद सिंह

**हुसैनाबाद।** एनसीपी(अजित पवार) द्वारा झारखंड में एनडीए का हिस्सा बताकर एक से अधिक सीटों पर चुनाव लड़ने वाले बयान क्षेत्र की जनता को दिग्भ्रमित करने वाला है। उक्त बातें भाजपा के वरिष्ठ नेता विनोद कुमार सिंह ने मंगलवार को शहर के रिद्धि-सिद्धि होटल में प्रेस वार्ता कर कही। उन्होंने कहा कि भाजपा एक राष्ट्रीय पार्टी हैं।

बीते लोकसभा चुनाव के दौरान ही मेदिनीनगर में आयोजित जनसभा के दौरान देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी ने स्पष्ट शब्दों में कहा था कि झारखंड में मेरा गठबंधन मात्र आजसू पार्टी के साथ है, जहां पर हुसैनाबाद के विधायक और एनसीपी नेता भी मौजूद थे। इसके बाद भी प्रेस के माध्यम से इस तरह के गैर जिम्मेदाराना बयान देना उनकी खिसकती राजनीतिक जमीन को बचाने का प्रयास है। जहां तक गठबंधन की बात है, तो राष्टीय पार्टी के गठबंधन राज्य के आधार पर होती हैं और यह तय केंद्रीय नेतृत्व करता हैं। हमलोग तो सिर्फ एक साधारण कार्यकर्ता हैं। उन्होंने कहा कि विधायक द्वारा पहले अपने पुत्र को चुनाव लड़ाने की बात करना और अब स्वयं चुनाव लड़ने की घोषणा करना राजनीतिक हताशा का परिणाम है। भाजपा नेता ने कहा कि क्षेत्र की जनता भूलभुलैया में ना पड़े, यहां भाजपा चुनाव कमल फूल छाप सिंबल पर लड़ेगी। चुनाव कौन लड़ेगा यह तय करना केंद्रीय और प्रदेश के वरीय नेताओं का काम हैं।

## हज से वापस लौटे जेएमएम के नेता एजाज हुसैन, लोगों ने किया स्वागत

आजाद सिपाही संवाददाता



**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद के हरदिल अजीज जेएमएम के वरिष्ठ नेता एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान हज कर वापस हुसैनाबाद लौटे। बड़ेपुर मोड़ पर जेएमएम नेता सह जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टूटू सिंह समेत अन्य ने उन्हें फूल माला देकर स्वागत किया और आर्शीवाद लिया। हाजी एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान के आने की खबर सुन बड़ी संख्या में लोग उनके आवास के पास राजटोली मैदान में पहुंच गये। हाजी एजाज हुसैन के पहुंचते ही नारा ए तकबीर अल्लाह हो अकबर से क्षेत्र गूंज उठा। लोगों ने हाजी एजाज हुसैन उर्फ छेदी को फूल माला देकर उनका स्वागत किया व हज करने की मुबारकबाद दी। एजाज हुसैन उर्फ छेदी ने कहा कि अल्लाह का करम है वह सही सलामत हज कर वापस लौट गये। उन्होंने कहा कि क्षेत्र राज्य व देश की खुशहाली के लिए उन्होंने दुआ मांगी है। मौके पर आलोक कुमार सिंह, मसरूर अहमद, डा0 एजाज आलम, ग्यासुद्दीन सिद्दीकी,अशोक कश्यप, जाकिर अली उर्फ राज अली, हाजी अब्बास, डा अमीनुल हक अंसारी, सज्जू, अमीन खान, खुश्तर, कलीम, इस्लाम खान के अलावा सैकड़ों लोग शामिल थे।

## डीडीसी ने जिला जल और स्वच्छता समिति की बैठक की

मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। पलामू डीडीसी सह जिला जल और स्वच्छता समिति के नोडल पदाधिकारी रवि आनंद ने समाहरणालय के सभागार में मंगलवार को जल जीवन मिशन और स्वच्छ भारत मिशन टू अंतर्गत किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन टू अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु जिला में निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध प्रगति की जानकारी ली। इस दौरान ओडीएफ प्लस का सर्टिफिकेशन देने में गति लाने पर बल दिया गया। इसके अतिरिक्त व्यक्तिगत शौचालय निर्माण, गोबरधन, सामुदायिक स्वछता केंद्र, कचरा प्लास्टिक प्रबंधन सहित अन्य बिंदुओ पर विस्तार पूर्वक समीक्षा कर विभिन्न निर्णय लिया गया। मौके पर सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार, विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता शंभूनाथ चौधरी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ असीम कुमार, पेयजल व स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता पंचायती राज पदाधिकारी समिति अन्य उपस्थित रहे।

# केतात कला पंचायत में जल नल योजना पूरी तरह फेल, पेयजल के लिए तरस रहे लोग

**कागजों पर 90 प्रतिशत घरों में पानी पहुंचाने का दावा, धरातल पर 10 प्रतिशत घरों तक भी नहीं पहुंचा पानी**

आजाद सिपाही संवाददाता



लूट की कहानी बयां करता जलमिनार

**विश्रामपुर (पलामू)।** प्रधानमंत्री मोदी का हर घर पानी पहुंचाने का अति महत्वाकांक्षी जल नल योजना को सरकारी तंत्र ही फेल करने में लगा है। इतना ही नहीं सही आंकड़ा भी सरकार से छुपाया जा रहा है। इसकी बानगी विश्रामपुर प्रखंड का केतात कला पंचायत है। जहां जल नल योजना से पंचायत के दस प्रतिशत घरों में भी पानी नहीं पहुंचा है,वहां सरकार को भेजे गये आंकड़ों में 90 प्रतिशत घरों में पानी पहुंचाने का दावा किया गया है। धरातल पर बमुश्किल 20 घरों में भी पानी नहीं पहुंचा होगा,जबकि जल शक्ति के पोर्टल पर 447 घरों को जल नल योजना से लाभान्वित दिखाया जा रहा है। केतात कला पंचायत में जल नल योजना पूरी तरह फेल हो चुका है। धरातल पर इस योजना का कोई लाभ लोगों को नहीं मिल रहा। करोड़ों खर्च के बावजूद भी लोग पानी के लिए तरस रहे हैं। इसका मुख्य कारण ठेकेदार और विभागीय अधिकारियों का मिलीभगत है। इन दोनो के गठजोड़ ने जल नल योजना को लूट योजना में परिवर्तित कर दिया है। पंचायत समिति सदस्य रीना चौबे और सामाजिक कार्यकर्ता नवीन चौबे ने इस संबंध में पीएमओ को पत्र लिख कर जांचोपरांत कार्रवाई की मांग की है।

### जलमीनार अधिष्ठापन में घोर अनियमितता

केतात कला पंचायत में जल मीनार अधिस्थापन में भी घोर अनियमितता बरती गयी है। पंचायत के वार्ड नंबर 2 में त्रिपुरारी चौबे के घर के पास कंक्रीट का जलमिनार बनाया गया है। जिसकी लागत लगभग बीस लाख रुपये बताया जा रहा है। कंक्रीट से बने टंकी को ऊपर से ढका भी नही गया है। वार्ड नंबर नौ मे एजाजुल अहमद के घर के पास कामता गांव में लगभग 4 माह पहले जलमीनार अधिष्ठापित किया गया है। जिसमे फटा हुआ टंकी लगाया गया है। ग्रामीणों के शिकायत के बावजूद भी उसे बदला नहीं गया। फलस्वरूप यह दोनो जलमीन सिर्फ अस्तित्व का बोध मात्र करा रहा है। नवीन चौबे ने बताया कि अगर ईमानदारी से इस योजना की जांच हो, तो लाखों रुपये के गबन का मामला प्रकाश में आयेगा। इधर इस बाबत पूछे जाने पर प्रभारी बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद ने कहा कि मामला संज्ञान में आया है। अग्रतर कार्रवाई के लिए संबंधित विभाग को लिखा जायेगा।

**कार्यालय नगर पंचायत, खूँटी**

ज्ञापांक 1025 खूँटी, दिनांक 25.06.2024

**आम सूचना**

एतद् द्वारा आम नागरिकों को सूचित किया जाता है, कि खूँटी नगर पंचायत क्षेत्रान्तर्गत जितने भी नये भवनों का निर्माण किया जा रहा है, उन भवनों में सैप्टिक टैंक का निर्माण निर्धारित मानक के अन्तर्गत किया जाना अति आवश्यक है। भवनों में निर्मित निर्माणाधीन सैप्टिक टैंक IS2470 एवं बिल्डिंग प्लान अप्रूवल के प्रावधानों के आधार पर निर्माण किया जाना है। निदेशित मानक पर सैप्टिक टैंक का निर्माण नहीं होने पर जाचाँपरांत उचित कार्रवाई की जा सकती है।

ह0/–
प्रशासक,
नगर पंचायत, खूँटी।

PR.NO.327656 Urban Development(24-25):D

**जिला मत्स्य कार्यालय, लातेहार।**

**मत्स्य जीवी सहयोग समिति/सदस्यों के लिए आम सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (मत्स्य प्रभाग) झारखण्ड, रांची के स्वीकृति आदेश संख्या 07 रा0(वि0) दिनांक 19.06.2024 के आलोक में लातेहार जिले के अन्तर्गत कार्यरत प्रखण्ड / जलाशय स्तरीय मत्स्य जीवी सहयोग समिति लि0 / उनके सदस्य को अनुदान पर मछली विपणन एवं मछली परिवहन कार्य के लिए चार पहिया भार वाहक वैन के उपलब्ध कराने हेतु दिनांक 15.07.2024 तक आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

| क्र0 सं0 | समग्री का नाम | विभागीय अनुदान | भौतिक लक्ष्य | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | मछली परिवहन हेतु चार पहिया भार वाहक वैन | 60% (अधिकतम 3.60 लाख रू0 होगा शेष राशि लाभुक को स्वयं वहन करना होगा) | 01 | |

उपरोक्त योजना के लिए मत्स्य जीवी सहयोग समिति लि0 / उनके सदस्यों /महिला समूह /उनके सदस्यों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। आवेदन पत्र जिला मत्स्य कार्यालय में निःशुल्क उपलब्ध है। मत्स्य लाभुकों / विकेताओं का चयन निम्न आधार पर किया जायेगा–

1. लाभुक द्वारा कम से कम मो0 6.00 लाख रू0 का भार वाहक वैन खरीदने का आवेदन दिया जायेगा। लाभुक अपने इच्छा अनुसार चार पहिया भार वाहक वैन क्रय कर सकते हैं।
2. आवेदक / आवेदक समिति मछली के विपणन कार्य अथवा मछली के बीज का परिवहन करती हो (विपणन कार्य से संबंधित प्रमाण संलग्न करना अनिवार्य होगा)।
3. आवेदक / आवेदक समिति अपना अंशदान लगाने में सक्षम हो।
4. आवेदक मत्स्य जीवी सहयोग समिति का सदस्य हो। जिले के मत्स्य प्रसार पदाधिकारी /पर्यवेक्षक द्वारा लिखित रूप में प्रतिवेदन किया जाएगा, कि आवेदक मत्स्य बिक्री अथवा थोक व्यापार से जुड़ा है।
5. दिव्यांग होने की स्थिति में आवेदक को असैनिक शल्य चिकित्सक द्वारा निर्गत दिव्यांगता का प्रमाण पत्र हो।
6. वाहन का निबंधन कराने एवं निर्धारित कर / शुल्क जमा करने की जिम्मेवारी लाभुक की होगी। निबंधन अथवा नगरपालिका का कर आदि का भुगतान लाभुक द्वारा किया जायेगा।

जिला मत्स्य पदाधिकारी
लातेहार।

PR 327589 Fish(24-25)D

**JHARKHAND STATE SPORTS PROMOTION SOCIETY**
**(A CCL- State Govt. of Jharkhand Joint Initiative)**
**C/o Mega Sports Complex, Khelgaon, Hotwar,**
**Ranchi- 835217, Registration under Society Act No.519**
**Registration under GST No. 20AACAJ6436C1Z9**
**OUR MISSION- OLYMPIC GOLD, Contact no.: 0651 2543320**

No:- CEO/LMC/JSSPS/24-25/254 Date:- 20/06/2024

**निविदा सूचना**

**Notice Inviting Tender, NIT 01 of 2024-25**

1. Tenders are invited on-line under two part system on the website https://jharkhandtenders.gov.in from the eligible bidders having Digital Signature Certificate (DSC) issued from any agency authorized by Controller of Certifying Authority (CCA), Govt. of India and which can be traced up to the chain of trust to the Root Certificate of CCA, for the following work:

| Description of work | Location | Estimated Cost of Work (Including GST) (In Rs.) | Earnest Money (In Rs.) | Period of Completion (In Days) |
|---|---|---|---|---|
| AMC for Housekeeping works at Mega Sports Complex, Hotwar, Ranchi for two years under JSSPS. | Mega Sports Complex,JSSPS, Khelgaon, Ranchi | 6,97,85,679.43 | 8,72,500.00 | 730 days |

*The bid documents will be available on the website(s) **https://jharkhandtenders.gov.in** and **www.centralcoalfields.in** and can be downloaded by the bidder up to the bid download end date. There is no Application Fee.*

**(i). For Site visit of location of work, the prospective bidder(s) may contact Sri Vikas Kumar, Sr. Overseer(Civil), JSSPS, Mobile No.:-7004838366**

| Tender inviting authority | Contact Person(s)/Tender Dealing Officer(s) |
|---|---|
| Member (Civil) , LMC, JSSPS, 8092466706 | Sr. Overseer (Civil) , LMC, JSSPS, 7004838366 |

**2. Time Schedule of Tender:**

| Sl. No | Particulars | Date | Time |
|---|---|---|---|
| a. | Tender e-Publication date | 28.06.2024 | 18.00 Hours |
| b. | Document download start date | 29.06.2024 | 10.00 Hours |
| c. | Document download end date | 15.07.2024 | 17.00 Hours |
| d. | Bid Submission start date | 29.06.2024 | 10.00 Hours |
| e. | Bid submission end date | 15.07.2024 | 17.00 Hours |
| f. | Start date for seeking Clarification on-line | 29.06.2024 | 10.00 Hours |
| g. | Last date for seeking Clarification on-line | 08.07.2024 | 17.00 Hours |
| h. | Date of Pre-bid meeting (if any) | NA | NA |
| i. | Technical Bid (Cover I) opening date | 16.07.2024 | 17.00 Hours |
| j. | Price Bid (Cover II) opening date | To be notified later | ---------- |

Sd/-
Member (Civil), LMC, JSSPS

PR 327574 Art Culture Sports and Youth Affairs(24-25)#D

### आपातकाल के 50 वर्ष पूरे होने पर भाजपा ने मनाया काला दिवस, किया सेमिनार का आयोजन

# आज संविधान की बात करने वाली कांग्रेस की इंदिरा गांधी ने कुचला था संविधान : विरंची नारायण

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गिरिडीह।** तत्कालिन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के द्वारा लगाये आपातकाल के 50 वर्ष पूरे होने पर मंगलवार को भाजपा ने काला दिवस के रूप मनाते हुए सेमिनार का आयोजन किया। जिसमें बोकारो विधायक विरंची नारायण, भाजपा जिला अध्यक्ष महादेव दुबे, जिला परिषद अध्यक्ष मुनिया देवी, पूर्व विधायक निर्भय शाहाबादी, भाजपा नेता सुरेश साहू, दिनेश यादव, नेता दिलीप वर्मा, चुन्नुकांत समेत कई नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए। इस दौरान नेताओं और कार्यकर्ता ने अपने बांह में काला पट्टी बांधकर आपातकाल का विरोध जताया।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बोकारो विधायक सह सचेतक विरंची नारायण ने कहा कि इंदिरा सरकार ने 50 साल पहले जो आपातकाल लगाया था। उसकी टिस आज भी युवा महसूस करते हैं। उस वक्त देश के सभी विपक्षी नेताओं को जेल में बंद कर यातनाएं दी गयी थी। कहा कि आपातकाल लगाने वाली कांग्रेस आज संविधान की दुहाई दे रही है। जबकि कांग्रेस की इंदिरा गांधी ने ही आपातकाल लागू कर इसी संविधान को कुचला था। कहा कि पहले तो कांग्रेस नेताओ को देश से माफी मांगना चाहिए। जिसकी हिम्मत आज तक कांग्रेस नही जुटा पाई है। सेमिनार को जिला अध्यक्ष महादेव दुबे, जिला परिषद अध्यक्ष मुनिया देवी, पूर्व विधायक निर्भय शाहाबादी, भाजपा नेता सुरेश साहू, दिनेश यादव, नेता दिलीप वर्मा, चुन्नुकांत समेत कई नेताओं ने संबोधित करते हुए अपने विचारों को व्यक्त किया। वहीं जिला महामंत्री संदीप डंगाईच ने कार्यक्रम का संचालन किया। सेमिनार में हरमिंदर सिंह बग्गा, प्रकाश सेठ, मोती लाल, देवमाथ राणा, शालिनी वैशखिरयार, प्रो विनिता, ज्योति शर्मा समेत कई नेता व कार्यकर्ता शामिल हुए।

## डीवीसी ने पंचेत डैम पर रियल टाइम डेटा अधिग्रहण प्रणाली को लेकर जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया



एग्यारकुंड (आजाद सिपाही )। डीवीसी ने राष्ट्रीय जल विज्ञान परियोजना के तहत 83 टेलीमेट्री साईट्स पर रियल टाइम डेटा अधिग्रहण प्रणाली (आरटीडीएक्स) लगाया है। इस प्रणाली को लेकर डीवीसी ने पंचेत डैम में जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में वरीय प्रबंधक (सिविल) सूरज कुमार ने आरटीडीएक्स मशीन और एडब्ल्यूएलआर, एएनएस एवं एआरजी के कार्य सिद्धांत के संबंध में विस्तार से लोगों को बताया। उन्होंने बताया कि ये मशीनें मौसम के बारे में तापमान, वर्षा, जलस्तर, वाष्पीकरण, आर्द्रता, सौर विकिरण, वायु गति, दिशा आदि को सही समय पर सही जानकारी देते हैं। कहा कि ये मशीनें या प्रणालियां राष्ट्रीय संपति है और इन्हें सुरक्षित रखना हमारा कर्तव्य है। इनसे छेड़छाड़ नहीं करना चाहिए। मौके पर डीवीसी पचेत परियोजना प्रमुख आर आर शर्मा, डीजीएम मानिक पांडेय, वरीय प्रबंधक नागसुधा कुमारी, आलोक बनर्जी, निलेश एक्का, केदारनाथ दत्ता सहित दर्जनों डीवीसी कर्मी एवं स्थानीय लोग उपस्थित थे।

## जमसं के बैनर तले जीतपुर कोलियरी चालू कराने को ठेका मजदूरों ने शुरू किया आंदोलन



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** सेल कंपनी के बंद जीतपुर कोलियरी में उत्पादन कार्य चालु करने सहित अन्य मांगों को लेकर मंगलवार को जनता मजदूर संघ के बैनर तले ठेका मजदूरों ने कोलियरी के मुख्य गेट पर दो दिवसीय विरोध प्रदर्शन शुरू किया। मजदूरों का नेतृत्व संघ के शाखा सचिव टोकनाथ तिवारी एवं अध्यक्ष रवींद्र गोप ने किया। प्रदर्शन के दौरान मजदूरों ने जमकर प्रबंधन विरोधी नारे लगाते हुए कोलियरी कि बंदी के लिए अधिकारियों को जिम्मेवार ठहराया। तिवारी ने कहा कि खदान में चाल से पानी का रिसाव हो रहा है। प्रबंधन और डीजीएमएस के अधिकारी साजिश रचकर खदान को हमेशा के लिए बंद करना चाह रही है। प्रबंधन कि गलत मंशा साफ दिख रही है तभी तो मजदूरों का पीएफ कि कटौती को बंद किया गया है ठेका मजदूरों को आवास खाली करने को लेकर नोटिश दिया जा रहा है।

100 वर्ष पुरानी सेल के एकमात्र जीतपुर कोलियरी को अधिकारियों के साजिश के चलते डीजीएमएस और सिंफर द्वारा पानी रिसाव कि जांच के आड़ में जानबूझकर खदान को चालू कराने कि दिशा में टालमटोल कर रही है। उन्होंने कहा कि खदान में कोयला उत्पादन बंद होने से सैकड़ों ठेका मजदूरों के परिवार के समक्ष भुखमरी कि समस्या आ खड़ी हो गयी है। कई ठेका मजदूर के बच्चे आर्थिक अभाव में स्कूल में पठन पाठन बंद हो गया है। स्थानीय दुकानदारो कि व्यवसाई भी चरमरा गयी है। प्रबंधन को सैकड़ों परिवार के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने कि छूट किसी कीमत पर नहीं दिया जायेगा। शाखा अध्यक्ष रवींद्र गोप ने चेतावनी दिया कि प्रबंधन ने अगर जीतपुर कोलियरी को चालू करने कि दिशा में पहल नहीं किया तो दो दिन बाद मजदूर भूख हड़ताल पर जाने को बाध्य होगे। मोके पर दुर्गा चरण महतो, विनय पांडये, प्यारे लाल नौनिया, दिनेश कुमार, अनिल यादव, प्रकाश बर्मा, शंकर महतो, विकाश कुमार महतो, दीपक कुमार सिंह ,शिव कुमार तिवारी आदि थे।

## अमरेश सिंह ने जर्जर सड़क को दुरुस्त करने के लिए नगर निगम आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**धनबाद।** मंगलवार को लुबी सर्कुलर रोड स्थित धनबाद नगर निगम आयुक्त रवि राज शर्मा के कार्यालय में वरिष्ठ भाजपा नेता अमरेश सिंह के नेतृत्व में खरिकाबाद प्रामाणिक बस्ती के निवासियों ने क्षेत्र में मुख्य सड़क का निर्माण और पानी उपलब्धता के लिए मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। जिसमें नगर आयुक्त ने प्राथमिकता से जल्द से जल्द टेंडर प्रक्रिया में भेजने का आश्वासन दिया। मौके पर अमरेश सिंह ने बताया की खारिकाबाद प्रमाणिक बस्ती के लोगों ने पिछले लोकसभा के चुनाव में धनबाद में आयोजित जनसभाओं और क्षेत्र भ्रमण के दौरान उनके आग्रह पर एवं खरिकाबाद प्रमाणिक बस्ती की जर्जर सड़क, पानी और अन्य समस्याओं को शीघ्र संज्ञान में लेकर संबंधित विभाग से वार्ता कर समाधान करने का वादा किया था जिससे प्रभावित होकर वहां के निवासियों ने भाजपा के पक्ष में बढ़-चढ़कर मतदान किया था। अब किए गये सारे वादाओं को पूरा करने के मद्देनजर आज नगर आयुक्त से फरीदाबाद प्रमाणिक बस्ती क्षेत्र की 4 किलोमीटर जर्जर सड़क का निर्माण हेतु ज्ञापन सोपा गया है। खरिकाबाद प्रमाणिक बस्ती से भूली जाने वाली इस रोड में आउटसोर्सिंग की भारी भरकम गाड़ियां चलती है जिससे रोड काफी जर्जर और खतरनाक हो चुका है। इस सड़क में छोटी वाहनों के साथ-साथ बच्चे, महिलाएं और बुजुर्गों का चलना मुश्किल हो गया है जो काफी गंभीर मुद्दा है। वार्ता के पश्चात नगर निगम आयुक्त का आश्वासन मिला है कि जल्द ही इस दिशा में कारगर कदम उठाकर सड़क निर्माण कार्य शुरू किया जायेगा। भाजपा नेता अमरेश सिंह के नेतृत्व में खारिकाबाद बस्ती के प्रतिनिधि मंडल में कमल किशोर, मनोज प्रामाणिक अश्विनी प्रामाणिक, बिभाष प्रामाणिक, कृष्णा यादव, लखन भुइयां, बजरंगी कुमार उपस्थित थे।

## मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए जागरूकता रैली का आयोजन




**धनबाद (आजाद सिपाही)।** मादक पदार्थों के दुरुपयोग के विरुद्ध जागरूकता को लेकर समाज कल्याण विभाग के द्वारा जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जिसमे स्कूली बच्चों ने साइकिल से इस रैली में हिस्सा लिया। जागरूकता रैली को जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अनिता कुजूर एवं डीपीएम जेएसएलपीएस शैलेश रंजन द्वारा हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया। यह जागरूकता रैली सिटी सेंटर से शुरू हो कर रणधीर वर्मा चौक तक गयी। रैली के समापन पर सभी ने नशा के खिलाफ शपथ भी लिया। कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अनिता कुजूर ने मादक पदार्थों के दुरुपयोग से बचने के लिए समाज से अपील की। उन्होंने कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है, इसका सेवन किसी भी प्रकार से हितकारी नहीं है। नशा शरीर में रोगों और आपराधिक गतिविधियों की जड़ है। नशे का सेवन करने वाला व्यक्ति समाज में अपना मान-सम्मान खो देता है। लोगों के साथ परिवार और समाज के विकास में नशा सबसे बड़ी रुकावट है। नशा एक अभिशाप है, जो दिन प्रति दिन समाज में धुएं की तरह फैलती जा रही है। नशे के कारण लोग हिंसा, शोषण, दुर्घटना आदि के शिकार हो रहे है। नशा एक सामाजिक समस्या है जो दीमक की तरह परिवार, समाज और देश को विनाश की ओर ले जा रहा है। नशा के कारण लोगों की शारीरिक, मानसिक, सामाजिक और आर्थिक स्थिति खराब हो जाती है। मौके पर जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, डीपीएम जेएसएलपीएस, पुलिस पदाधिकारी समेत अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहें।

### थापरनगर स्टेशन पर यात्री सुविधाओं व द्रुतगामी ट्रेनों के ठहराव के लिए

# राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ने स्टेशन पर दिया एक दिवसीय धरना

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**एग्यारकुंड।** मंगलवार को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष उमेश गोस्वामी के नेतृत्व में आसनसोल मंडल के थापरनगर स्टेशन पर यात्रि सुविधा और द्रुतगामी ट्रेनों के ठहराव को लेकर एक दिवशीय धरना दिया गया। धरना दो घंटे तक चला ततपश्चात आसनसोल मंडल रेल प्रबंधक के नाम थापरनगर स्टेशन मास्टर को ज्ञापन सौपा गया। धरनास्थल पर राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष उमेश गोस्वामी ने कहा कि स्टेशन पर यात्री सुविधाओं का घोर अभाव है। बिजली, पानी, सड़क, शौचालय की समुचित ब्यवस्था नहीं है। इतना ही नही अप एंड डाउन प्लेटफॉर्म आमने सामने नही है। दोनों प्लेटफॉर्म दो छोर पर हैं। अप प्लेटफॉर्म पूरब दिशा में है तो दूसरा डाउन प्लेटफॉर्म पश्चिम दिशा में। आने जाने का रास्ता रेलवे ट्रैक से है। लोग जान जोखिम में डाल एक प्लेटफॉर्म से दूसरे प्लेटफॉर्म पर जाते हैं। उन्होंने कहा कि थापरनगर स्टेशन 14 कोलियरी,स्कूल कॉलेज, पालीटेक्निक, पुलिस थाना व ओपी, तीन तीन प्रखंड और मैथन थर्मल पावर, और दामोदर वेली कॉर्पोरेशन, बैंकों के अलावा छोटे बड़े कल कारखाने से घिरा हुआ है। यंहा बिहार, झारखंड, उत्तरप्रदेस, पंजाब, दिल्ली के लोग ब्यवसाय से जुड़े हैं, बहुत लोग नोकरी पैसे में हैं। आने जाने के लिये स्टेशन पर दूरगामी ट्रेनों का ठहराव नहीं है। द्रुतगामी ट्रेनों को पकड़ने के लिये यंहा के लोंगों को 30 किलो मीटर पूरब आसनसोल या 30 किलो मीटर पश्चिम धनबाद जाना पड़ता है। मानसिक व आर्थिक क्षति उठानी पड़ती है।

गोस्वामी ने कहा कि दुखद बात तो यह है कि जो भी दो चार ट्रेनें गोमो धनबाद से आसनसोल बर्दमान तक चलती है उसमें मेमू ट्रेनों का किराया एक्सप्रेस का लिया जाता है। उन्होंने अन्य सुविधाओं के साथ शक्तिपुंज, मौर्य, पाटलिपुत्र, कोलफील्ड, ब्लेक डाउन, देहरादून, जम्मूतवी, के साथ धनबाद पटना इन्टरसिटी के ठहराव की मांग किया है। उन्होंने रेलवे के वरीय अधिकारियों पर थापरनगर स्टेशन के साथ भेदभाव करने का आरोप लगाया है। गोस्वामी ने कहा कि अगस्त माह तक उक्त समस्याओं के निराकरण में सार्थक पहल की जाये अन्यथा बाध्य होकर आंदोलन को बाध्य होना पड़ेगा जिसकी जबाबदेही रेलवे की होगी। मंडल रेल प्रबंधक आसनसोल को प्रेषित ज्ञापन की छायाप्रति महाप्रबंधक दक्षिण पूर्व रेलवे कोलकाता, सचिव रेल मंत्रालय भारत सरकार, राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी नयी दिल्ली, प्रदेश अध्यक्ष सह विधायक हुसैनाबाद को प्रेषित किया है।

# बच्चियों के बीच बांटी जायेंगी निःशुल्क साइकिल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**धनबाद।** पाठशाला जो विगत कई वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र में अपना योगदान दे रही है ने बच्चियों के स्वावलंबन और उन्हें पढ़ाई में बाधा ना हो इसके लिये मिशन बेटियों की उड़ान प्रारंभ किया है। इस मिशन के अंतर्गत कक्षा 5 से लेकर 12वीं तक की बच्चियों को निःशुल्क साइकिल वितरण करने की योजना है। इस मिशन का प्रारंभ पाठशाला एजुकेशनल ट्रस्ट के संस्थापक देव कुमार वर्मा की माताजी मधु देवी द्वारा आज भागाबस्ती शाखा में कक्षा 5 की नित्या और नैना को साइकिल और नये कपड़े देकर प्रारंभ किया गया।




बताते चले की पाठशाला पिछले 10 वर्षों में अब तक लगभग 1500 से ज्यादा बच्चों को कक्षा एक से लेकर इंजीनियरिंग तक की पढ़ाई का खर्चा वहन कर चुकी है। साथ पाठशाला के कई बच्चों ने दसवीं के सीबीएसई और 12वीं के सीबीएसई परीक्षा में परचम लहराया है। पाठशाला की जिन बच्चों ने 10वीं और 12वीं में अच्छे अंक आए हैं उसमें ओमआदित्य, अनिकेत, आशीष, श्रुति, रिया आदि सम्मिलित। पाठशाला के प्रधानाचार्य नीलकंठ महतो ने बताया कि आने वाले 10 दिनों के अंदर 50 बच्चियों को साइकिल वितरण करने की योजना की गयी है जिसमें कुल लागत करीब 3 लाख रुपये की होगी इसके लिए आम जनों से भी सहयोग मांगा गया है। इस योजना को सफलता पूर्वक संचालन के लिए विद्यालय ने के सभी शिक्षक शिवकुमार शर्मा, सुनील सरकार, प्रिया और विजय का योगदान है। मिशन बेटियों की उड़ान की प्रेरणा पाठशाला एजुकेशनल ट्रस्ट की अध्यक्षा और बीआईटी सिंदरी में असिस्टेंट प्रोफेसर डॉक्टर प्रियंका कुमारी की सोच का एक प्रतिबिंब है।

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, रॉंची

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

पत्रांकः–दिनांक–

ई–निविदा संख्याः–26/2023-24/RWD /EE/RANCHI

| क्रम सं0 | आईडेन्टी फिकेषन संख्या/ पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राषि (रूपये में) अंक में | प्राक्कलित राषि (रूपये में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की तिथि/ अवधि | टेण्डर कॉल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/RANCHI/ 48/ 2023-24 | फुटकल टोली ग्राम के विभिन्न गलियों में दशरथ मुण्डा के घर से नसीम अंसारी के घर तक पथ निर्माण कार्य। (ल0–1.480 किमी0) | 1,69,79,900 .00 | एक करोड़ उनहतर लाख उन्यासी हजार नौ सौ मात्र। | 9 माह | प्रथम |
| 2 | RWD/RANCHI/ 49/ 2023-24 | नयासराय पी0डब्लू0डी0 रोड से नयासराय कुटे गाँव के विभिन्न गलियों भाया फैजुल इस्लाम मदरसा गोदरेज फैक्ट्री तक पथ निमार्ण कार्य। (ल0–1.600 कि0मी0) | 1,64,63,600 .00 | एक करोड़ चौंसठ लाख तिरसठ हजार छः सौ मात्र। | 9 माह | प्रथम |
| 3 | RWD/RANCHI/ 50/ 2023-24 | मुख्य पथ कनजिया इमली पेड़ से स्कूल टांगरा तक पथ निर्माण कार्य। (ल0–2.300 कि0मी0) | 2,27,63,600 .00 | दो करोड़ सताईस लाख तिरसठ हजार छः सौ मात्र। | 12 माह | प्रथम |
| 4 | RWD/RANCHI/ 51/ 2023-24 | माण्डर बाजारटांड़ से करगे तक प थ निर्माण कार्य। (ल0–2.885 कि0मी0) | 3,36,95,500 .00 | तीन करोड़ छत्तीस लाख पन्चानबे हजार पाँच सौ मात्र। | 12 माह | प्रथम |
| 5 | RWD/RANCHI/ 52/ 2023-24 | नयासराय रेलवे फाटक मुख्य पथ से मठटोली तालाब तक पथ निर्माण कार्य। (ल0–1.132 कि0मी0) | 1,30,11,800 .00 | एक करोड़ तीस लाख ग्यारह हजार आठ सौ मात्र। | 9 माह | प्रथम |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथिः–27.06.2024
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः–18.07.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समयः–20.07.2024 अपराह्न 3.30 बजे।
4. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, रॉंची।
5. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 0651–2360137

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमण्डल, रॉंची

PR 327645 REO(24-25)D

## हजारीबाग नगर निगम, हजारीबाग

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं॰ 05 / 2024–25

**Head :- Urban Transport, Civic Amenities**

| Group No. | Name of work | Estimated Cost (Rs.) | Earnest Money (Rs.) | Cost of BOQ (Rs.) | Completion period for construction |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Construction of R.C.C Drain from Govt. School to H/o Dilip Ram via Ravidas Mohallah in Ward No. 35 Under Municipal Corporation, Hazaribag | 9,96,000/- | 20,000/- | 5,900/- | 30 Days |
| 2. | Construction of R.C.C Drain from H/o Veena Kumari to H/o Ramchandra Garay in Ward No. 12 Under Municipal Corporation, Hazaribag | 4,50,000/- | 10,000/- | 5,900/- | 30 Days |
| 3. | Construction of P.C.C road and R.C.C Drain in Basanti Gali in Ward No. 28 Under Municipal Corporation, Hazaribag | 9,95,000/- | 20,000/- | 5,900/- | 30 Days |
| 4. | Construction of R.C.C Drain from HDFC Bank to C.K. Marble in Ward No. 26 Under Municipal Corporation, Hazaribag | 9,00,000/- | 18,000/- | 5,900/- | 30 Days |
| 5. | Beautification of Canary Samshan Ghat Under Municipal Corporation, Hazaribag | 8,49,500/- | 18,000/- | 5,900/- | 30 Days |
| 6. | Construction of P.C.C road from H/o Anupam Sinha to H/o Yaswant Singh via H/o Balram Ji in Ward No. 05 Under Municipal Corporation, Hazaribag | 9,10,600/- | 20,000/- | 5,900/- | 30 Days |

| | | |
|---|---|---|
| 1. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान तिथि एवं समय | : | नगर निगम कार्यालय, हजारीबाग दिनांक 10.07.2024 से लेकर 11.07.2024 को 11.00 बजे पूर्वाह्न से 2.00 बजे अपराह्न तक |
| 2. निविदा प्राप्ति का स्थान तिथि एवं समय | : | नगर निगम, हजारीबाग दिनांक 12.07.2024 को 11.00 बजे पूर्वाह्न से 2.00 बजे अपराह्न तक |
| 3. निविदा खोलने का स्थान तिथि एवं समय | : | नगर निगम, हजारीबाग दिनांक 13.07.2024 को 2.00 बजे अपराह्न से अंतिम निविदा खुलने तक |
| 4. विज्ञापनदाता का पदनाम | : | नगर आयुक्त–सह–प्रशासक, नगर निगम, हजारीबाग। |

नोट :– निविदा से संबंधित शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालय अवधि में नगर निगम कार्यालय में देखा जा सकता है।

ह०/–
नगर आयुक्त–सह–प्रशासक
नगर निगम, हजारीबाग

PR 327651 Urban Development and Housing(24-25).D

## जिला अभियंता का कार्यालय जिला परिषद, खूँटी

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

ई॰ टेन्डर रिफरेन्स नम्बर – **DOPR/DE/KHUNTI/02/2024-25**

| क्र. | प्रखण्ड | कार्य का नाम | प्रा॰ राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | मुरहू | खूँटी जिला के मुरहू प्रखण्ड अन्तर्गत पंचायत कुंजला के ग्राम इट्ठे स्कूल के पास सामुदायिक शौचालय निर्माण कार्य। | 14,11,150.00 | 28500.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 2 | मुरहू | खूँटी जिला के मुरहू प्रखण्ड अन्तर्गत राँची चाईबासा मुरहू मेन रोड से शफीक खान के किराना दुकान से मस्जिद जाने वाली गली जेशान का लोहा दुकान तक नाली निर्माण 1000 फीट ढक्कन सहित। | 18,65,700.00 | 37500.00 | 5000.00 | 3 माह |
| 3 | रनियाँ | प्रखण्ड रनियाँ अन्तर्गत पंचायत सोदे के ग्राम सोदे बाजार टांड से सोदे कुम्हार टोली पुल तक 1000 फीट रोड के दोनों तरफ ढक्कन सहित पक्की नाली निर्माण। | 19,37,800.00 | 39000.00 | 5000.00 | 3 माह |
| 4 | तोरपा | तोरपा प्रखण्ड के पंचायत कमड़ा में ग्राम सिरका टोली में धनी गुडिया के कूप से नाला तक पक्की नाली का निर्माण। | 7,88,900.00 | 16000.00 | 1250.00 | 3 माह |
| 5 | रनियाँ | रनियाँ प्रखण्ड के पंचायत तांबा में ग्राम सरबो बड़का टोली में हलन डांग के घर से लेकर जेम्स बरजो के घर तक 1500 फीट पक्की नाली का निर्माण कार्य। | 20,63,300.00 | 41500.00 | 5000.00 | 3 माह |
| 6 | अड़की | प्रखण्ड अड़की अन्तर्गत पंचायत सरगेया में ग्राम राउता में 200 फीट नाली एवं ढक्कन का निर्माण। | 2,25,300.00 | 5000.00 | 500.00 | 2 माह |
| 7 | अड़की | प्रखण्ड अड़की अन्तर्गत पंचायत सरगेया के ग्राम कोटा में हेट कोटा गाँव में इन्द्रो मुण्डा के घर से गोदे मछुवा के घर तक 500 फीट नाली का निर्माण। | 5,82,000.00 | 12000.00 | 1250.00 | 2 माह |

नोट :–
1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समयः– 28.06.2024 के अपराह्ण 05:00 बजे।
2. ई–निविदा डालने की अंतिम तिथिः– 13.07.2024 के अपराह्ण 05:00 बजे तक।
3. ई–निविदा की परिमाण विपत्र एवं अग्रधन की राशि ऑनलाईन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समयः– 13.07.2024 के अपराह्ण 05:00 बजे तक(e-Procurement Portal-jharkhandtenders.gov.in)
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समयः– 15.07.2024 अपराह्ण 04:00 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– जिला अभियंता, जिला परिषद, खूँटी।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं॰ – 9430752050
7. जिला परिषद, खूँटी के समुचित श्रेणी का निबंधन ही मान्य होगा।
8. प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है, तदनुरूप ही अग्रधन की राशि (ऑनलाईन) जमा करना होगा एवं इस संबंध में में कोई दावा मान्य नहीं होगा।
9. अधिक जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

ह०/–
जिला अभियंता,
जिला परिषद, खूँटी

PR 327641 District(24-25).D

### हीराकुंड बांध परियोजना से विस्थापित लोगों की मांग होगी पूरी

# राज्य के सभी सरकारी विभागों को कार्यालय के लिए मिलेगी जमीन

- ओड़िशा सरकार ने दिसंबर तक भूमि का पट्टा जारी करने की सुविधा देने का फैसला किया



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** ओड़िशा में अब सभी सरकारी विभागों को उनके खुद के स्थायी कार्यालय के लिए सरकार जमीन देगी। इसके लिए राज्य सरकार ने इस साल दिसंबर तक अपने सभी विभागों को भूमि पट्टे जारी करने की सुविधा देने का फैसला किया है। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री सुरेश पुजारी ने रविवार को पत्रकारों से बातचीत में यह जानकारी दी। मंत्री ने कहा कि विभागों को पट्टे जारी किए जायेंगे, ताकि वे किराये के मकानों में रहने के बजाय अपना भवन बना कर वहीं से काम कर सकें। उन्होंने कहा कि इस संबंध में उनके विभाग ने प्रक्रिया शुरू कर दी है।

राजस्व पट्टे जारी करने की पूरी प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने की बात कहते हुए उन्होंने कहा कि संबलपुर जिले में हीराकुंड बांध परियोजना से विस्थापित लोगों की लंबे समय से चली आ रही मांग भी पूरी की जायेगी। उन्होंने कहा कि सरकारी रिकॉर्ड में दर्ज विस्थापितों को स्थायी भूमि पट्टे जारी किये जायेंगे। इस प्रक्रिया में किसी भी तरह की अड़चन को दूर किया जायेगा और विस्थापितों को परेशान करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जायेगी। मंत्री ने आगे कहा कि सरकार प्राकृतिक आपदाओं के कारण लोगों के नुकसान को कम करने के लिए हर संभव कदम उठायेगी। उन्होंने कहा कि चूंकि हमारा राज्य चक्रवात और बाढ़ जैसी प्राकृतिक आपदाओं से ग्रस्त है, इसलिए हमें एक स्थायी प्रणाली तैयार करने की आवश्यकता है, जो आपदा-ग्रस्त क्षेत्रों में लोगों को होने वाले नुकसान को कम करने में मदद करेगी। उन्होंने कहा कि यदि आवश्यक हुआ, तो सरकार आपदा प्रबंधन पर नवीनतम तकनीक अपनायेगी और इस क्षेत्र के राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों की मदद लेगी।

# अगले महीने रूस का दौरा करेंगे मोदी, पुतिन के साथ होगी बैठक

एजेंसी

**मॉस्को।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगामी मॉस्को दौरे की भारत और रूस योजना बना रहे हैं। रॉयटर्स ने रूसी समाचार एजेंसी आरआइए के हवाले से मंगलवार को यह जानकारी दी। आरआइए के मुताबिक एक राजनयिक सूत्र ने संकेत दिया कि पीएम मोदी जुलाई में रूस का दौरा करने वाले हैं। क्रेमलिन ने इससे पहले मार्च में घोषणा की थी कि मोदी को रूस आने का निमंत्रण मिला है। सूत्र ने इस बात की भी पुष्टि की कि पीएम मोदी और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच एक बैठक होने वाली है। अगर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यह यात्रा होती है, तो यह 2019 के बाद से और यूक्रेन युद्ध की शुरुआत के बाद बाद उनकी पहली रूस यात्रा होगी। राष्ट्रपति पुतिन आखिरी बार वार्षिक भारत-रूस शिखर सम्मेलन के लिए 2021 में नई दिल्ली आए थे। बीते दो वर्षों से यह वार्षिक सम्मेलन आयोजित नहीं किया गया है। पीएम मोदी आखिरी बार 16 सितंबर 2022 को उज्बेकिस्तान के समरकंद में शंघाई सहयोग संगठन के शिखर सम्मेलन के मौके पर पुतिन से मिले थे, तब उन्होंने यूक्रेन युद्ध का समाधान निकालने के लिए बातचीत और कूटनीति का रास्ता अपनाने की सलाह दी थी।



# पोर्श एक्सीडेंट केस में नाबालिग को जमानत मिली

आजाद सिपाही संवाददाता

**पुणे।** पुणे पोर्श एक्सीडेंट केस में बॉम्बे हाइकोर्ट ने मंगलवार को आरोपी नाबालिग को जमानत दे दी है। साथ ही उसे बाल सुधार गृह से तुरंत रिहा करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने कहा कि हमें आरोपी के साथ वैसे ही पेश आना होगा, जैसे हम कानून का उल्लंघन करने वाले किसी और बच्चे के साथ पेश आते। फिर चाहे अपराध कितना भी गंभीर क्यों न हो। नाबालिग आरोपी ने 18-19 मई की रात पुणे के कल्याणी नगर इलाके में आइटी सेक्टर में काम करने वाले बाइक सवार युवक-युवती को टक्कर मारी थी, जिससे दोनों की मौत हो गयी। घटना के समय आरोपी नशे में था। वह 200 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से पोर्श स्पोर्ट्स कार चला रहा था। उसे 22 मई को बाल सुधार गृह भेजा गया था। बॉम्बे हाईकोर्ट ने यह आदेश आरोपी लड़के की आंटी की तरफ से दाखिल याचिका पर दिया। पिछले हफ्ते दाखिल की गयी इस याचिका में कहा गया था कि लड़के को गैरकानूनी तरीके से हिरासत में रखा गया है।




# कटक एससीबी में स्वास्थ्य मंत्री ने बेहतर सेवाएं देने की सलाह दी



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** कटक एससीबी में स्वास्थ्य मंत्री मुकेश महालिंग ने मरीजों को बेहतर सेवाएं देने और मरीजों के साथ अच्छा व्यवहार करें। डॉक्टरों की सुरक्षा और मरीजों का इलाज करना सरकार की जिम्मेदारी है। राज्य के नये स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि डॉक्टर और मरीजों के बीच कोई हस्तक्षेप नहीं कर सकता। हालांकि, स्वास्थ्य मंत्री के रूप में कार्यभार संभालने के बाद मुकेश महालिंग ने पहली बार कटक एससीबी मेडिकल का दौरा किया।

सबसे पहले प्रिंसपाल कार्यालय पहुंचने पर एससीबी चिकित्सा अधीक्षक और प्रिंसपाल ने स्वास्थ्य मंत्री का भव्य स्वागत किया। बाद में एससीबी अधीक्षक और प्रिंसपाल के साथ बैटरी गाड़ी से सर्जरी विभाग पहुंचे और रोगी देखभाल की समीक्षा की। साथ ही वह मरीजों से बात करते थे और चिकित्सा सुविधाओं के बारे में पूछते थे। बाद में उन्होंने मेडिकल जूनियर डॉक्टर्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित संबर्धना बैठक में भाग लिया और जूनियर डॉक्टरों के साथ विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। बाद में उन्होंने प्रिंसपाल कांफ्रेंस हाल में आयोजित बैठक में भाग लिया और विभिन्न गतिविधियों की समीक्षा की।

### मोहन यादव सरकार ने पेश की नजीर

# मंत्रियों का इनकम टैक्स अब नहीं भरेगी मध्यप्रदेश सरकार

- कैबिनेट ने 52 साल पुराना नियम बदला
- सरकार ने पांच साल में जमा किये 3.24 करोड़ रुपये



**शहीदों के माता-पिता को भी मिलेगी आर्थिक सहायता**

**कैबिनेट बैठक में यह भी फैसला किया गया कि केंद्रीय और राज्य की पैरामिलिट्री और फोर्स की सेवा में शहीद होने वाले अफसरों, कर्मचारियों की सरकार की ओर आर्थिक सहायता शहीद की पत्नी को दी जाती थी। सरकार ने तय किया है कि अब सहायता की 50 प्रतिशत राशि शहीद के माता-पिता को भी दी जायेगी।**

आजाद सिपाही संवाददाता

**भोपाल।** मध्य प्रदेश की मोहन यादव सरकार ने देश में एक नजीर पेश किया है। वहां की राज्य सरकार मंत्रियों का इनकम टैक्स अब जमा नहीं करेगी। इसका भुगतान अब मंत्री ही करेंगे। सरकार ने 1972 का नियम बदल दिया। मुख्यमंत्री मोहन यादव की कैबिनेट ने मंगलवार को यह फैसला किया है। बैठक में मुख्यमंत्री ने इसका सुझाव रखा, जिस पर सभी ने सहमति दी है। सरकार ने पिछले 5 साल में 3.24 करोड़ रुपये टैक्स जमा किया था। नगरीय विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने बताया, सीएम ने बैठक में कहा कि मंत्रियों को मिलने वाले भत्ते पर लगने वाला इनकम टैक्स राज्य सरकार देती है। इसमें सुधार किया जाना चाहिए। इसके बाद सभी ने सीएम के प्रस्ताव पर सहमति दी। इससे संबंधित अधिनियम समाप्त कर मंत्रियों के भत्ते पर लगने वाला इनकम टैक्स सरकार से जमा कराने की व्यवस्था खत्म करने को कहा है। इसके बाद अब मंत्री खुद इनकम टैक्स भरेंगे। मंत्री विजयवर्गीय ने कहा कि जेल सुधार में कैसे सुविधाएं बढ़ायी जायें और कैदियों को रोजगार से जोड़ा जाये। इस दिशा में सरकार विधानसभा में विधेयक लायेगी।




| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |


### ‘एक पेड़ मां के नाम’ अभियान शुरू

# डिप्टी सीएम ने पर्यटन भवन में लगाया पौधा

- ओड़िशा को हरित राज्य बनाने का आह्वान किया



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** पर्यावरण संरक्षण पर जोर देते हुए ‘एक पेड़ मां के नाम’ अभियान शुरू किया गया है। इसी कड़ी में उप मुख्यमंत्री एवं पर्यटन मंत्री प्रभाती परिडा ने पौधारोपण किया। उन्होंने भुवनेश्वर में पर्यटन भवन के परिसर में ‘बौल’ वृक्षों के पौधे लगाये और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उपमुख्यमंत्री श्रीमती परिडा ने मां को सम्मान और ओड़िशा को हरित राज्य बनाने को महत्व दिया है। उन्होंने राय व्यक्त की कि प्रदेश में हरियाली की जरूरत है। उन्होंने पर्यटन अधिकारियों को पूरे राज्य में इसे और अधिक बढ़ावा देने के लिए कदम उठाने का निर्देश दिया और इस अच्छे काम में सभी का सहयोग मांगा। इसके अलावा उपमुख्यमंत्री श्रीमती परिडा ने पांथनिवास का दौरा कर वहां पौधारोपण किया और विभिन्न अधिकारियों से पांथनिवास की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। कार्यक्रम में पर्यटन निदेशक सचिन रामचंद्र यादव, ओटीडीसी के महाप्रबंधक डॉ लालट्टेंदु साहू और अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# चांद के सबसे अंधेरे हिस्से से मिट्टी लाया चीन

- ऐसा करने वाला पहला देश बना
- 2030 तक इंसानों को चांद पर भेजने का लक्ष्य

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** चीन का मून मिशन चांद की सतह से मिट्टी लेकर धरती पर पहुंच गया है। इसी के साथ वह पहला देश बन गया है, जो चांद के अंधेरे हिस्से से सैंपल लाने में सफल रहा है। चीनी नेशनल स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन का चैंग'ई-6 लैंडर 53 दिन बाद कैप्सूल में सैंपल लेकर धरती पर लौटा है। चीन ने 3 मई को चैंग'ई-6 मिशन लॉन्च किया था। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक, इस प्रोब का लक्ष्य चांद के सबसे दूर वाले हिस्से (जहां अंधेरा होता है) पर जाकर सैंपल इकट्ठे करके इन्हें धरती पर भेजना था। चीन ने 2030 तक इंसान को चांद पर भेजने का लक्ष्य रखा है। यह मिशन भी उसी टारगेट का हिस्सा है। अभी तक चांद पर जा चुके सभी 10 लूनर मिशन पास वाले हिस्से (जो हमें दिखता है) पर ही पहुंचे हैं। इनमें भारत और अमेरिका भी शामिल हैं। ऐसे में चांद ने फार साइड से सैंपल लाकर स्पेस रेस में अमेरिका को कड़ी चुनौती दी है।

सीएनएन के मुताबिक, चैंग'ई-6 का री-एंट्री मॉड्यूल चीन के उत्तरी हिस्से में मंगलवार सुबह 11:30 बजे (भारतीय समय के मुताबिक) लैंड हुआ। इसके बाद एक सर्च टीम कुछ मिनटों के अंदर इस मॉड्यूल तक पहुंच गयी। चीन के वैज्ञानिकों ने मिशन के सफल होने की जानकारी दी।

चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने कहा है कि इस मिशन की सफलता चीन के सपने को सच करने में मील का पत्थर साबित होगी। इसके जरिए चीन स्पेस पावर बनने के और करीब पहुंच गया है। इंसानों को भेजने के अलावा चीन 2030 तक चांद के साउथ पोल पर एक रिसर्च बेस बनाना चाहता है।

**चांद की सतह से 2 किलो मिट्टी लाया चांद का मिशन**

दरअसल, अब तक की रिसर्च में संभावना जतायी गयी है कि चांद के इस हिस्से पर बर्फ के तौर पर पानी मौजूद है। अमेरिका भी चांद के इसी हिस्से पर अपना बेस बनाना चाहता है। रिपोर्ट के मुताबिक, चैंग'ई-6 मिशन अपने साथ चांद की सतह से 2 किलो मिट्टी लेकर लौटा है। चांद की सतह से सैंपल इकट्ठे करने के लिए ड्रिल और रोबोटिक आर्म का इस्तेमाल किया गया था।




# रेल मंत्रालय ने खुर्दा रोड पर रेलवे फ्लाइओवर बनाने की मंजूरी दी




आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** पूर्व तट रेलवे ने खोरधा रोड स्टेशन पर बढ़ती रेल आवाजाही और यातायात को देखते हुए एक महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा परियोजना को मंजूरी दी है। पूर्व तट रेलवे ने पहले हावड़ा-चेन्नई मुख्य लाइन और खुर्दा रोड-पुरी शाखा लाइन पर ट्रेन की आवाजाही को सुविधाजनक बनाने और ट्रेन की देरी को कम करने के लिए फ्लाईओवर के निर्माण का प्रस्ताव दिया था। भारतीय रेलवे की ऊर्जा गलियारा योजना के तहत लागू की जाने वाली यह परियोजना व्यस्त रेलवे खंडों पर ट्रेन संचालन की दक्षता और दक्षता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा।

प्रस्तावित फ्लाईओवर, जिसकी अनुमानित लागत 191.87 करोड़ रुपये है, उनका उद्देश्य विशेष रूप से पुरी से भुवनेश्वर तक जाने वाली ट्रेनों को लाइन से जोड़ने के लिए एक समर्पित बुनियादी ढांचे को जोड़ कर खुर्दा रोड स्टेशन पर ट्रेन यातायात समस्या का समाधान करना है। 7.41 किमी लंबे फ्लाईओवर का निर्माण उपलब्ध रेलवे भूमि के भीतर या परियोजना के सुचारू कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए भूमि अधिग्रहण की आवश्यकता को कम करते हुए किया जायेगा।

**परियोजना की मुख्य बातें**

**परियोजना लागत :** फ्लाईओवर का निर्माण 191.87 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत पर किया जायेगा।
**लंबाई :** फ्लाईओवर ब्रिज 7.41 किमी लंबा है।
**यात्री ट्रेन की आवाजाही को सुविधाजनक बनाना :** पुरी से भुवनेश्वर तक यात्रा करने वाली ट्रेनों की आवाजाही को सुविधाजनक बनाना।
**ऊर्जा गलियारा योजना :** यह निर्माण भारतीय रेलवे के ऊर्जा गलियारे का हिस्सा होगा। टिकाऊ और कुशल बुनियादी ढांचे को विकसित करने की प्रतिबद्धता प्रदर्शित करेगा।
**परिचालन दक्षता :** नया फ्लाईओवर हावड़ा-चेन्नई मुख्य लाइन और खुर्दा रोड-पुरी शाखा लाइन दोनों पर ट्रेनों की औसत गति और दक्षता में सुधार करेगा और क्रॉसिंग पर यातायात बाधाओं को खत्म करेगा।
**भीड़भाड़ से राहत :** मेन लाइन की ट्रेनों को अब खुर्दा रोड स्टेशन पर नहीं रोका जायेगा, जिससे इस व्यस्त जंक्शन पर आने वाली ट्रेनों की प्रतीक्षा अवधि काफी कम हो जायेगी।




आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
**संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**